प्रयागराज, सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022

पौष मास, कृष्ण पक्ष 4, वर्ष 11, अंक 233, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अंदर- अनुष्का-विराट की शादी को पूरे हुए 5 साल



अंदर- रामपुर में कमल खिलने के तीन बड़े कारण

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# देश को शॉर्टकट राजनीति नहीं, सतत विकास की जरूरत: पीएम मोदी

## नागपुर में मुफ्त की राजनीति पर पीएम मोदी का हमला कहा अर्थव्यवस्था तबाह करना चाहते हैं कुछ दल

**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार सुबह महाराष्ट्र के नागपुर पहुंचे। जहां उन्होंने 75 हजार करोड़ के विकास कार्यों की शुरूआत की। उन्होंने नागपुर मेट्रो के दूसरे चरण की आधारशिला रखी। इस दौरान पीएम ने मेट्रो का सफर भी किया। इसके अलावा नागपुर रेलवे स्टेशन पर नागपुर और बिलासपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। इस उद्घाटन समारोह के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे।

मेट्रो और वंदे भारत ट्रेन की सौगात देने के बाद पीएम मोदी ने नागपुर और शिरडी को जोड़ने वाले समृद्धि महामार्ग के पहले चरण का उद्घाटन किया और साथ ही साथ नागपुर के मिहान क्षेत्र में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को राष्ट्र को समर्पित किया। इससे पहले, पीएम मोदी ने नागपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन नागपुर और बिलासपुर के बीच चलेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने लगभग 590 करोड़ रुपये और 360 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किए जाने वाले नागपुर रेलवे स्टेशन और अजनी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला भी रखी।

इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए मुफ्त की राजनीति पर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि देश को सतत विकास की जरूरत है न कि शॉर्टकट राजनीति की। उन्होंने कुछ राजनीतिक दलों पर देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं आज भारत के हर युवा से आग्रह करूंगा, हर टैक्स पेयर से आग्रह करूंगा, ऐसे स्वार्थी राजनीतिक दलों और स्वार्थी राजनीतिक नेताओं का खुलासा कीजिए, जो आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया वाली कुनीति लेकर चल रहे हैं। वे इस देश को भीतर से खोखला कर देंगे।' उन्होंने अपने संबोधन में कहा आज महाराष्ट्र के विकास के लिए 11 सितारों के महान नक्षत्र का उदय हो रहा है। 75 साल के अमृत महोत्सव में 75 हजार करोड़ के विकास कार्यों के लिए महाराष्ट्र को और महाराष्ट्र की जनता को बहुत-बहुत बधाई।

उन्होंने राज्य सरकार के काम गिनाते हुए कहा आज का ये आयोजन इस बात का प्रमाण है कि डबल इंजन की सरकार महाराष्ट्र में कितनी तेज गति से काम कर रही है। समृद्धि महामार्ग से मुंबई और नागपुर के बीच की दूरी तो कम होगी ही साथ ही ये महाराष्ट्र के 24 जिलों को आधुनिक कनेक्टिविटी से जोड़ रहा है। उन्होंने संपूर्ण देश के विकास के लिए राज्यों के विकास को महत्वपूर्ण बताया है। पीएम मोदी ने कहा आजादी के अमृत काल में देश विकसित भारत के विराट संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत के निर्माण का रास्ता है भारत की सामूहिक ताकत।

विकसित भारत के निर्माण का मंत्र है राष्ट्र के विकास के लिए राज्य का विकास। उन्होंने सरकार की नई अप्रोच पर काम करने की बात कही है। उन्होंने कहा बीते 8 वर्षों में हमने सोच और अप्रोच दोनों बदली है। हम सबका साथ सबका विश्वास और सबका प्रयास पर बल दे रहे हैं। मैं जब सबका प्रयास कहता हूं तो इसमें हर देशवासी और राज्य शामिल है। छोटा-बड़ा सबका सामर्थ्य बढ़ेगा तब भारत विकसित बनेगा। पीएम मोदी ने मुफ्त की राजनीति पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने देश के युवाओं से आग्रह किया है कि वह ऐसे नेताओं का खुलासा करें जो कुनीति का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैं आज भारत के हर युवा से आग्रह करूंगा हर टैक्स पेयर से आग्रह करूंगा ऐसे स्वार्थी राजनीतिक दलों और स्वार्थी राजनीतिक नेताओं का खुलासा कीजिए जो आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया वाली कुनीति लेकर चल रहे हैं। वे इस देश को भीतर से खोखला कर देंगे। पीएम मोदी ने अपने भाषण में यह भी कहा शॉर्ट-कट से कोई देश चल नहीं सकता देश की प्रगति के लिए स्थाई विकास स्थाई समाधान के लिए काम करना जरूरी है।



### आयोजन

**महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ को दी वंदे भारत ट्रेन की सौगात, भारत के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे समृद्धि महामार्ग के पहले चरण का किया उद्घाटन, महाराष्ट्र को दिया 75000 करोड़ की सौगात, बोले- महाराष्ट्र में तेज गति से काम कर रही डबल इंजन की सरकार**




## जब ढोल बजते देख पीएम भी खुद को नहीं रोक सके



पीएम मोदी ने रविवार को नागपुर मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया और फ्रीडम पार्क से खपरी तक मेट्रो की सवारी करने के लिए एक टिकट खरीदा। पीएम मोदी ने 6700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित होने वाली रेल परियोजना के दूसरे चरण की आधारशिला भी रखी। इस दौरान पीएम मोदी का ढोल बजाकर जोरदार स्वागत किया गया। ढोल बजते देख पीएम भी खुद को नहीं रोक सके और खुद ढोल बजाने पहुंच गए। ट्विटर पर शेयर किए गए वीडियो में पीएम मोदी एक कलाकार के बगल में खड़े होकर ढोल बजाते हुए दिखाई दे रहे हैं। ट्वीट में लिखा है नागपुर महाराष्ट्र में पारंपरिक स्वागत।

### समृद्धि महामार्ग के पहले चरण का किया उद्घाटन

नागपुर और शिरडी को जोड़ने वाले 701 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे के पहले चरण में 520 किलोमीटर का पीएम मोदी ने उद्घाटन किया। यह एक्सप्रेसवे महाराष्ट्र के 10 जिलों और अमरावती औरंगाबाद और नासिक के प्रमुख शहरी क्षेत्रों से होकर गुजरता है। इससे आस-पास के 14 दूसरे जिलों से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। विदर्भ मराठवाड़ा और उत्तरी महाराष्ट्र समेत प्रदेश के करीब 24 जिलों के विकास में मदद मिलेगी। एजेंसी

## बॉम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत किया गया है। केंद्रीय न्याय एवं कानून मंत्री किरण रिजिजू ने रविवार को इस बारे में ट्वीट किया। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने सितंबर के आखिरी हफ्ते में जस्टिस दत्ता को सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति की सिफारिश की थी। मूल रूप से कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति दत्ता को 28 अप्रैल 2020 को बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। उस समय कोरोना वायरस के मद्देनजर पूरे देश में लॉक डाउन लागू की गई थी और हवाई यातायात भी बंद था। ऐसे में मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेने और कार्यभार संभालने के लिए जस्टिस दत्ता ने सड़क मार्ग से कोलकाता से मुंबई का सफर तय किया। सुप्रीम कोर्ट की नियुक्ति की सिफारिश को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी देने के बाद उन्हें सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया है।

## शिंदे के नेताओं की सुरक्षा में निर्भया फंड से खरीदी गई गाड़ियों का इस्तेमाल


### एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने गंभीर आरोप लगाया



**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज के समय में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। लेकिन अभी भी विकृति खत्म नहीं हुई है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। इन घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए मनमोहन सिंह सरकार ने 2013 में निर्भया फंड की स्थापना की थी। निर्भया फंड की स्थापना महिलाओं की सुरक्षा के उपाय करने के लिए की गई थी। लेकिन इस फंड को लेकर एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। दरअसल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने गंभीर आरोप लगाया है कि इस फंड का इस्तेमाल महाराष्ट्र में शिंदे समूह के मंत्रियों की सुरक्षा के लिए किया जा रहा है. अगर उनका आरोप सही है तो यह वाकई महाराष्ट्र के लिए बेहद शर्मनाक बात है। सुप्रिया सुले ने कहा कि जब उन्हें इस बारे में पता चला तो वे दंग रह गई। सुप्रिया सुले ने गंभीर आरोप लगाया कि सत्ता और प्रशासन का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है. ह्लगृह मंत्री को निर्भया फंड मामले की जांच करनी चाहिए। सुप्रिया सुले ने कहा शिंदे समूह की सुरक्षा के लिए निर्भया फंड का इस्तेमाल करना गलत है। उन्होंने कहा यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए लाई गई कारों का इस्तेमाल अलग मकसद के लिए किया जा रहा है।

## सीएम ने काशी में निकाय चुनाव का फूंका बिगुल, बोले नए यूपी के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार की जरूरत

### सीएम योगी बोले-यूपी देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, बाबा विश्वनाथ का किया अभिषेक





उत्तर प्रदेश से माफिया राज को उखाड़ फेंकने और अपराधियों के प्रति सख्त रवैया अपनाने के लिए चर्चित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक चेहरा ऐसा भी है जिसे देख लोग भी हैरत में पड़ जाते हैं। सीएम योगी बच्चों के प्रति अपने प्यार को रोक नहीं पाते। फिर चाहे वो किसी सभा में हो या कहीं किसी और कार्यक्रम में। रविवार को भी मुख्यमंत्री योगी का ऐसा ही चेहरा वाराणसी में देखने को मिला। कालभैरव मंदिर से दर्शन-पूजन कर बाहर निकले मुख्यमंत्री ने गली में खड़ी पांच साल की राधिका और तीन साल के मानव को देख रुक गए। दोनों बच्चों से बातचीत की। उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। उन्हें टॉफी दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को वाराणसी पहुंचे। जहां सीएम योगी कालभैरव मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम गए और दर्शन-पूजन किए। इससे पहले वह वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर पहुंचे। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया भी मौजूद रहे। इस दौरान सीएम ने कहा, काशी कल्याण की नगरी है। भगवान धन्वंतरि का जन्म भी इसी काशी में हुआ था। कोरोना काल में यूपी ने मॉडल पेश किया था।

वहीं सीएम ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर स्थानीय नगर निकाय चुनाव का बिगुल फूंका। अपने संबोधन में उन्होंने व्यापारी, उद्यमियों और प्रबुद्धजनों से कहा कि काशी में निवेश की संभावना तलाशें। मुख्यमंत्री ने नए भारत के नए यूपी बनाने के लिए डबल इंजन के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में सहयोग करने को कहा। स्थानीय नगर निकाय चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने को कहा। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के साथ ही ट्रिपल इंजन की सरकार की जरूरत है। ताकि केंद्र और प्रदेश की सरकार के विकास कार्यक्रम को स्थानीय स्तर पर भी उसी तरह से लागू किया जा सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यूपी में हुए विकास कार्यों और काशी में हुए विकास कार्यों की उपलब्धियां बताई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश की संसद में काशी का प्रतिनिधित्व दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। यह गर्व की बात है कि इसी काल में भारत ने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को पछाड़ दिया है। हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं।

आज जी-20 सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 8 वर्ष में विकास के कारण काशी की स्थिति बदली है। काशी विश्वनाथ धाम का जिक्र कर कहा कि पहले एक वर्ष में एक करोड़ लोग काशी आते थे। आज एक महीने में एक करोड़ लोग आते हैं। आज वाराणसी में फोरलेन की बेहतर कनेक्टिविटी है।

उन्होंने कहा कि काशी स्वास्थ्य के एक केंद्र के रूप में उभर रही है। बीएचयू में सुपर स्पेशिएलिटी का नया केन्द्र देने के साथ ही यहां होमी भाभा कैंसर इंस्टीट्यूट की स्थापना हुई है। वाराणसी में 45,000 से अधिक गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास मिला है। यहां के हर मंदिर और हर पर्यटन केंद्र का नए सिरे से पुनर्विकास किया गया है।

प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज हर व्यापारी सुरक्षित है, बहन-बेटियां सुरक्षित हैं। कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का अगर दुस्साहस करेगा तो जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरे उसे कैद कर लेंगे, जिससे उसको सबक सिखाने में मदद मिलेगी। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश के सभी नगर निगमों में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में यहां आज मुख्यमंत्री पहुंचे। कार्यक्रम में ग्लोबल इंवेस्टर्स मीट से जुड़ी डाक्यूमेंट्री दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और आवास की चाबी भी सौंपी।

## लखीमपुर खीरी कांड: मुख्य गवाह के भाई पर तलवार से हमला

### आरोपी आशीष मिश्र के करीबी पर आरोप



**खीरी।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया हिंसा में किसानों की हत्या के केस में गवाह के भाई ने खुद पर विपक्षियों की तरफ से जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। उधर आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद भी न तो थाना प्रभारी राजू राव ने तहरीर ली और न ही घायल का मेडिकल करवाया। कोतवाली क्षेत्र के कल्होरी गांव निवासी सर्वजीत सिंह 25 पुत्र अंग्रेज सिंह ने शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 9 दिसम्बर की रात 10 बजे के करीब अपने मित्र के यहां मुंडन संस्कार की पार्टी में शामिल होने शिवा पैलेस गया था। आरोप है कि उसका भाई तिकुनिया हिंसा में गवाह है।

जहां विपक्षी और मुख्य आरोपी आशीष मिश्र मोनू का खास आदमी विकास चावला पहले से ही मौजूद था। जो कि उससे रंजिश रखता है। आरोप है कि विकास ने जैसे ही उसे पार्टी में देखा तभी उसने अपने अन्य साथियों के साथ एक तलवार लेकर आ गया और गाली गलौज़ करते हुए तलवार से हमला कर दिया। मामले में घायल सर्वजीत सिंह के भाई प्रभुजीत सिंह जो कि तिकुनिया हिंसा में गवाह भी है, उसने बताया कि शनिवार को थाने में तहरीर दी लेकिन प्रभारी थाना राजू राव ने न तो तहरीर ली और न ही मुकदमा दर्ज कराया। यहां तक कि मेडिकल भी नहीं करवाया। मजबूरन गंभीर हालत में उन्हें घायल भाई को लखीमपुर के निजी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। उधर, कोतवाली प्रभारी राजू राव का कहना है कि उन्हें तहरीर ही नहीं मिली है। *एजेंसी*

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता का इस्तीफा

### पार्टी के अध्यक्ष के रूप में नए चेहरे को लाने की राह साफ



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम चुनाव का असर अब प्रदेश बीजेपी में दिखना शुरू हो गया है। निगम चुनाव में सत्ता गंवाने के बाद प्रदेश बीजेपी प्रमुख आदेश गुप्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। आदेश गुप्ता ने खुद अपने इस्तीफे की पुष्टि की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीजेपी नेतृत्व ने गुप्ता का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उत्तर पूर्व दिल्ली के मेयर रह चुके गुप्ता 2 जून 2020 को दिल्ली बीजेपी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। 54 वर्षीय गुप्ता ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी के इस्तीफे का बाद यह पद संभाला था। आदेश गुप्ता ने कहा कि मैंने कल ही अपना इस्तीफा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को दे दिया था। एमसीडी चुनाव में हार की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए मैंने अपने पद से त्यागपत्र दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा जी ने मेरा इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है और नया अध्यक्ष चुने जाने तक पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को दिल्ली बीजेपी का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता का कार्यकाल अगले साल जून तक था। इसके बावजूद बदली परिस्थितियों और मिशन 2024 को देखते हुए आदेश गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया। आदेश गुप्ता के इस्तीफे के बाद जल्द ही पार्टी के अध्यक्ष के रूप में नए चेहरे को लाने की राह साफ हो गई है।

## सीएम पद की शपथ लेकर सुक्खू ने किया बड़ा ऐलान

### उप मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस ने हिमाचल में भाजपा के विजय रथ को रोक दिया



**शिमला।** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को रिज मैदान में हिमाचल के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। सुक्खू हिमाचल के 15वें सीएम बने हैं। सुक्खू के साथ मुकेश अग्निहोत्री ने भी उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह के साथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहे।

सुक्खू ने शपथ लेकर कहा कि हम पहली कैबिनेट बैठक में जनता से किए गए अपने वादों को पूरा करुंगा और पुरानी पेंशन योजना बहाल होगी। हिमाचल प्रदेश के डिप्टी सीएम अग्निहोत्री ने कहा कि पहले लोग कहते थे कि कांग्रेस किसी भी राज्य में सत्ता में नहीं आएगी लेकिन आज हमने बीजेपी का रथ को रोक दिया है। इसके पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी मनोनीत मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए हिमाचल पहुंचे। इस बीच प्रदेश कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा वीरभद्र सिंह ने राहुल गांधी का स्वागत कर कहा कि हमने वादा किया था कि हम हिमाचल में कांग्रेस को वापस लाएंगे जिसपर राहुल ने उन्हें बधाई दी। सुक्खू के सीएम पद की शपथ लेने के बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि हम हिमाचल में कांग्रेस सरकार के आने से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि अब हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी लोगों से किए वादे पूरा करना है जिसे हम जल्द पूरा करने पर जोर देने वाले हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने रविवार को शिमला में अपने शपथ ग्रहण समारोह से पहले संजौली हेलीपैड पर अपनी मां संसार देवी की अगवानी की। इस दौरान मां ने कहा कि उनका बेटा एक सेवादार है और उन्हें राज्य के लोगों की सेवा ही करनी चाहिए। प्रतिभा सिंह से मुलाकात के बाद वापिस लौटे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रतिभा सिंह के गुट की उपेक्षा नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका कोई गुट नहीं है। पूरी कांग्रेस एकजुट है। विक्रमादित्य को मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। सुक्खू ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी सोनिया गांधी राहुल गांधी मल्लिकार्जुन खड़गे और विशेष रूप से प्रियंका गांधी को धन्यवाद देना चाहता हूं। शपथ को लेकर चल रही तैयारियों के बीच सुबह 10:30 बजे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के घर हॉलीलॉज पहुंचे। हॉलीलॉज में सुबह से ही कांग्रेस कार्यकताओं का जमावड़ा लगा हुअ है। मुख्यमंत्री ने उन्हें शपथ समारोह का न्यौता दिया। एजेंसी

### शपथ ग्रहण

**पहली कैबिनेट में बहाल होगी पुरानी पेंशन**

**बोले-प्रतिभा सिंह के गुट की उपेक्षा नहीं की जाएगी**

## मायावती की अपील- सपा को वोट करने वाले मुसलमान रामपुर की हार पर चिंतन करें

### कहीं ये भाजपा व सपा की मिलीभगत तो नहीं



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती पहले भी कई बार अपने बयानों में कह चुकी हैं कि सपा भाजपा का सामना नहीं कर सकती है। मुसलमान सपा को समर्थन करने पर विचार करें। रविवार को उन्होंने ट्वीट कर रामपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सपा की हार पर सवाल उठाते हुए कहा कि कहीं ये भाजपा व सपा की मिलीभगत तो नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सपा को समर्थन करने वाले मुसलमान समाज को चिंतन करने की जरूरी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि यूपी के मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में सपा की हुई जीत किन्तु रामपुर विधानसभा उपचुनाव में आजम खां की खास सीट पर योजनाबद्ध कम वोटिंग करवा कर सपा की पहली बार हुई हार पर यह चर्चा काफी गर्म है कि कहीं यह सब सपा व भाजपा की अंदरुनी मिलीभगत का ही परिणाम तो नहीं? इस बारे में खासकर मुस्लिम समाज को काफी चिन्तन करने व समझने की भी जरूरत है ताकि आगे होने वाले चुनाव में धोखा खाने से बचा जा सके। खतौली विधानसभा की सीट पर भाजपा की हुई हार को भी लेकर वहां काफी संदेह बना हुआ है, यह भी सोचने की बात है। यूपी के मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में सपा की हुई जीत किन्तु रामपुर विधानसभा उपचुनाव में श्री आजम खान की खास सीट पर योजनाबद्ध कम वोटिंग करवा कर सपा की पहली बार हुई हार पर यह चर्चा काफी गर्म है कि कहीं यह सब सपा व भाजपा की अन्दरुनी मिलीभगत का ही परिणाम तो नहीं? इस बारे में खासकर मुस्लिम समाज को काफी चिन्तन करने व समझने की भी जरूरत है ताकि आगे होने वाले चुनावों में धोखा खाने से बचा जा सके। खतौली विधानसभा की सीट पर भाजपा की हुई हार को भी लेकर वहाँ काफी सन्देह बना हुआ है, यह भी सोचने की बात है। यूपी की रामपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी की हार हुई है। सपा का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी ने बड़ी जीत दर्ज की है। *एजेंसी*

# जीएसटी अधिकारियों की छापामारी से मचा हड़कंप



जीएसटी अधिकारियों के छापेमारी से मऊआइमा कस्बे में बन्द दुकानें व पसरा सन्नाटा

**छापेमारी**

**एक सप्ताह से बाजारों में सन्नाटा पसरा छोटे मोटे गरीब कारोबारी परेशान**

**मऊआइमा।** एक सप्ताह से मऊआइमा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जीएसटी अधिकारियों की छापामारी से बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। तथा जीएसटी के दायरे में न आने वाले छोटे मोटे कारोबारी तथा रोजमर्रा कमाने खाने वाले भी परेशान हैं । सभी जीएसटी अधिकारियों को कोस रहे हैं ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा तथा आस पास गांव क्षेत्रों में छोटे बडे कारोबारी एक सप्ताह से निरंतर आ रहे जीएसटी अधिकारियों से दुखी हैं। सभी का कारोबार बंद पडा हुआ है। बताते हैं कि पूरे मऊआइमा कस्बा में सुबह से दुकानों के खुलने बंद होने का खेल चलता रहता है। इन दिनों चल रही ब्याह शादी में जहां मऊआइमा कस्बा की मार्केट में चहल पहल भीड रहती थी। वहां जीएसटी के डर से दुकानें बंद कर दुकानदार इधर उधर खडे होकर चुपके से सामान दे कर दुकानें बंद कर देते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब ,रोजमर्रा कमाने वाले मजदूरों की है वह सुबह दुकानों पर आ कर काम करते थे। शाम को पैसा लेकर अपने घरों के भोजन का इंतजाम करते हैं। दुकनें बंद होने से मजदूरों को छुट्टी दे दी गई है। फुटकर बिक्रेताओं की दशा बडी दयनीय है।वह चाह कर भी जीएसटी अधिकारियों के डर से दुकनें नहीं खोल रहे हैं। कई दुकानदारों ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि वह अपनी दुकानों का रजिस्ट्रेशन कराए हैं परन्तु कंपटीशन के इस दौर में वह नम्बर एक का कारोबार काम करना चाहते हैं। परन्तु वह ऐसा इस लिए नहीं कर पा रहे हैं कि बिना रजिस्ट्रेशन के दुकानदार अपना सामान बिना रसीद के सस्ते में बेच देते हैं। अधिकांश ग्राहक सस्ता सामान खरीदना चाहते हैं। कोई जीएसटी बिल देकर सामान नहीं खरीदना चाहते हैं। बहरहाल जीएसटी अधिकारियों के छापामारी से क्षेत्र में हडकंप और बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## सीएमओ आफिस में उपवास पर बैठेंगे स्वास्थ्य कर्मी

**प्रयागराज।** विभिन्न मांगों के समर्थन में स्वास्थ्य कार्यकर्ता लामबंद हो गए हैं। सोमवार को जनपद के स्वास्थ्य कार्यकर्ता सीएमओ आफिस में धरना प्रदर्शन करेंगे और उपवास रखेंगे। सभी को एक समान वेतनमान दिए जाने समेत कई प्रमुख मांगों को लेकर प्रदेश भर के कार्यकर्ता अपनी आवाज उठाएंगे। महिला कल्याण कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष मीरा देवी ने जिले के सभी स्वास्थ्य कार्यकताओं से अपील की है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में सीएमओ ऑफिस पहुंचकर इसे सफल बनाएं।

जिलाध्यक्ष मीरा देवी कहती हैं कि हम लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। यूपी सरकार ने कुछ आदेश का अनुपालन आधा अधूरा करते हुए 30 नवंबर 2011 तक कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता को ग्रेड वेतन 2800 दिया लेकिन उसमें व्यैन्तिक शब्द लगा दिया गया। एक दिसंबर 2011 से कार्यकर्ता संवर्ग को ग्रेड वेतन 2000 दिया जा रहा हैं, पर्यवेक्षक श्रेणी के स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2800 ग्रेड वेतन पा रहे हैं।

## जन संवाद कार्यक्रम में कॉलोनी के लोगों ने उठाया विकास का मुद्दा


जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित भीड़

**फाफामऊ।** शांतिपुरम आवासीय कॉलोनी में रविवार को भारत सरकार द्वारा प्रायोजित अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारतीय भाषा उत्सव को लेकर न्यू शांतिपुरम कॉलोनी में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें कॉलोनी के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कॉलोनी के विकास हेतु मुद्दा उठाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल ने कॉलोनी के लोगों की समस्याओं को जल्द ही निस्तारण करने का वादा किया। भारत सरकार द्वारा प्रायोजित भारतीय भाषा जन संवाद कार्यक्रम में कॉलोनी के लोगों ने अपनी अपनी भाषा में कॉलोनी के विकास हेतु अपनी अपनी बातों को रखा जिस पर सांसद केसरी देवी पटेल ने लोगों को भरोसा दिलाया कि कॉलोनी की समस्यायों को जल्द दूर करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यू शांतिपुरम समित के अध्यक्ष आनंद पांडेय ने किया। कार्यक्रम में उपेंद्र सिंह, डॉक्टर शारदा प्रसाद ,राम जी त्रिपाठी सहित भारी संख्या में कॉलोनी के लोग उपस्थित रहें।

**संक्षेप**

### विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया



**करछना।** विकासखंड करछना के माधवेंद्र इंटर कॉलेज बरांव में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित हुई ।जिसमें जूनियर कक्षाओं सहित हाईस्कूल व इंटर के छात्र व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करते हुए विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया गया । जिसमें डेनियल सेल का बनाना, सेव अर्थ ,सक्रिय ज्वालामुखी, गोबर गैस, मिसाइलें सोलर ऊर्जा आदि पर मॉडल बनाकर प्रस्तुत किया गया ।प्रदर्शनी में बतौर मुख्य अतिथि व निरीक्षण मंडल के रूप में केदारनाथ जायसवाल इंटर कॉलेज नैनी के प्रधानाचार्य संजीव कुमार तिवारी व पं.परमेश्वर दीन मिश्र इंटर कॉलेज बेनीपुर के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार तिवारी मौजूद रहे। उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करके विद्यार्थियों के हुनरो की सराहना की ।और प्रतिभागी सभी छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर व ट्राफी का पुरस्कार प्रदान करके सभी को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। प्रदर्शनी के संयोजक रहे बरांव कालेज के प्रधानाचार्य देव प्रकाश यादव की ओर से अतिथियों के प्रति स्वागत भाषण करते हुए सभी के प्रति आभार भी जताया गया। इस मौके पर दिलीप कुमार शर्मा, शिप्रा सिंह, अजीत कुमार सिंह, अशोक कुमार गौड़, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार द्विवेदी, शशिकांत पांडेय, भुवनेश्वर प्रसाद पांडेय , विमलेश कुमार सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं लोग मौजूद रहे।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में वंश पांडेय रहें अव्वल



**करछना।** मां कमला पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज रोकड़ी में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागी छात्र छात्राओं को कॉलेज के प्रधानाचार्य की ओर से पुरस्कृत करके सम्मानित भी किया गया ।बच्चों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई ।जिसमें ग्रुप ए में जूनियर कक्षा के वंश पांडेय प्रथम नितिन मिश्र द्वितीय व समीक्षा प्रजापति तृतीय स्थान पर रही । वहीं ग्रुप बी सीनियर कक्षा की मिनी शुक्ल प्रथम स्तुति तिवारी द्वितीय व शिवा पांडेय तृतीय स्थान पर रही। विजयी सभी प्रतिभागियों सहित 16 अन्य प्रतिभागियों को भी कालेज के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी की ओर से प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं मेडल के सहित सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ए के तिवारी, कुसुमाकर मिश्र, देवदत्त द्विवेदी, रंजन सेन गुप्ता, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार मिश्र, शिवानी शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं लोग मौजूद रही।

### एक किलो गांजा के साथ सोरांव थाने का इनामिया गिरफ्तार

**मऊआइमा।** सोरांव थाने का इनामिया को मऊआइमा पुलिस ने घेराबंदी करके जब गिरफ्तार किया तो उसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। मऊआइमा थाने की फोर्स वांछित, गिरफ्तारी हेतु जब हरखपुर और महरौंडा मोड पर खडी थी। तभी मुखबिर की सूचना पर वह गदियानी और हरिसेनगंज मार्ग पर एक बिरयानी की दुकान पर एक युवक को खडा देख कर पुलिस ने घेराबंदी करके युवक को जब गिरफ्तार किया तो उसके झोले में एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस के पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम शोएब पुत्र स्वर्गीय मुन्नवर अली ग्राम हुलासगंज दहियावां बाजार थाना होलागढ़ बताया तथा यह भी बताया कि वह गोवध और पशुक्रूरता का वांछित है और सोरांव थाने का इनामिया है। पुलिस ने शोएब के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### पुरानी जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में चले ईट पत्थर, कई घायल

**बहरिया ।** थाना बहरिया के ग्राम सभा मैलहा में पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर दो पक्षों में कहासुनी होने के बाद जमकर ईंट पत्थर चलाए गए और एक पक्ष के दबंग लोगों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता भी की । ईट पत्थर चलने के दौरान एक पक्ष की कुसुम देवी, मीना देवी, ओमप्रकाश बुरी तरीके से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बबलू पुत्र जगमोहन निवासी मैलहा ने अपने दादा महारानी दीन की लड़की गायत्री देवी पत्नी कमल चंद से कुछ दिन पहले पुराने पुश्तैनी घर एवं सिकंदरा बहरिया सड़क के बगल बने मकान की रजिस्ट्री लिखवा ली थी। वहीं दूसरे पक्ष के मूलचंद पुत्र राम सजीवन का कहना है। कि उक्त मकान का हमने भी पहले से नगद पैसा देकर स्टांप पेपर पर लिखवा रखा है। इन्हीं सब बातों को लेकर दोनों पक्ष दिन रविवार को सायं 4:30 बजे आपस में गाली गुप्ता देते हुए भिड़ गए तथा मूलचंद पासी की ओर से उसके भाई ज्ञानचंद, लाला एवं दर्जनों व्यक्ति गायत्री देवी के घर पर चढ़ आये और एक राय होकर ईट पत्थर चलाने लगे और घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता एवं तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। जिसकी सूचना पाकर थाना बहरिया की पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को बहरिया थाने ले आई तथा घायलों को उपचार हेतु सीएचसी मैलहा भेजा।

## जीएसटी के छापे से व्यापार मंडल अध्यक्ष नाराज



**मेजा।** जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों के दुकान में छापा मारने पर मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने नाराजगी व्यक्त की है और उन्होंने कहा विभाग व्यापारियों के छापा मारने का नाटक करके अबैध रूप से वसूली कर रही है जो ठीक नहीं है । उन्होंने बताया कि व्यापारी जितना माल खरीदता है और बेचता है उसकी सरकार की बाकायदा टैक्स देती है । यह छापा का नाटक विभाग अबैध वसूली के लिए कर रहा है । पप्पू उपाध्याय ने कहा कि जल्द ही जीएसटी कमिश्नर ज्ञापन सौंपेंगे । उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह से व्यापारियों को परेशान किया जाता रहा तो व्यापार मंडल आंदोलन करेगा जिसकी जिम्मेदारी पूरी जीएसटी विभाग और सरकार की होगी।

# टौंस नदी की परिक्रमा के शुभारंभ पर उमड़ा जनसैलाब

**परिक्रमा**

**बैदिक मंत्रोचार व ढोल नगाड़ों के साथ शुरू हुई परिक्रमा**

**परिक्रमा से मेरा उद्देश्य टौंस नदी के महत्व को लोग समझें : योगेश शुक्ल**


चौकी घाट पर परिक्रमा के शुभारंभ के अवसर पर हवन पूजन करते योगेश शुक्ल

**मेजा।** पूर्व सूचना के आधार पर भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ला ने टौंस नदी की परिक्रमा रविवार को चौकी घाट से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन के बाद शुरू किया।

भाजपा नेता योगेश शुक्ला ने टोस नदी की परिक्रमा का शुभारंभ करने से पहले टौंस नदी और गंगा संगम पर स्नान किया उसके बाद बैदिक मंत्रोचार के साथ हवन पूजन किया उसके बाद यात्रा शुरू किया । योगेश शुक्ल ने इस दौरान संबोधित करते हुए कहा कि टौंस नदी की परिक्रमा से हमारा एक ही लक्ष्य है कि इस नदी के महत्व को लोग समझें और उसको स्वच्छ रखें ।

गौरतलब हो कि परिक्रमा के शुभारंभ के अवसर पर जनसैलाब उमड़ पड़ा । इस अवसर पर नदी के किनारे का नजारा देखने को मिल रहा था शंख और नगाड़ों के आवाज से टौंस नदी का तट गूंज उठा । हजारों की संख्या में जुटे लोग योगेश शुक्ल के इस पुनीत कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा करते देखे गए । कठौली चौपाल के बाद योगेश शुक्ल बंधवा गाँव पहुंचकर पंचायत भवन पर विश्राम किया । सुबह सोमवार को पुनः परिक्रमा आरम्भ होगी। इस अवसर पर अपने सुरों के माध्यम से संगीत की दुनिया मे अपने कदम जमाने वाले तिवारी बंधु ने भक्ति गीत से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

इस दौरान मुख्य रूप से जयशंकर पाण्डेय, दयाशंकर शुक्ल, वीरेंद्र मिश्र, नित्यानंद उपाध्याय, पप्पू उपाध्याय, राजीवकांत मिश्रा, उमाशंकर तिवारी, हरिकांत पाण्डेय, विनय कुमार शुक्ल, सूरज शुक्ल, शिवम शुक्ल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग रहे।

### कठौली गाँव में योगेश शुक्ल का जोरदार स्वागत


कठौली गाँव में योगेश शुक्ल का स्वागत करते अजीत सिंह

**मेजा।** परिक्रमा का जगह जगह जोरदार स्वागत किया जा रहा है टौंस नदी के रहने वाले लोग इस परिक्रमा से काफी उत्साहित हैं । कठौली गाँव मे भोजपुरी संगम के संपादक अजीत सिंह के आवास पर चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें परिक्रमा का जोरदार स्वागत किया गया । चौकी गाँव से टौंस नदी की परिक्रमा करते हुए योगेश शुक्ल जब कठौली गाँव पहुंचे तो वहाँ पर अजीत सिंह ने योगेश शुक्ल सहित पूरी टीम का माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम से जोरदार स्वागत किया । अजीत सिंह ने श्री शुक्ल की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत ही पुनीत कार्य है इसमें जो अपेच्छित सहयोग होगा हम और ग्रामीण तैयार हैं । स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से हेमंत शर्मा,विनय सिंह(बंटू),जयप्रकाश सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण रहे । इसी क्रम में परिक्रमा के प्रथम पड़ाव पर बलुहा गांव में निषाद राज पार्टी के विधान सभा अध्यक्ष वीरेंद्र निषाद ने योगेश शुक्ल का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।

## नीलम करवरिया ने मेजा फीलिंग स्टेशन पर सीएनजी पम्प का किया उद्घाटन


सीएनजी पम्प का उद्घाटन करती नीलम करवरिया

**मेजा।** भाजपा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने रविवार को लखनपुर स्थित मेजा फिलिंग स्टेशन पर सीएनजी पम्प का फीता काटकर उद्घाटन किया। पम्प के संचालक रईश चंद शुक्ला ने नीलम करवरिया सहित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने सीएनजी पम्प का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए कहा कि मेजा क्षेत्र में सीएनजी पम्प नहीं था लोग नैनी और प्रयागराज भराते थे अब यहीं पर मिलेगा यह मेजा के लोगों के लिए खुशी की बात है। इस अवसर पर पूर्व विधायक कृष्णा कलेक्टर पांडे, वरिष्ठ समाजसेवी नित्यानंद उपाध्याय, अशोक सिंह, पप्पू उपाध्याय, संतोष कुमार शुक्ल, टुनटुन तिवारी, राहुल तिवारी, राजू तिवारी,धीरज दुबे, राहुल मिश्रा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में रईश चंद्र शुक्ला ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

## चोरी के मामले में तीन युवकों को ग्रामीणों ने शक के आधार पर पीट कर किया पुलिस के हवाले

**करछना।** थाना के अंतर्गत बसरिया गांव निवासी इंद्र बहादुर पटेल उर्फ दूधनाथ जो दूध की डेरी चलाते है।जिनके घर पर बीस दिन पूर्व चोरी हुई थी।जिसमे 30 हजार नगदी समेत अन्य कीमती सामान चोरी हुआ था।जिसे लेकर दूधनाथ ने अज्ञात में चोरी की तहरीर करछना थाने में दिया था।जिनके द्वारा पड़ोस के ही युवक आत्मानन्द की गतिविधि को लेकर आशंका होने पर पकड़कर जमकर पिटाई करने पर युवक ने चोरी की घटना को कबूल किया साथ ही गांव के दो साथियों का नाम शिवा और चंदशेखर के शामिल होने की बात बताया।जिस पर ग्रामीणों ने तीनों को पकड़कर पीटने के बाद रविवार की सुबह करछना पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# बिशप कॉन्वेंट स्कूल नैनी में पंजा कुश्ती आयोजन संपन्न

**नैनी।** बिशप कॉन्वेंट स्कूल नैनी प्रयागराज में जिला पंजा कुश्ती एसोसिएशन प्रयागराज के तत्वावधान में आज दिनांक 11 दिसंबर 2022 को आयोजित किया गया जिसमें लगभग 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की । उद्घाटन कार्यक्रम में अमरेंद्र नाथ सिंह सीनियर अधिवक्ता व पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल उत्तर प्रदेश ने हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के तथा दीप प्रज्वलित कर के किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद बंसल जी ने किया। परिणाम निम्न रहे-सब जूनियर पार्थ तिवारी गोल्ड, अनुपम मिश्र गोल्ड, संजीव त्रिपाठी गोल्ड, अमन गुप्ता गोल्ड, अभिषेक गुप्ता सिल्वर, वेदांत पांडेय सिल्वर, शशांक पांडे सिल्वर, जूनियर सुमित गोल्ड, आकाश मिश्र गोल्ड, मो0 उमर गोल्ड, हर्ष मिश्र गोल्ड, उत्कर्ष यादव गोल्ड, नितेश सरोज गोल्ड, शिवम सिल्वर, शिवांश सिल्वर, रुद्र बरौंज।


प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्र

सीनियर में उत्कर्ष गोल्ड सिद्धार्थ सिल्वर, ओपन चैलेंज प्रतियोगिता में सिद्धांत सिंह प्रथम जिनको 900 रु0 का नकद इनाम व उत्कर्ष सिंह सिल्वर जिनको 500 रु0 का नकद इनाम दिया गया । सिद्धान्त सिंह को आइरन मैन की उपाधि दी गयी।

कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम में सभी खिलाड़ियों को मेडल दे के विशप कॉन्वेंट स्कूल के डायरेक्टर संजय पाठक जी सम्मानित किया। कार्यक्रम में नीलेश मिश्र, नीलेश यादव संजय सिंह, रवि भूषण राय, सलेंद्र दिवेदी आदि लोगो ने भाग लिया। खेल का संचालन रवि तिवारी ने किया।

# समय के साथ बदलता रहा विद्यालयों के वार्षिकोत्सव का स्वरूप : जस्टिस राय

**वार्षिकोत्सव**

**प्रयाग पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा**

**खेलकूद और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति ने अतिथिया, अभिभावकों का मनमोहा**



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि जस्टिस शलील कुमार राय व कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

**लालगोपालगंज।** क्षेत्र के झरहा गांव स्थित प्रयाग पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता, विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्त किए गए। आयोजन में पूरे समय तालियों की गड़गड़हट होती रही। विद्यालय प्रबंध समति द्वारा उत्कृष्ट बच्चें को प्रोत्साहित किया गया। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर अभिभावकों संग क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

बतौर मुख्य अतिथि जस्टिस शलील कुमार राय ने छात्र छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हों अपना बचपना आद आ गया। कहा कि जब हम विद्यालय में पढ़ते थे तब वार्षिकोत्सव हुआ करता था। एसे कार्यक्रमों में हम सारे लोग भी भाग लिया करते थे। उस समय इस प्रकार की सुविधाएं नहीं थी। अब समय के साथ कायक्रमों का स्वरूप बदलता जा रहा है। उन्होंने विद्यालय की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल कप्तान द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चार अतिथियों को बुके और अंगवस्त्रम भेंट कर उनका स्वागत किया गया। स्कूली बच्चें द्वारा जल ही जीवन है, योग और स्वास्थ्य, नारी शक्ति, कोविड आदि प्रसंगों का मंचन तथा विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने हाथ आजमाए। जिसे देख प्रांगण में मौजूद दर्शकों ने तालियां बजाकर आशीष दिया। प्रतियोगिताओं में स्कूल की ग्रीन हाउस टीम ने सर्वाधिक अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि ब्लू हाउस को द्वितीय और रेड हाउस टीम को त्रितीय वहीं एलो हाउस को चैथा स्थान मिला। कार्यक्रम को विशिष्ट तिथि आरएएफ कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने भी संबोधित किया। विजेता प्रतिथिागियों को स्कूल प्रबंधक सुशील तिवारी एवं संतोष मिश्र द्वारा पुरस्कृत कर उन्हें सम्मानित किया गया। संचालन एवं अतिथियों का आभार प्रचार्य एच.आर. हैन्वी ने जताया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति, स्कूल के अध्यापक एवं अभिभावकों के अलावा भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## शुआट्स में भारतीय भाषा दिवस मनाया गया

**नैनी।** बहुभाषावाद को मजबूत करने और लोगों को अधिक भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शुआट्स ने रविवार को एग्रोनॉमी लेक्चर हॉल में भारतीय भाषा दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा के साथ हुई, इसके बाद एनएसएस गीत गाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिन्दी विभाग के प्राध्यापक एवं एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक इलाहाबाद विश्वविद्यालय डॉ. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि सभी भारतीय भाषाएँ एक-दूसरे की पूरक हैं। भारतीय भाषाओं में समानता भारतीयों के प्राथमिक एकीकृत कारकों में से एक रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सुझाए गए अनुसार अधिक से अधिक भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए उपयुक्त वातावरण विकसित करने के लिए 'भाषा सद्भाव' बनाने की आवश्यकता है।

डॉ. दीपक कुमार बोस, एसोसिएट प्रोफेसर और एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक ने मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर स्वागत किया और कहा कि आज महान कवि सी सुब्रमण्यम भारती की जयंती है, जिन्हें उत्तर और दक्षिण दोनों के बीच सेतु माना जाता था। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अधिक भारतीय भाषाओं को सीखने के पीछे एक बढ़ती गति बनाने में मदद करेगा और लोगों को भाषाओं के माध्यम से राष्ट्र की एकता, सद्भाव और अखंडता का अनुभव कराने में मदद करेगा जिससे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का मार्ग प्रशस्त होगा। सत्यम कुमार केसरी, सहायक समन्वयक, एनएसएस ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया और कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए भारतीय भाषाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और लोगों और व्यापक समाज के बीच अधिक सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने का समय आ गया है। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हीरा बोस, डॉ. ओ.पी. वर्मा, डॉ. अनीशा वर्मा सहित कुल 137 एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित थे।



शुआट्स में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर स्वागत करते हुए

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 29.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.19 |
| सूर्यास्त : | 05.15 |

### "खालसा सेवक जत्था" द्वारा 31 को विशेष कीर्तन समागम : सरदार पतविंदर सिंह

**प्रयागराज।** "खालसा सेवक जत्था" द्वारा 31 दिसंबर को विशेष कीर्तन समागम पिछले 9 वर्षों से जत्था कर रहा है विशेष कीर्तन समागम का उद्देश्य युवा-युवतियों को गुरबाणी से जोडना, गुरुओं के बताए हुए मार्ग पर "खालसा सेवक जत्था" प्रयागराज नर सेवा नारायण सेवा के सिद्धांत पर चलते हुए आगे बढ़ रहा है। खालसा सेवक जत्था प्रयागराज द्वारा दिनांक 31 दिसंबर 2022 दिन शनिवार को नववर्ष के आगमन पर विशेष तौर पर कीर्तन समागम का आयोजन गुरुद्वारा पक्की संगत अहियापुर कल्याणी देवी प्रयागराज में आयोजित किया जा रहा है।

# भारत जोड़ो यात्रा लेकर निकले कांग्रेसी

**प्रयागराज।** यूपी के पूर्वांचल में जनता तक अपनी पहुंच बनाने के लिए कांग्रेस 450 किमी की पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा जनपद से निकलकर के अलग-अलग जिलों से होते हुए 22 दिसम्बर को वाराणसी में समाप्त होगी। रविवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने पार्टी का झंडा दिखाकर यात्रा को आगे के लिए रवाना किया। पूर्वांचल जोन के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में 12 दिवसीय यात्रा निकली गई। कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय समेत पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान, महासचिव मुकुंद तिवारी, राघवेंद्र सिंह, विवेकानंद पाठक समेत अन्य नेता सुबह 9 बजे संगम स्नान के बाद मनकामेश्वर मंदिर में पूजन अर्चन किया। इसके बाद कांग्रेस सेवादल ने परम्परागत तरीके से ध्वज वंदन किया गया। यहाँ से कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय ने राष्ट्रीय ध्वज प्रांतीय अध्यक्ष को देकर यात्रा शुरू की गई। दोपहर 1:15 बजे निकली यात्रा कीटगंज, कोठा पार्चा, बहादुरगंज, कोतवाली, रानी मंडी,



प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में निकाली गयी यात्रा में शामिल कांग्रेसी

अटाला, नूरउल्ला रोड, खुल्दाबाद चौराहा, नखासकोना होते हुए बड़ी स्टेशन पर समाप्त की गई। यात्रा के दौरान जगह जगह लोगो ने यात्रियों को फूल माला पहनाकर और पुष्पवर्षा कर के स्वागत किया। अजय राय ने कहा की यह यात्रा नफरत हिंसा और डर के खिलाफ है, जिसे देश में फैलाया जा रहा है। भाजपा का तरीका यही है। सबसे पहले, डर फैलाना। युवाओं, किसानों और आम लोगों में डर फैलाना। जब डर फैल जाता है तो उसे हिंसा में बदल देते हैं। हिंसा डर का ही रूप है। जो डरता नहीं है, वह हिंसा भी नहीं कर सकता। जो डरता है, वह ही हिंसा करता है। डर मिटाना हमारा लक्ष्य है। इस हिंदुस्तान में किसी से डरने की जरूरत नहीं है।

इस दौरानः जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी, सुरेश यादव, शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, संजय तिवारी, जिला प्रवक्ता हसीब अहमद, तस्लीम उद्दीन, करमचंद फुजैल हाश्मी, वसीम अंसारी, हरिकेश त्रिपाठी, अनिल पाण्डेय, अखिलेश यादव, देवी पाण्डेय, जितेश मिश्रा, राकेश पटेल, आशीष पाण्डेय, मनोज पासी, हिना कौसर, सिंधु सिंह, विवेक पाण्डेय, सिद्धनाथ मौर्य, दिनेश सोनी, जिया उबैद, मो०हसीन, सुनील यादव, विवेक पाण्डेय, राजेंद्र पासी, दिनेश चौधरी, तबरेज अहमद, समेत आदि लोग मौजद रहें।

# ट्यूशन टीचर ने मासूम से की अश्लील हरकत, मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** मेजा में छह साल की मासूम से ट्यूशन टीचर ने अश्लील हरकत की। बच्ची ने घरवालों को आपबीती सुनाई तो वह स्तब्ध रह गए। पिता ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। बच्ची के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी कक्षा एक की छात्रा है। उसने बताया कि पड़ोस में ही सत्येंद्र पांडेय किराये पर रहता है, जो एनटीपीसी में अप्रेंटिसशिप कर रहा है। शाम को वह उसकी दोनों बच्चियों को ट्यूशन पढ़ाता था।रोज की तरह दोनों बच्चियां छह दिसंबर को भी ट्यूशन पढ़ने गई थीं। इसी दौरान बड़ी बेटी बाथरूम गई। आरोप है कि तभी सत्येंद्र ने उसके साथ अश्लील हरकत की। यही नहीं, उसने बच्ची को यह भी कहा कि वह यह बात किसी को भी न बताए। पिता ने बताया कि उस रात बच्ची ने घर आकर खाना नहीं खाया। सुबह स्कूल जाने से भी मना करने लगी तो मां ने डांटकर स्कूल भेज दिया। अगले दिन यानी आठ दिसंबर को स्कूल से आने के बाद बच्ची ने दोबारा खाना खाने से मना किया तो मां ने उसे पास बैठाकर इसकी वजह पूछी। इसके बाद बच्ची ने पूरी बात बताई तो मां स्तब्ध रह गई। पिता का कहना है कि पत्नी ने जानकारी दी तो वह आरोपी का इंतजार करने लगा। जैसे ही आरोपी आया, माता-पिता को देखते ही भाग निकला। इसके बाद पिता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। कैंट इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर मिश्रा ने बताया कि पॉक्सो एक्ट व छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## संक्षेप

### न्यायालय के आदेश पर तालाब की भूमि पर बने मकान पर चला बुलडोजर



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बसगित गांव में रविवार सुबह न्यायालय के आदेश पर तालाब की भूमि पर बनाये गए मकान पर भारी फोर्स की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर धराशाई कर दिया गया। बताते चलें की बसगित गांव निवासी राम अभिलाख मौर्य द्वारा न्यायालय में अपील की थी। जिसमें कोर्ट के आदेश पर गांव के ही जयसिंह मै सिंह, राजबली, रामसुमेर, सुदामा संतोष आदि का तालाब में बने मकान को रविवार को तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा व थाना अध्यक्ष उतराव श्रावन कुमार मय फोर्स पहुंचकर बुलडोजर से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहे। न्यायालय के आदेश पर तालाब मे अवैध रूप से बने मकान को ध्वस्त किया गया। ज्ञात हो कि 12 बिस्वा के तालाब में यह मकान बना हुआ था। जिसे प्रशासन द्वारा ध्वस्त किया गया।

### रैपिड एक्शन फोर्स ने उतरांव भगौलिक स्थिति का लिया जायजा, जनता को दिलाया सुरक्षा का भरोसा



**उतरांव।** सीआरपीएफ शाखा के रैपिड एक्शन फोर्स प्रयागराज जिले के फाफामऊ 101 बटालियन के जवानों ने उतराव थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के साथ जायजा लिया। यहां आरएएफ के अधिकारियों ने फ्लैग मार्च के दौरान इलाके की भौगोलिक स्थिति को जायजा लेते हुए क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में दंगा या विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए रूट मार्च निकाला जा रहा है।आरएएफ के सहायक कमांडेंट राम चन्द्र ने बताया कि इस बल का कार्य दंगा जैसी परिस्थितियों के उत्पन्न होने की स्थिति में शीघ्र अति शीघ्र पहुंचकर परिस्थितियों को नियंत्रित करना तथा सामान्य शांति कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में स्थानीय प्रशासन को सहयोग प्रदान करना है। प्रत्येक जनपद में संप्रदायिक दंगा और दंगा सत्र स्थिति में प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक सूचना संकलित करने के लिए अभ्यास करने को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि हम अपने जवानों के माध्यम से खुफिया तंत्र का थाना क्षेत्रों में अपना जाल बिछा कर समाज विरोधी कार्यों में लिप्त लोगों पर नजर रखकर उनकी बराबर निगरानी करते रहेंगे।जब भी दंगा होने की स्थिति दिखाई देती है तो हम उन्हें सबसे पहले गिरफ्तार करते हैं। आज टुकड़ी के साथ उतराव थाने में थानाध्यक्ष श्रवण कुमार बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ रहे। उक्त अवसर पर आर्य प्लीज पिक उप निरीक्षक अनिल मिश्रा, नरेंद्र कुशवाहा, एसआई अरविंद यादव, राम अवतार यादव, संजय मौर्य, राजेश यादव, अर्चना, बन्दना, रीता आदि रहे।

### प्रांतीय अध्यक्ष का हाल-चाल जानने पहुंचे पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के पदाधिकारी

**लालापुर।** पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के प्रांतीय अध्यक्ष का हाल-चाल जानने के लिए रविवार को पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के पदाधिकारी पहुंचे हॉस्पिटल। बता दे की पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के प्रांतीय अध्यक्ष पीसी पांडे की हालत खराब होने के बाद उनको क्षेत्र के जसरा स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था । जहां उनकी हालत कुछ ठीक होने पर पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के जिला अध्यक्ष प्रयागराज सुभाष शुक्ला पत्रकार साथियों के साथ अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल जाना एवं उनको जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष कोराव केके मिश्रा,राहुल सिंह,आनंद जायसवाल, नीरज केसरवानी, सुरेश चंद्र पांडे, पप्पू तिवारी, राकेश मिश्रा, अनिल मिश्रा खटंगिया, श्यामाकांत मिश्रा, आशीष द्विवेदी,शंकर लाल गुप्ता, सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

### साहित्य समाज का दर्पण : प्रो अवधेश कुमार



**प्रयागराज।** साहित्य समाज का दर्पण होता है तथा मानवाधिकारों का सर्वाधिक सफल स्फुरण साहित्य से ही होता है। उक्त बातें विधि संकाय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन मानवाधिकार और साहित्य विषयक तकनीकि सत्र में बोलते हुए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अवधेश कुमार ने कहीं। तकनीकि सत्र की अध्यक्षता करते हुए थावे विद्यापीठ, बिहार के कुलाधिपति एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य कैलाश नारायण तिवारी ने कहा कि साहित्य मानवाधिकारों की सहज अभिव्यक्ति है। तुलसी, रामचंद्र शुक्ल, जयशंकर प्रसाद और प्रेमचंद का साहित्य इस दृष्टि से पठनीय है।विभागाध्यक्ष संस्कृत प्रो. उमाकांत यादव जी ने मानवाधिकारों की रक्षा को लोकतंत्र की आवश्यक शर्त बताया। लखनऊ विश्वविद्यालय की डा. सुधा मिश्रा ने मानवाधिकार के स्त्री पक्ष पर भी ध्यान देने की आवश्यकता बतायी। डॉ कमलेश तिवारी ने साहित्य को मानवाधिकार के परिप्रेक्ष्य में और मानवाधिकारों को साहित्य के परिप्रेक्ष्य में देखने और समझने की सलाह दी। विषय प्रवर्तन विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. जयशंकर सिंह ने किया ।

# जीएसटी के डर से दुकान बंद कर भागे व्यापारी शहर के विभिन्न इलाकों में पसरा रहा सन्नाटा

**छापेमारी**

**व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से हुई तीखी नोकझोंक बिना जांच किए ही टीम लौटी वापस**

**प्रयागराज।** जीएसटी जांच को लेकर व्यापारियों में दहशत का माहौल है व्यापारी दुकान बंद कर फरार है शहर के नुरुल्लाह रोड करेली रोशन बाग खलीफा मंडी चौक क्षेत्र जो कि हर वक्त गुलजार रहता था इन सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। हालांकि इस मामले में व्यापार मंडल सक्रिय हुआ जैसे ही व्यापार मंडल को पता चला कि दुकान बंद कर आरिफ भाग रहे हैं तो व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुशांत केसरवानी अपने समर्थकों के साथ चौक स्थित संजय मार्केट पहुंचा है जब तक संगठन की टास्क फोर्स और अन्य पदाधिकारी मौके पर पहुंचते टीम नकाश कोहना फारूक स्टोर के यहां से होते हुवे अलमास ज्वेलर्स पर पहुंच गई जहां व्यापार मंडल के पदाधिकारी और एसआईबी की टीम से तीखी बहस हुई जिसके बाद टीम बिना जांच किए वापस चली गई उपस्थित व्यापारियों से वार्ता के बाद जिलाध्यक्ष सुशांत केसरवानी ने कहा की जिस तरह लाव लश्कर के साथ छापा मारा जा रहा है वो बिलकुल गलत है इस तरह की कार्यवाही संगठन बर्दाश्त ना करे अब डरने नही खुल कर लड़ने का समय आ रहा है आज जिलाध्यक्ष सुशांत केसरवानी ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा,भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण अग्रवाल,अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल से वार्ता करके एक संयुक्त कमेटी बना कर व्यापारी हितों पर साथ आने का आह्वाहन किया जिसपर जल्द ही एक बड़ी मीटिंग जल्द होने की उम्मीद है आज विरोध करने वाली में मुख्य रूप से चौक ल्रअध्यक्ष मुसाब खान,संजय रस्तोगी, सौरभ गुप्ता, शरद केसरवानी, कुणाल केसरवानी, नीरज कसेरा, नितेश कसेरा, कुशल गुप्ता, के साथ काफी संख्या में पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल को सूचित कर अधिकारी करें कार्रवाई : अनूप वर्मा

**प्रयागराज।** जीएसटी को लेकर विभाग ने शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की तो व्यापारियों में हड़कंप मच गया चौक, जीरो रोड, चक, कोठा पार्चा समेत पुराने शहर के अधि कांश इलाकों के व्यापारी दुकान बंद कर भाग निकले। जब इसकी जानकारी उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनूप वर्मा एवं जिला कोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी को हुई तो मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की जानकारी लेते हुए व्यापारी के पंजीयन से अवगत हुए कारण जाना । अनूप वर्मा ने जनसंदेश टाइम्स को बताया कि व्यापारियों का कहना है कि हमारे आधार कार्ड पर मो०नंबर लिंक ना होने के कारण पंजीयन नहीं हुआ ठीक होते ही पंजीयन करा लिया जाएगा इस आश्वासन पर विभाग के लोगों द्वारा स्टॉक चेक करके जिला अध्यक्ष अनूप वर्मा जिलाकोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी एवं व्यापार मंडल को धन्यवाद ज्ञापित किया संपूर्ण कार्यवाही की जानकारी लखनऊ कार्यालय में संरक्षक/नगरध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव को भी दिया साथ ही यह भी आश्वासन दिया आगे की कार्यवाही में व्यापार मंडल को सूचित कर और साथ लेकर कार्रवाई की जाएगी ।

## 173 करोड़ की लागत से नैनी में बन रही प्रदेश की सर्वाधिक क्षमता वाली जिला जेल, जनवरी में शिफ्ट होंगे बंदी

**प्रयागराज ।** क्षमता से कई गुना कैदियों का बोझ झेल रही प्रयागराज की नैनी सेंट्रल जेल को जनवरी से राहत मिलने वाली है। अगर सबकुछ योजना के मुताबिक रहा तो 173 करोड़ की लागत से नैनी में बन रही प्रदेश की सर्वाधिक क्षमता वाली जिला जेल में जनवरी में कैदियों को शिफ्ट किया जाएगा।

योगी सरकार द्वारा नैनी में तैयार कराई गई जिला जेल में प्रदेश की सभी जेलों से अधिक कैदी निरुद्ध किए जा सकेंगे। इसकी क्षमा 2800 बंदियों को कैद करने की होगी। यह क्षमता प्रदेश की किसी भी जिला जेल से अधिक है । जिला कारागार नैनी का निर्माण उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड करा रही है । जेल का निर्माण करा रही संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर आरएस रिजवी ने दैनिक भास्कर को बताया कि इस जेल में 173 करोड़ 33 लाख की लागत आने का अनुमान है। यह जिला जेल 65 एकड़ क्षेत्रफल में बनायी गई है । जेल में तीन सर्किल, 18 बैरक ,2 क्वारेंटाइन सेल, एक महिला बैरक और एक जुवेनाइल बैरक है। बैरक को दो मंजिला आकार दिया गया है। इस जिला जेल में दो हाई सिक्योरिटी बैरक भी हैं जिसमें 12 बंदियों को रखा जा सकता है। हाईटेक इस जेल में बंद महिला कैदियों के बच्चों की देख-रेख के लिए क्रेच का भी निर्माण कराया जा रहा है।प्रयागराज जिला जेल प्रदेश की सबसे हाईटेक सुविधाओं और सुरक्षा वाली जेल भी होगी । जिला जेल प्रयागराज में जल संचयन के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा होगी । इसके अलावा जेल के अंदर ही सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी बनकर तैयार हो चुका है । प्रोजेक्ट मैनेजर आरएस रिजवी ने बताया कि पूरा जिला जेल परिसर सर्विलांस सिस्टम और सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा।

# भरद्वाज पार्क को उसके मूल स्वरूप आश्रम में लाने की साधु संतों का प्रदर्शन

**प्रयागराज।** प्रयागराज विद्वत परिषद के प्रस्ताव के समर्थन में 2025 से पूर्व संगम नगरी के साधु संतों ने यहां महर्षि भरद्वाज के नाम पर स्थापित भरद्वाज पार्क को उसके मूल स्वरूप में लाने की सरकार से मांग के समर्थन मे भाव प्रदर्शन किया। साधु संतों ने घंटा घड़ियाल और शंख की ध्वनि के साथ पूरे पार का भ्रमण भी किया।यहां भरद्वाज पार्क पर एकत्रित हुए साधु संतों ने हाथों में तख्तियां लेकर महर्षि भरद्वाज आश्रम को पार्क लिखे जाने का विरोध किया।

जगद्गुरू श्री धराचार्य ने कहा कि प्रयागराज के मूल पुरुष महर्षि भरद्वाज के 10,000 शिष्य थे। इस आश्रम को पार्क बनाए जाने से यहां पर अश्लीलता हो रही है। साधु संतों की मांग है कि पार्क के स्थान पर आश्रम लिखा जाए और पूरे क्षेत्र को आश्रम जैसा विकसित किया जाए। जगतगुरु ने इस पार्क की





प्रदर्शन करते साधु संत

ऐतिहासिकता बताते हुए कहा कि महर्षि याज्ञवल्य ने महर्षि भरद्वाज को पहली बार रामकथा यहीं सुनाई थी। ऐसी दशा में यहां पर रामकथा होने की व्यवस्था की जानी चाहिए ना कि युवक युवतियां यहां अश्लीलता करें.

महानिवार्णी अखाड़े के महंत यमुनापुरी ने कहा कि भरद्वाज जी कई विद्याओं के ज्ञाता और प्रवर्तक थे और आयुर्वेद के जनक थे। ऐसी दशा में उनके नाम पर पार्क में शिक्षा के बजाय अश्लीलता होती है जो हम साधु संत बर्दाश्त नहीं करेंगे। जगद्गुरू घनश्यामाचार्य ने कहा कि हम वैष्णव के लिए यह आपत्तिजनक है कि जिस जगह से शिक्षा का प्रसार हुआ वहां पर इस समय अश्लीलता देखी जा रही है। इस आश्रम को जल्द से जल्द मुक्त किया जाए। जगतगुरु रामेश्वराचार्य खटला पीठाधीश्वर ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि जहां आश्रम होना चाहिए वहां पार्क है इसे जल्द से जल्द मुक्त किया जाए।

शांडिल्य जानकी दास महाराज ने कहा कि यहां अश्लीलता देख कर मन दुखी होता है कियहां अश्लीलता देख कर मन दुखी होता है की सभ्यता में यहां अश्लीलता देखकर मन दुखी होता है की सभ्यता में जिस स्थान पर पहला बड़ा गुरुकुल स्थापित था वहां आज युवक युवतियां अश्लीलता करते दिख रहे हैं। भाव प्रदर्शन में लगभग दो दर्जन से अधिक संत और ब्रह्मचारी उपस्थित थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन से शीघ्र इस पर निर्णय लेकर विरासतनर्जीवित करने की मांग की है।

### टैबलेट वितरण कार्यक्रम समारोह

**प्रयागराज।** रविवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के केंद्र ईश्वर पी जी कालेज केंद्र क्रमांक एस051 पर टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मानविकी विद्या शाखा के निदेशक डॉ सत्यपाल तिवारी रहे। उत्तर प्रदेश सरकार की संकल्पना के अनुरूप शिक्षा को सर्व शुलभ बनाने के लिए तथा शिक्षा को तकनीकी के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक जनपद तक पहुंचाने का माध्यम है टैबलेट। केन्द्र का संयोजन केंद्र के समन्वयक डा मान सिंह के नेतृत्व में किया गया जिसमें विशेष सहयोग एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर नरेंद्र सिंह, सहायक प्राक्टर डॉक्टर अखिलेश त्रिपाठी सहायक प्राक्टर डॉक्टर अमरजीत राम, महाविद्यालय कार्यालय अधीक्षक के पी तिवारी जी की रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्र समन्वयक डॉक्टर मानसिंह ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में जब शिक्षा समाज के आखिरी सोपान पर खड़ी व्यक्ति के दरवाजे पर दस्तक देती है तो लोकतंत्र की सार्थकता और प्रमाणिकता स्थापित हो जाती है। वर्तमान सरकार का टैबलेट शिक्षार्थियों को देना इस दिशा में सकारात्मक हस्तक्षेप है।

# पेड़ की छटाई कर रहे युवक पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला

**उतरांव।** फूलपुर थाना क्षेत्र के करुवा डीह गांव में रास्ते के बगल पेड़ की छटाई कर कर रहे एक युवक पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। वही लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से मारकर लहूलुहान कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। करुवा डीह थाना फूलपुर निवासी शिव चंदन भारतीय जो मजदूरी करता है। शनिवार शाम को रास्ते की बगल मीं लगे पेड़ रास्ते श्री चंदन के घर के बगल से गए रास्ते पैकेट मैं पेड़ की डाल चुग जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही थी वहीमैं पेड़ की डाल झुक जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही थी।वही युवक द्वारा पेड़ की डाल की छटाई कर रहा जो। इतने में ही पड़ोस के दबंगों द्वारा युवक पर लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से हमला



परिजनों के साथ घायल युवक

कर दिया। जिसमें युवक से चंदन लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। वही पति को पिटता देख पत्नी बीच बचाव में आई तो दबंगों ने उसकी पत्नी गुंजा देवी को भी जमकर पीटा। पत्नी के शोरगुल पर ग्रामीणों ने जान बचाई। मारपीट में घायल गंभीर रूप से घायल युवक शिव चंदन को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए युवक को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मारपीट में घायल युवक की पत्नी ने स्थानीय थाने में लिखित दबंगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।मामले की जाँच पुलिस कर रही है।

# ईडीएफसी ने नवनिर्मित डबल रेल लाइन ट्रैक पर पहली मालगाड़ी का संचालन कर किया सफल परीक्षण

**प्रयागराज।** ईडीएफसी ने आज न्यू करछना स्टेशन से न्यू इरादतगंज स्टेशन तक लिंक नव निर्मित डबल रेल लाइन के ट्रैक पर इलेक्ट्रिक लोको द्वारा मालगाड़ियों का संचालन कर परीक्षण किया। इस सेक्शन में डीएफसी का न्यू प्रयागराज छिवकी स्टेशन बनाया गया है न्यू करछना से न्यू इरादतगंज स्टेशन तक की दूरी 8.8 किमी है।इस दूरी का ट्रैक तैयार हो चुका है जिसमे सिविल, विद्युत कार्य पूर्ण, सिंगनल परीक्षण प्रगति पर है सिंगनल टेस्टिंग पूरी होने के बाद इस रूट में नियमित मालगाड़िया शुरू होगी।

डेडिकटेड फ्रेट कॉर्रिडोर यह उच्च गति और उच्च क्षमता वाले विश्वस्तरीय तकनीक के अनुसार बनाया जाने वाला रेलमार्ग हैं। जिसे विशेष तौर पर माल एवं वस्तुओं के परिवहन हेतु बनाया जाता हैं।



डीएफसी मे बेहतर बुनियादी ढांचे और साथ ही अत्याधुनिक प्राधौगिकी का एकीकरण शामिल होता हैं।

ईस्टर्न डेडिकेटड फ्रेट कॉर्रिडोर यह डेडिकेटड फ्रेट कॉर्रिडोर पंजाब के लुधियाना से होकर पश्चिम बंगाल के दानकुनी तक संबंध हैं। वही ईस्टर्न डेडिकेटड फ्रेंट डोर के मार्ग में कोयला खदानें, थर्मल पॉवर प्लांट और औद्योगिक शहर मौजूद हैं। इसके मार्ग में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार शामिल हैं। इस परियोजना का अधिकांश हिस्सा विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित हैं। डेडिकेटड फ्रेट कॉर्रिडोर भारत के परिवहन क्षेत्र में सुधार करेगा और भारतीय रेलवे के ट्रैक मार्गो की क्षमता में बढ़ोतरी करेगा क्योंकि इस मार्ग पर मालगाड़ियों को बिना किसी बाध्यता के स्वतंत्र रूप से आवगमन करेंगी। वर्तमान में भारतीय रेलवे नेटवर्क पर चलने वाली लगभग 70 प्रतिशत माल गाड़ी डेडिकेटड फ्रेंट कॉर्रिडोर पर स्थानांतरित कर दी जायेगी जिसके बाद यात्री ट्रेनों को और अधिक रास्ता मिल सकेगा। डेडिकेटड फ्रेंट कॉर्रिडोर रेल लाइन को भारतीय रेलवे की रेल लाइनों की तुलना में अधिक भार उठाने के लिए डिजाइन किया गया है जो की व्यावसायिक व व्यापारिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण हैं इस नये फ्रेट रेल मार्ग से भारतीय रेलवे की मुख्य लाइनों पर अधिक गाड़ियां चलाई जा सकेगी जिससे भारतीय ट्रेने अधिक समयबद्ध हो सकेगी। इसमे रसद लागत कम हो जायेगी उच्च ऊर्जा दक्षता माल की त्रिवता से आवाजाही यह पर्यावरण से अधिक अनुकूल हैं। यह व्यापार की सुगमता प्रदान करेगा जो रोजगार सृजन मे सहायक हैं। मुख्य महाप्रबंधक ओमप्रकाश ने बताया की न्यू करछना स्टेशन से न्यू इरादतगंज स्टेशन तक नवनिर्मित डबल रेल लाइन ट्रैक पर आज मालगाड़ियों का संचालन का सफल परीक्षण किया गया आज से इस ट्रैक पर इस रूट में मालगाड़ियों का संचालन होगा।

अब इस रूट पर मालगाड़ियों की आवाजाही शुरू हो जाएगी इस खंड को खुलने से डीडीयू की ओर से आने वाली मालगाड़ियां वाया छिवकी और नैनी स्टेशन नहीं चलेंगी, मुंबई जाने वाली सवारी ट्रेनें नैनी और छिवकी स्टेशनों पर नहीं फंसेगी।

## संक्षेप

### सैनी बस स्टॉप बना अराजक तत्वों अड्डा

**दारानगर, कौशांबी।** सैनी बस स्टॉप बना अराजक तत्वों का ठिकाना। रात्रि होते ही लग जाता है नशेडियो का जमावड़ा। सैनी मुख्य हाईवे मार्ग है जो की कानपुर प्रयागराज को जोड़ता है, यहां से यात्री को आवागमन भी रहता है। शाम होते ही अराजकतत्वों पहुंच जाते हैं। प्रशासन के मौन रवैये से बाहरी यात्रियों को ज्यादा दिक्कत होती है। ऐसे में किसी दिन भी अप्रिय घटना घटने से इंकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि पूर्व में चोरी छीनयती जैसी घटना घट चुकी है। क्षेत्रीय बुद्धिजीवियों की बातों पर यकीन करें तो कहा जा रहा है, यहां पर जमावड़ा लगाने वाले नशेढ़ी टाइप के लोग के क्रियाकलापों से महिला यात्रियों को शर्मशार होना पड़ता है। हालाकि क्षेत्रीय लोगों ने स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### सड़क का अधूरा काम छोड़कर ठेकेदार फरार

**कौशाम्बी।** इचौली.बसोहनी मार्ग से मुख्यालय को जोड़ने के लिए भड़ेसर तक बनाई गई सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सड़क क्षतिग्रस्त होने के बाद मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया। ठेकेदार एक किलोमीटर लेपन कार्य करने के बाद फरार हो गया। आधी सड़क पर लेपन कार्य और आधी सड़क गड्ढे होने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसे लेकर लोगों में रोष है।

### बाइक से गिरकर युवक जख्मी

**कौशाम्बी।** बेरूआ गांव का राजू सुबह भरवारी से घर लौट रहा था। चरवा थाना क्षेत्र के उरई गांव के समीप रविवार की सुबह बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इसमें युवक जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को देते हुए घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

### प्रेमी संग फरार हुई विवाहिता

**कौशाम्बी।** कोखराज इलाके में ब्याही युवती घर से नकदी व गहने समेट कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। दो महीने पहले वह ससुराल से मायके गई थी। कुछ दिन बाद पति बुलाने गया तो पता चला उसकी पत्नी पड़ोसी युवक के साथ फरार हो गई। पति ने बताया कि विवाहिता ससुराल से मायके जाते वक्त 22 हजार रुपये नकदी के साथ करीब एक लाख रुपये के गहने समेट ले गई थी। पीड़ित पति ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की है।

# जीएसटी छापामारी से दहशत, व्यापारियों ने बंद रखी दुकान



जीएसटी को लेकर बंद व्यापारियों की दुकानें

**दारानगर, कौशाम्बी।** दारानगर सिराथू तहसील के विभिन्न प्रमुख बाजारों में जीएसटी टीम की छापेमारी को लेकर दहशत की जद में आए ज्यादातर दुकानदारों ने अपनी दुकान बंद रखी। ऐसे में दुकानों पर खरीदारी के लिए पहुंचे ग्राहकों को निराश होकर लौटना पड़ा। सिराथू, सैनी, देवीगंज, कड़ाधाम, टेढीमोड़, दारानगर, अझुवा, आदि प्रमुख बाजारों में रविवार को जीएसटी अधिकारियों का खौफ विगत तीन दिनों से देखा जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि दुकानों पर अधिकारी अचानक पहुंच जाते हैं। ऐसे में दुकानदार दुकान खोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि उन्हें परेशान किया जा रहा है। इस दशा में दुकान खोल कर व्यापारी रिस्क नही लेना चाहते हैं। हालांकि यह हाल समूचे जनपद में देखने को मिली। मंझनपुर, भरवारी, सरायअकिल, मनौरी, चरवा, मूरतगंज आदि कस्बों में ज्यादातर व्यापारियों की दुकानें जीएसटी छापामार कार्यवाही की दहशत में दुकानों को बंद रखा।

## छापेमारी को लेकर साकिपा आज करेगी प्रदर्शन

**आह्वान**

**स्टेट जीएसटी के नाम पर चल रही छापेमारी बंद हो,व्यापारियों को किया आह्वान**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने स्टेट जीएसटी के नाम पर समूचे जनपद की बाजारों में चल रही सरकारी छापेमारी को लेकर सोमवार को विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने छापेमारी से परेशान व्यापारियों एवं दुकानदारों का समर्थन करते हुए कहा कि व्यापारियों एवं दुकानदारों को घबराने की जरूरत नहीं है। बगैर किसी नोटिस के अचानक से किसी व्यापारी या दुकानदार की दुकान में छापेमारी की गई तो समर्थ किसान पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता सड़क पर उतरेंगे। आगे कहा कि स्टेट जीएसटी के नाम पर चल रही छापेमारी बंद होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर व्यापारियों एवं दुकानदारों का अनावश्यक उत्पीड़न और शोषण नहीं होने दिया जाएगा। इसी के साथ अजय सोनी ने जिले के तमाम व्यापारियों एवं दुकानदारों को सोमवार को ग्यारह बजे जिलाधिकारी कार्यालय मंझनपुर पहुंचने एवं प्रदेश सरकार को नामित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपने में सहयोग करने की अपील की है।

## सोना चांदी सहित गृहस्थी खंगाल ले गए चोर

**चम्पहा, कौशाम्बी।** कौशांबी कोतवाली क्षेत्र के मढ़ी गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर 400 ग्राम सोना 2 किलो चांदी 22 हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया है।

मढ़ी गांव के बालकृष्ण शुक्ला के मुताबिक शनिवार की रात छत के रास्ते से चढ़े चोरों ने सोने का मंगलसूत्र, हाथ का कड़ा, झुमका, जंजीर,लाकेट, हार सभी सामान तीन सेट में सोने का सामना व 2 किलो चांदी के गहने जिसमें करधनी, पायल, हाफ पेटी, बिछुआ आदि व 22 हजार नकद चोर उठा ले गए। पीड़ित ने बताया कि चोरों के डर की वजह से उसने जेवर व नकदी स्टील के डब्बे में भरकर सीढ़ी के नीचे जमीन में गाड़ दिया था। सुबह जब आंख खुली तो देखा की चोरों ने गड्ढा खोदकर नगदी व जेवर पर हाथ साफ कर दिया है। हालांकि बालकृष्ण की तहरीर पर पुलिस ने मामले को दर्ज कर लिया है। और चोरों का पता लगा रही है।

## राम नाम के उच्चारण से पापों से मिलती है मुक्ति

**बारा, कौशाम्बी।** ब्लॉक क्षेत्र के मां कालका धाम मंदिर में चल रहे शिव शक्ति यज्ञ के तीसरे दिन रविवार को कथा व्यास ने राम कथा में सुनाई। इसमे कहा कि राम नाम के उच्चारण से ही मनुष्य के सभी पापों का नाश हो जाता है। राम जन्म की कथा सुन श्रोता भावविभोर हो गए। जय श्री राम के जयघोष से कथा पंडाल गुंजायमान हो उठा।



कथा व्यास

कौशाम्बी ब्लॉक स्थित मां कालका धाम मंदिर में चल रहे महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को कथा व्यास ने कहा कि राम नाम का उच्चारण मात्र से पापों से मुक्ति मिल जाती है। उन्होंने तुलसीदास व बाल्मिकी के ज्ञान प्राप्ति के साथ राम कथा की लीलाओं का संगीतमयी वर्णन किया। कहा कि त्रेता युग में भगवान राम ने मयार्दा को स्थापित किया था। राजा दशरथ के जीवन के तीसरे पड़ाव तक तीनों रानियों में कोई पुत्र नहीं था। गुरु वशिष्ठ के कहने पर राजा ने पुत्रेष्टी यज्ञ कराया। इसके बाद राम नवमी के साथ भगवान राम ने महारानी कौशल्या के गर्भ से प्रकट हुए। राम जन्म की कथा सुन श्रोंता भाव विभोर हो गए। संजोयक ने बताया कि नौ दिनों तक कथा का संगीतमयी वर्णन किया जाएगा। इस मौके पर प्रधान संघ के अध्यक्ष शशिकांत त्रिपाठी, आचार्य शयमसुन्दर शुक्ल, शिवबाबू, भोला नाथ पांडेय, सूर्यदिन, साहबलाल, कालका प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

## ग्राम सभा के ग्रामीण महिलाएं, वृद्ध कर रहे है बीसी सखी का इंतजार

**कनैली, कौशाम्बी।** विकास खण्ड कौशांबी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बैंकिग सुविधा देने के लिए सरकार ने प्रत्येक ग्रामसभा में बीसी ;बैंकिग कारेस्पोंडेंस सखी की नियुक्ति कर दिया है,लेकिन ग्रामीणो का कहना है कि बेरौचा ग्राम सभा मे बी सी सखी नियुक्त हुए है लेकिन ग्रामीणो को सुविधा नही मिल रही है। इससे ग्रामीणो कि महिलाओं और वृद्ध बीमार पुरुषों को बैंकों तक आने और बैंक की लाइन में लगकर लेन.देन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांवों में महिलाओं के स्वभाव में बचत और बजट का निर्धारण बनता है। महिलाओं सहित अन्य लोग भी अपने ग्रामपंचायत भवन में ही अपने खाते के रुपयों के लेनदेन का कार्य सुगमता से कर सकेंगे। कौशांबी ब्लाक के सभी ग्रामसभा में बीसी सखी का चयन कर उन्हें अपने गांव के पंचायत भवन में बैंक सखी के रूप में नियुक्ति किया गया है। इसमें ग्रामीण अंचल के लोगों को अपने दैनिक बचत, पैसा भुगतान और बैंक संबंधी कार्यों में सहूलियत होगी। लेकिन कभी भी गांव मे बी सी सखी नही दिखाई देते है। हालांकि लोगों ने इसकी जांच कराए जाने की मांग जिला प्रशासन से किया है।

# चौबीस गांव के लोगों में पेयजल संकट

**संकट**

**शौपीस में तब्दील हुई विजिया चौराहा में संचालित पानी टंकी**

**कनैली, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के विजिया चौराहा में बनी पानी टंकी अनदेखी के चलते लोगों को मुंह चिढ़ाती नजर आ रही है। हालांकि कभी इस पानी टंकी से क्षेत्र के तकरीबन दो दर्जन गांवों में पेयजल सप्लाई हुआ करती थी। ऐसे में लोगों के बीच पेयजल का संकट खड़ा है।

बता दें कि तकरीबन तीस वर्ष पहले पहले विजिया चौराहा में पानी टंकी का निर्माण कराया गया था। बामुश्किल चार पांच साल चलने के बाद सप्लाई बंद कर दी गई। अब ग्रामीण हैंडपंपों के सहारे हैं। इसकी वजह से उन्हें दिक्कतें हो रही हैं। उधर शिकायत के बाद भी जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं। क्षेत्रीय लोगों की बातों पर यकीन करें तो कहा जा रहा है कि 80 हजार लीटर की पानी टंकी का संचालन इसलिए कराया गया था ताकि क्षेत्रीय लोगों को पेयजल के लिए भटकना न पड़े। लेकिन



लोगों को मुंह चिढ़ाती लाखों की लागत से पानी टंकी

जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते यह परियोजना संचालन के कुछ साल बाद ही धडाम हो गई। वहीं विजिया चौराहा, बेहन पुरवा, इटैला, कोशम खिराज, जोगापुर, बारा, हिसामबाद, दाई का पूरा, मुस्तफा बाद, बेरौचा, गढ़वा सहित तकरीबन 24 गांवों में जलापूर्ति की जाती थी। ग्रामीणों ने बताया कि बामुश्कि चार.पांच साल सप्लाई की गई। इसके बाद छोटी.छोटी खामियां दूर नहीं कराए जाने के कारण आपूर्ति बंद कर दी गई। लिहाजा ग्रामीण हैंडपंप के भरोसे हो गए। गांव वालों की मानें तो अधिकतर हैंडपंप पहले से ही बिगड़े हुए हैं। कुछ गर्मी की शुरूआत होते ही पानी उगलना बंद कर देते हैं। ऐसे में परेशानी बढ़ गई है। लोगों को दूसरे मुहल्लें में हैंडपंप पर पानी के लिए लाइन लगानी पड़ती है। गांव के लोगों का साफ कहना है कि हर गर्मी में पानी का अकाल पड़ जाता है। इस बार भी पानी टंकी दुरुस्त कराकर सप्लाई नहीं चालू कराई गई तो जल समस्या सिर चढ़कर बोलेगी। अभी पांच साल पहले तक पानी टंकी में पंप ऑपरेटर आदि पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति थी। पर यहा पर कोई कर्मचारी नही है। हालांकि लोगों ने इस समस्या की ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# वन अम्ब्रेला चैरिटेबल ट्रस्ट में मौजूद मनोरोगियों को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण**

**काउंश्लिंग को पहुंचे साईकल्टिक सोशल वर्कर जयशंकर पटेल**

**कौशाम्बी।** वैसे तो चायल के मिनहजपुर गांव में संचालित वन अम्ब्रेला चैरिटेबल ट्रस्ट मनोरोगियों के लिए वरदान साबित हो रहा है। रविवार को एक औपारिक भेंट वार्ता में संस्था के संस्थापक महदी अली राजपूत ने बताया कि इस क्षेत्र में चार टीमें काम करती हैं। साइकल्टिक, साइकोलाजिस्ट, साइको नर्स, साइकल्टिक सोशल वर्कर। उन्होंने बताया कि रविवार को साइकल्टिक सोशल वर्कर जयशंकर पटेल द्वारा ट्रस्ट में आकर मौजूद मनोरोगियों की कार्उश्लिंग किया। वहीं मनोरोगियों को प्रशिक्षण



काउंसलिंग के दौरान बैठे मनोरोगी

भी दिया गया। हालांकि बताना जरूरी होगा कि मिनहजपुर गांव में संचालित वन अम्ब्रेला चैरिटेबल ट्रस्ट में मनोरोगियों के लिए एक बेहतर तरीके से व्यवस्था कराई गई है। संस्थापक के अनुसार मनोरोगियों दवा, सही खान पान, समय-समय पर प्रशिक्षण आदि देकर उन्हें ठीक किया जाता है। संस्था से कई ऐसे मनोरोगी ठीक होकर अपने परिवार के बीच रहने भी लगे हैं। हालांकि उन्होंने बताया कि किसी मनोरोगी को आश्रम में लाने के एक सप्ताह तक कहीं न कहीं बड़ी समस्याएं झेलनी पड़ती हैं। इसके बाद धीरे-धीरे उनका रूटीन चेंज होता है, हालांकि उनके अनुसार, सही खान पान, प्रशिक्षण और दवा आदि से मनोरोगी ठीक होकर दोबारा अपने परिवार के बीच पहुंचकर खुशी से जीवन जीने लगते हैं। संस्था में बकाएदे इलाज के लिए चिकित्सक भी पहुंचते हैं जो समय-समय पर इलाज ओर उन्हें स्वस्थ करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके लिए बकाएदे कैंप जैसा कार्यक्रम आयोजित होता है।

### घर में घुसकर महिला को पीटा, चार पर केस

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के सेउथा गोपालपुर गांव में दबंगों ने घर में घुसकर महिला को पीट दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सेउथा गोपालपुर गांव की कलावती पत्नी श्रीराम ने बताया कि पड़ोसी पट्टीदार कमलेश से उसकी रंजिश चल रही है। इसी अदावत में दो दिन पहले दोनों के बीच कहासुनी हो गई। झड़प के बाद पड़ोसी साथियों के साथ महिला के घर पर आ गया। घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपितों ने महिला को पीट दिया। पड़ोसी के घर हंगामा देख गांव के अन्य लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों को देख आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। देर शाम पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित कमलेश समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पट्टीदारों ने दंपती पर लाठी डंडे से किया हमला

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के तिवारी का पुरवा गांव में पट्टीदारों ने दंपती पर लाठी.डंडे से हमला कर दिया। इसमें दंपती जख्मी हो गए। बीच.बचाव करते हुए लोगों ने मामला शांत कराया। पीड़ित से तहरीर लेकर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

तिवारी का पुरवा निवासी ननबच्चा ने बताया कि पड़ोसी से उसकी रंजिश चल रही है। शनिवार की शाम दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद पड़ोसी पत्नी के साथ उसके घर पर आ गया। घर में घुसकर पत्नी ननकी को पीटना शुरू कर दिया। पत्नी के साथ मारपीट देख वह बीच.बचाव करने पहुंचा तो आरोपित दंपती ने लाठी.डंडे से उसकी भी पिटाई कर दी। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद तहरीर लेकर आरोपित दंपती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## युवक से की मारपीट

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के लोधन का पुरवा गांव बबलू ने बताया कि पड़ोसी से उसकी कहासुनी हो गई। इसके बाद पड़ोसी ने उसे लाठी.डंडे से पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रंजिशन चाचा-भतीजे को पीटकर किया जख्मी

**कनैली, कौशाम्बी।** थाना क्षेत्र के झडियां का पुरवा गांव में दबंगों ने चाचा.भतीजे को पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराया। इसके बाद पीड़ित से तहरीर लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

झडियां का पुरवा निवासी राजेश कुमार का पड़ोसी गांव चुन्नी का पुरवा के एक परिवार से पुराना विवाद चल रहा है। राजेश खेत से घर लौट रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे आरोपितों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। चाचा के साथ मारपीट देख भतीजा कुलदीप बीच.बचाव करने पहुंचा तो आरोपितों ने उसकी भी पिटाई कर दी। सरेराह युवकों के साथ मारपीट देख घर.परिवार के साथ गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़ित से तहरीर लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## चकमार्ग पर किया कब्जा केस दर्ज

**कौशाम्बी।** सदर तहसील के अजरौली निवासी संगम लाल ने बताया कि पड़ोसी ने कब्जा करते हुए चक मार्ग को तोड़कर खेत में मिला लिया। जानकारी होने पर विरोध किया तो आरोपित ने जान से मारने की धमकी। बताया कि आरोपित ने जिलाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करते हुए जमीन पर कब्जा कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामलों की छानबीन शुरू कर दी है।

## अवैध खनन का अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**चंपहा, कौशाम्बी।** कौशांबी कोतवाली क्षेत्र में कई घाटों परअवैध बालू खनन का काम रात के अंधेरे में चल रहा था। सूचना पर पहुंची कौशांबी पुलिस ने कुछ घाट से चार ट्रैक्टर बालू बरामद कर लिया है। जिसमें सूचना पर पहुंचे खनन निरीक्षक ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया है। ऐसे में क्षेत्र के अवैध बालू का खनन कर रहे माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। कौशांबी कोतवाल रमाशंकर सरोज ने बताया कि कई दिनों से अवैध बालू खनन की शिकायत मिल रही थी। जिसमें शनिवार को सुबह भोर में पाली घाट पर छापा मारा गया तो चार ट्रैक्टर बालू बरामद हुआ। बालू माफिया अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे खनन निरीक्षक ने अवैध बालू जप्त कर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस पता लगा रही है कि अवैध खनन कौन करवा रहा है। वहीं पुलिस की इस कार्यवाई से बालू माफियाओं में खलबली मची हुई है।

# भारतीय भाषा दिवस के रूप में मनाई गई राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती

**जयंती**

**बच्चों के मध्य पेंटिंग, कला, निबंध लेखन, खेलकूद व कहानी व कविता सुनाने जैसी प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार के निर्देश पर रविवार को कड़ा विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय सौंरई बुजुर्ग में महाकवि की जयंती के अवसर पर प्रधानाध्यापक अजय कुमार साहू ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाध्यापक अजय कुमार साहू ने बताया कि सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण पर सुब्रह्मण्यम भारती की रचनाएं आज भी प्रासंगिक हैं। उनको महाकवि भारतियार के नाम से भी जाना जाता है। उनकी



कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं

कविताओं में राष्ट्रभक्ति कूट.कूट कर भरी हुई है। वह एक कवि होने के साथ.साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी, समाज सुधारक, पत्रकार तथा उत्तर भारत व दक्षिण भारत के मध्य एकता के सेतु समान थे।

उनके व्यक्त्वि पर काशी ने अमिट प्रभाव छोड़ी है। महाकवि का जीवनए विचार और लेखन हमारी आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका राठौर शशि देवी ने बताया कि हाल ही में भाषा समिति ने 11 दिसंबर की तारीख को भारतीय भाषा दिवस या भारतीय भाषा उत्सव के रूप में प्रस्तावित किया था। इसके बाद यूजीसी ने सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को 11 दिसंबर को भारतीय भाषा दिवस मनाने का निर्देश दिया। इसी क्रम में शासनादेश के अनुपालन में विद्यालय में राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती जी के जन्म दिन को भाषा दिवस के रूप में मनाया गया व राष्ट्रकवि के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान सौंरई बुजुर्ग के बच्चों ने पेंटिंग एकलाएखेलकूद व कहानी सुनाने व कविता सुनाने जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक व बालिका वर्ग के छात्र छात्राओं को प्रधानाध्यापक ने पुरस्कृत किया गया।

## विद्यालयों को मनाई गई महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती की जयंती

**कौशाम्बी।** शासन के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में रविवार को महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती जी के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं माध्यमिक विद्यालयों में भारतीय भाषा दिवस उत्सव मनाया गया। भारतीय भाषा दिवस उत्सव मनाए जाने उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के तहत छात्रों को भारतीय भाषाओं की जानकारी देने व अन्य भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए प्रोत्साहित करना है । सभी प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय में भारतीय भाषा दिवस को हर्षोल्ल्लास के साथ उत्सव के रूप में मनाया गया विद्यालयों में भाषण, निबंध, चित्रकला आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें में छात्र व छात्राएं ने प्रतिभाग किया। इसके साथ ही अध्यापकों द्वारा छात्र.छात्राओं को महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती जी एवं अन्य महाकवियों के विषय में जानकारी दी गई।

# मारपीट के दौरान मासूम को सड़क पर पटका, मौत

**निर्दयी**

**पुरानी रंजिश में दो पक्षों में रविवार को हो रही थी मारपीट**

**प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में रविवार को मारपीट हो रही थी। इसी दौरान एक पक्ष ने पास खड़े पांच वर्षीय मासूम बच्चे को सड़क पर पटक दिया। गंभीर हालत में परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गये। हालत नाजुक होने पर मासूम को मुख्यालय रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

लालगंज के उदयपुर थाना क्षेत्र स्थित पूरे चैहान भागवत गांव में कमल चंद्र सिंह व अरविंद सिंह के बीच पुरानी रंजिश बताई जाती है। रविवार की दोपहर इसी रंजिश के चलते दोनों पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान दरवाजे पर कमलचंद्र का 5 वर्षीय बेटा प्रियाशुं खड़ा था। अरविंद ने गुस्से में प्रियांशु को उठाकर सड़क पर पटक दिया। इसके चलते मासूम गंभीर रूप से लहूलुहान होकर अचेत हो गया। परिवार के लोग आनन फानन में मासूम को घायल अवस्था में सांगीपुर सीएचसी इलाज के लिए लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने प्रियांशु की गंभीर हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला मुख्यालय ले जाते समय रास्ते में ही प्रियांशु की मौत हो गई। मासूम का शव रोते बिलखते परिजन लेकर जब घर पहुंचे तो परिवार की महिलाओं में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर उदयपुर पुलिस गांव पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी।


मासूम की फाइल फोटो

### बहन के घर से वापस लौट रहे युवक की बाइक छीनी

**पट्टी।** बहन के साथ घर वापस लौट रहे एक युवक की बाइक बदमाशों ने छीन लिया। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के पूजा देवी पत्नी रामदेव गौतम निवासी रेडीगारापुर ने बताया कि अपने भाई शैलेश के साथ कुंधुआ गांव थाना आसपुर देवसरा अपने घर गई थी। जहां पर कुछ आरोपी उसकी बाइक रास्ते मे रोककर छीन लिए। मामले में पीड़िता ने शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### धर्म की स्थापना के लिए भगवान लेते है जन्म : आचार्य शेषधर

**प्रतापगढ़।** लालगंज के पौराणिक स्थली बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम बाजार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक आचार्य शेषधर मिश्र अनुरागी ने ज्ञानवर्धक बातें कही। कथा के चैथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव व कृष्ण बाल लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है उसे समाप्त कर धर्म की स्थापना के लिए भगवान को जन्म लेना पड़ता है। जब कंस ने अपनी सभी मयार्दा तोड़ दी तो भगवान ने श्री कृष्ण के रूप में जन्म लेकर अत्याचार और अन्याय का नाश किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत में भगवान की आराधना और उनके चरित्र का वर्णन ही नहीं है बल्कि श्रीमद् भागवत कथा में वह सारे तत्व है जिनके माध्यम से व्यक्ति अपने कल्याण के साथ उससे जुड़े अन्य लोगों का भी कल्याण करता है। प्रत्येक व्यक्ति को श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण एवं अनुसरण करना चाहिए। बिना आमंत्रण के भी श्रीमद् भागवत कथा में पहुंच कर श्रवण करना चाहिए। इससे जीव का कल्याण होता है। इस अवसर पर कमल कृष्ण अनुरागी, राजू सोनी, दिनेश मिश्र, विपिन पांडे, शुभम श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या कथा प्रेमी मौजूद रहे।

# जीएसटी की छापेमारी के विरोध में व्यापारियों में सरकार के प्रति गुस्सा, सौंपा ज्ञापन

**प्रतापगढ़।** जिले भर में जीएसटी व आयकर विभाग द्वारा व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी के विरोध में व्यापारियों ने सरकार के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष व महामंत्री एके सिंह की अगुवाई में व्यापारियों ने शहर के बाबागंज स्थित कार्यालय पर रविवार को बैठकर विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही पर सरकार पर व्यापारियों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। इस संबंध में महामंत्री ए के सिंह ने सीएम, केंद्रीय वित्त मंत्री व पीएम को संबोधित ज्ञापन सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य को सौंपा। व्यापार मंडल के महामंत्री ए के सिंह ने कहा कि विभाग की इस तरह की कार्यवाही से व्यापारी डरे व सहमे हैं। सरकार का यह आदेश व्यापारियों को डराने वाला है। इस तरह छापा मारकर व्यापारियों में दहशत का माहौल पैदा किया जा रहा है। विभागों द्वारा इस तरह छापा मारकर व्यापारियों को डराने का काम जारी रहा तो सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर सड़क पर उतरकर प्रदर्शन को बाध्य हो जाएंगे। व्यापारी ईमानदारी से सरकार के सारे राजस्व को जमा कर रहा है। इसके बावजूद छापा मारकर व्यापारियों के बीच दहशत पैदा करना विभागों, जिला प्रशासन व शासन का यह रवैया ठीक नहीं है। एके सिंह ने कहा कि सरकार को बनाने में व्यापारियों का पूर्ण समर्थन रहा है। व्यापारियों द्वारा सरकार के राजस्व की बढ़ोत्तरी में बहुत बड़ा योगदान है। फिर भी सरकार को न जाने क्या सुझा की अपने ही समर्थकों को दमन करने का अधिकारियों को आदेश दिया है। बतादें की राजस्व की वसूली के लिए दो दिन पूर्व डीएम ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की थी। जिसमें विभागीय अधिकारियों को अधिक से अधिक राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित करते हुए यम वसूली ओर चेतावनी जारी किया था। व्यापारियों की बैठक में जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह छावड़ा, संदीप रावत, अमर केसरवानी, तुषार, रमेश, जगमीत समेत दर्जनों की संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।


विधायक को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

### भगवान श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर

**प्रतापगढ़।** शहर के पड़ाव वार्ड अजीत नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चैथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। स्थानीय निवासी आशुतोष त्रिपाठी एवं अमितोष त्रिपाठी के संयोजन में चल रही इस कथा के दौरान कथा व्यास पंडित अरुणेश जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव प्रसंग पर ऐसी कथा सुनायी कि कथाश्रवण के दौरान लोग भावविभोर हो उठे। कथा में जैसे ही भगवान का जन्म हुआ पूरा पांडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, के जयकारों से गूंज उठा । इस दौरान लोग झूमने और नाचने लगे। मुख्य अजमान अरुण प्रताप त्रिपाठी को कथा श्रवण कराते हुए कथा व्यास ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस दौरान मुख्य रूप से अमित शुक्ला, विजय प्रताप त्रिपाठी, शिवाकांत मिश्र, ओम प्रकाश त्रिपाठी, अनिल प्रताप त्रिपाठी, डॉ. अनूप पाण्डेय, दिलीप शुक्ला, अखिल नारायण सिंह, अंजनी अमोघ, अजीत प्रताप त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### भारतीय भाषा दिवस पर विद्यालयों में किया गया आयोजन



**प्रतापगढ़।** भारतीय भाषा दिवस के अवसर पर रविवार को लालगंज क्षेत्र के परिषदीय एवं सहायता प्राप्त स्कूलों में विविध आयोजन किए गए। लालगंज ब्लाक के उमापुर प्राथमिक विद्यालय में भाषा दिवस पर नौनिहालों को जागृत करने के लिए लेखन तथा कविता एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में नौनिहालों को विभिन्न भारतीय भाषाओं की जानकारी दी गई। निबंध, कविता प्रतियोगिता के जरिए नौनिहालों को भारतीय भाषाओं के गौरव को लेकर उत्साहित किया गया। भाषा दिवस पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव ने शिक्षकों को बच्चों को भारतीय भाषाओं की विविधताओं के बारे में जागृत करने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संयोजन उमापुर में प्रधानाध्यापक प्रभाकर दुबे ने किया। इसी क्रम में विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में कटराबलीपुर संतोष मिश्रा, असरही स्कूल में पूनम सिंह, मेढ़ावा में राजेश्वर यादव, रामगंज में पूजा त्रिपाठी, जगन्नाथपुर में प्रज्ञा मिश्रा, खजूरी में रामकृष्ण तिवारी अझारा में राजकुमार पांडे, यूपीएस भोजपुर में आशुतोष शुक्ला, धादुआगाजन में अखिलेश सिंह, केशवपुर में सुंदरलाल, रिकी में चंद्र प्रकाश मिश्र, आसैनापुर में हीरालाल तथा बासुपुर में बाल कृष्ण यादव के संयोजन में भारतीय भाषाओं को जागरूक करने को लेकर विभिन्न आयोजन हुए। वहीं प्राथमिक विद्यालय उमापुर में समाज सेविका डॉक्टर आरती विश्वकर्मा ने बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर इत्यादि भेंट कर उत्साहवर्धन किया।

### बोर्डो मिश्रण का उपयोग करना अत्यंत लाभकारी : डा. राम सेवक



**पट्टी।** गुणवत्ता युक्त प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पान उत्पादक कृषकों को तकनीकी जानकारी दिए जाने के उद्देश्य से औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरो बाग प्रयागराज द्वारा रामपुर बेला पट्टी में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को पान की बेल लगाने से पूर्व शोधन तथा पान की तुलाई उपरांत पैकिंग विधियों की जानकारी दी गई। वैज्ञानिक रामसेवक चैरसिया ने पान की बेल तथा भूमि शोधन के लिए बोर्डो मिश्रण का उपयोग करना अत्यंत लाभकारी बताया। बोर्डो मिश्रण तैयार करने में बिना बुझा हुआ चूना तथा कापर आक्सीक्लोराइड को एक निश्चित अनुपात में मिलाकर घोल तैयार करके प्रयोग करना चाहिए। उद्यान वैज्ञानिक डा. वीके सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा 15 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में पान की खेती करने वाले किसानों को 75 हजार रुपये का अनुदान व एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में खेती करने वालों को 50 हजार रुपये का अनुदान प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाता है। पान उत्पादक कृषकों को प्रशिक्षण किट तथा उपकरण के रूप में हैंड स्प्रेयर का वितरण किया गया। जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह राणा ने कहा कि पान की खेती करने वाले कृषक अनुदान के सम्बंध में कार्यालय में सम्पर्क करें।

### रैली निकालकर मतदान के प्रति किया जागरूक



**प्रतापगढ़।** मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन के नेतृत्व में रविवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। कुंडा तहसील की नवगठित नगर पंचायत हीरागंज में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए लोगों को मतदान की महत्ता को बताया गया। भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन द्वारा नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों में मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। जन जागरण रैली में सैकड़ों लोगों ने मां नायर देवी धाम में एकत्र हुए। रैली हीरा गंज बाजार होते हुए बैरागीपुर, फतुहाबाद, जगापुर, बलीपुर, गोगहर, ऐंधा, शुकुलपुर, बडूपुर, वजीरपुर, समेत सभी वार्डों में होते हुए माँ नायर देवी धाम में वापस समाप्त हुई। इस दौरान इंद्रभूषण शुक्ल मौजी, अनिल कुमार द्विवेदी, राजेंद्र प्रताप सिंह, नईम प्रधान, राकेश प्रताप सिंह मामा,श्याम लाल कोटेदार, लाला सरोज, समेत भारी संख्या में नगर पंचायतवासियों ने हिस्सा लिया।

### बाइक चोरी की दी तहरीर

**पट्टी।** शादी समारोह में गए एक युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने मामले में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के चिकपट्टी गांव के रहने वाले अफसर पुत्र ननकऊ शनिवार को तुर्कान गली जेएमडी पैलेस में शादी समारोह में गया हुआ था। उसने अपनी बाइक बाहर ही खड़ी कर दी। थोड़ी देर बाद ज बवह वापस आया तो वहां पर उसकी बाइक नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली। पीड़ित ने मामले में पट्टी कोतवाली में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है।

## पशु पालक पर मवेशी चोरों ने झोका फायर

**रानीगंज।** मवेशी चोरों ने पशुपालक पर फायर झोक दिया। पशुपालक के कान को छूते हुए गोली निकल गई। गांव के लोग दौड़े तो बदमाश भाग निकले। परिजनों ने पशुपालक को रानीगंज सीएचसी में भर्ती कराया। हालत नाजुक देखकर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रानीगंज थाना क्षेत्र के लच्छीपुर गांव निवासी दयाशंकर यादव (55) मवेशी को पाल रखा है। दूध बेचकर परिवार का खर्च चलाता है। शनिवार देर रात चोर पहुंच गए। उसके घर से पहले ही वाहन को खड़ा कर दिए। उसकी भैंस को खोलकर लेकर अपने वाहन के पास जा रहे थे। इस बीच दयाशंकर की नींद खुल गई। वह शोर मचाने लगा। मवेशी चोरों ने तमंचे से फायर झोक दिया। दयाशंकर के कान के बगल से गोली लगते हुए निकल गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। फायर की आवाज को सुनते ही आसपास के लोग जग गए और दौड़ पड़े इस बीच मवेशी जानवर के छोड़कर वाहन को लेकर भाग निकले। परिजन घायल दयाशंकर को इलाज के लिए रानीगंज सीएचसी लेकर पहुंचे। हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# बगैर टिकट ट्रेन से सफर करते पकड़े गए 174 यात्री


चेकिंग अभियान में शामिल टीम

**चेकिंग अभियान**

**मुख्य टिकट निरीक्षक के निर्देश पर जंक्शन पर दिन भर चला चेकिंग अभियान**

**प्रतापगढ़।** मुख्य टिकट निरीक्षक के निर्देश पर रविवार को जंक्शन पर चेकिंग अभियान चला। बगैर टिकट ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों से जुमार्ना वसूला गया। इससे यात्रियों में खलबली मची रही। टीम के सहयोग में जीआरपी और आरपीएफ भी जंक्शन पर मुस्तैद रही।

सीएमआई नीरज सोमवंशी और मुख्य टिकट निरीक्षक राकेश सिंह रविवार सुबह टीम के साथ प्लेटफार्म पर खड़े हो गए। बगैर टिकट ट्रेनों से सफर कर लौटने वाले या फिर ट्रेन पर बैठने जा रहे लोगों के टिकट की जांच करने लगे। राकेश सिंह ने बताया कि ऐसे 174 लोग पकड़े गए जिनके पास टिकट नहीं मिला। 71420 रुपये का टिकट बनाया गया। 44,300 रुपये जुमार्ना वसूला गया। विभाग को 1,15,720 रुपये की आय हुई। टीम में सीआईटी संजय कुमार, संजीव कुमार, हिरेंद्र कुमार और जीआरपी के साथ आरपीएफ टीम शामिल रही।

# रंगदारी मांगने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**गिरफ्तारी**

**आरोपियों के पास से पुलिस ने लूट की बाइक तमंचा और कारतूस बरामद किया**

**रानीगंज।** गल्ला व्यापारी से फोन पर तीस लाख रुपये रंगदारी मांगने वाले दो आरोपियों को रानीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

रानीगंज के कायस्थ पट्टी निवासी गल्ला व्यापारी बजरंगी से बीते 21 सितंबर को फोन पर तीस लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत रानीगंज पुलिस से की। पुलिस आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर रानीगंज पुलिस राजापुर खरहर स्थित आचार्य सदाशिव डिग्री कालेज के पास से रानीगंज के भैसौना गांव निवासी फरहान और राजापुर खरहर निवासी अख्तर अली को गिरफ्तार कर लिया। जमा तलाशी के दौरान आरोपियों के पास तमंचा, कारतूस और लूट की बाइक भी पुलिस के हाथ लग गई। एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि इसके पहले भी वे जेल जा चुके हैं। जेल में ही मुक्तदीर निवासी चंघईपुर थाना देल्हूपुर से मुलाकात हो गई। दोनों में दोस्ती हो गई। जेल से छूटने के बाद 17 सितंबर को मुक्तदीर व अपने अन्य 04 साथी के साथ पावर हाउस रानीगंज तिराहे पर मुलाकत किए। योजना बना कर 20 सितंबर को मुक्तदीर ने अपने एक साथी के साथ मेरी मोटर साइकिल लेकर एक साइकिल सवार व्यक्ति का मोबाइल व आईडी कार्ड छीन लिया। 21 को दोपहर में सभी लोग चंघईपुर में एकजुट हुए। लूट की मोबाइल से थाना रानीगंज क्षेत्र के एक गल्ला व्यापारी को फोन कर तीस लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। आरोपियों ने बताया कि उनके चार साथी जुनैद अहमद, परवेज अहमद, अस्कार अहमद व मुक्तदीर बाराबंकी जेल में बंद हैं।

# 524 मरीजों का मुफ्त में हुआ जांच और इलाज

**स्वास्थ्य मेला**

**लालगंज के हंडौर में आयोजित किया गया स्वास्थ्य मेला**

**स्वास्थ्य शिविर में 100 मरीज गठिया रोग से तो 90 हृदय और बुखार से पीड़ित मरीज आए। आंख से संबंधित लगभग 110 मरीजों ने अपना इलाज कराया**


स्वास्थ्य मेले में उमड़ी मरीजों की भीड़

**प्रतापगढ़।** लालगंज के हंडौर में यूथ फाउंडेशन एवं रक्तदान संस्थान की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों का मुफ्त में जांच और इलाज किया गया। स्वास्थ्य शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अलीशा, जनरल फिजिशियन डॉ आरके यादव, डॉ प्रवीण कुमार एम.डी. फिजीशियन, दि यूथ फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष नितिन त्रिपाठी ने मरीजों का मुफ्त में जांच और इलाज किया। शिविर में आए मरीजों को मुफ्त में दवा वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 100 मरीज गठिया रोग से तो 90 हृदय और बुखार से पीड़ित मरीज आए। आंख से संबंधित लगभग 110 मरीजों ने अपना इलाज कराया। शिविर में आए लगभग 500 मरीजों का जांच और इलाज किया गया। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अलीशा ने कहा कि महिलाओं को माहवारी में दिक्कतें, अधिक रक्तस्राव होने या फिर माहवारी के दौरान अधिक दर्द हो तो चिकित्सक से तत्काल संपर्क करना चाहिए। रक्तदान संस्था के अध्यक्ष निर्मल पांडेय ने कहा कि हमे एक दूसरो की जान बचाने के लिए रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से डरना नहीं चाहिए। हमारा एक यूनीट रक्त चार लोगों का जान बचा सकता है। इस मौके पर सौरभ शुक्ला, सचिव प्रतीक शुक्ला, प्राथमिक विद्यालय हंडौर के प्रधानाध्यापक आशीष कुमार त्रिपाठी, ग्राम प्रधान नितेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य गणेश प्रताप सिंह, सतीश सिंह मनोज त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा : राजेन्द्र मौर्य

**सम्मान**

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य रहे**

**समाजसेवी सुरेश प्रताप सिंह उर्फ नरायन ने लगभग तीन हजार लोगों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित**

**गड़वारा।** शीतला प्रसाद इंटर कालेज गड़वारा के मैदान पर रविवार को किसानों और श्रमिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समाजसेवी सुरेश प्रताप सिंह उर्फ नरायन ने लगभग तीन हजार लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य रहे। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा की गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है। जैसे समाजसेवी नरायन गरीबों की सेवा कर रहे है, यह बहुत ही पुनीत कार्य है। समाजसेवी सुरेश प्रताप सिंह ने कहा कि गरीबों और किसानों का सम्मान अनवरत चलता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन मनोज उमरवैश्य ने किया। इस दौरान राजकुमार शुक्ल, शिवविलास उमरवैश्य, राजाराम वैश्य, संजय सिंह, राकेश सिंह, अवनीश पांडेय, पंकज मिश्र, दिवाकर सिंह, अंजनी सिंह, दुर्गेश नारायण पाण्डेय आदि मौजूद रहे।


अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि

# दर्जनों लोगों ने ली बीएसपी की सदस्यता


सदस्यों का माला पहनाकर किया गया स्वागत

**प्रतापगढ़।** बहुजन समाज पार्टी की नीतियों से प्रेरित होकर रविवार को जिलाध्यक्ष सुशील कुमार गौतम की अगुवाई में सदर विधानसभा के दर्जनभर से अधिक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर राकेश शुक्ला ने कहा कि वह बसपा मुखिया बहन मायावती और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर बसपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव में पार्टी के साथ रह कर पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ काम करेंगे। बसपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सन्तोष कुमार शुक्ला, राकेश शुक्ला, सूरज शुक्ला, हर्ष शुक्ला, राम मनोहर यादव, श्याम लाल यादव, विनोद शुक्ला, मुन्ना गौतम, दयाराम, अब्दुल कादिर, अब्दुल साजिद, बागीश नारायण पाण्डेय, शकुन्तला गौड़, अमित कुमार रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुशील कुमार गौतम ने कहा कि नये सदस्यों से पार्टी को मजबूती मिलेगी। सभी नये सदस्य पार्टी को मजबूत बनाने के लिए लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत करायेंगे।

# मनाई गई राष्ट्रीय कवि सुब्रह्मण्यम भारती की जयंती

**प्रतापगढ़।** वीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय कवि सुब्रह्मण्यम भारती की जयंती घूमधाम से मनाई गई। इस दौरान छात्राओं ने उनकी जीवनी व कविता के साथ ही गायन की प्रस्तुतिया दी। विद्यालय की निदेशिका अलका सिंह ने सुब्रह्मण्यम भारती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। दूसरे चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रा हर्षिता, परी, रितिका, वैष्णवी, अग्रिमा, यशश्वी, आस्था, नित्या, अदिति, श्रेया आदि ने कवि सुब्रह्मण्यम भारती की कविता और जीवनी प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया और इसी क्रम में छात्र अखिलेश, आरव, सानिध्य, अग्रज, आकाश, जयंत, आदि ने सदियों चली आ रही धर्मनिरपेक्षता और एकता की परंपरा को जीवंत करते हुए भाषण व गायन की प्रस्तुतियां दी। विद्यालय के हिंदी शिक्षक सुनील पाण्डेय ने महान कविवर सुब्रह्मण्यम भारती के बारे में बताते हुए कहा कि वे एक महान तमिल कवि थे। उन्हें ह्यमहाकवि भरतियारह्य के नाम से भी जाना जाता है। देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत कविताएं लिखने वाले भारती, कवि के साथ-साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी, समाज सुधारक, पत्रकार भी थे। उनकी रचनाओं से प्रभावित होकर काफी संख्या में लोग स्वतन्त्रता आन्दोलन में शामिल हुए। विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी कक्षा के बच्चों से भारती जी की कविताओं का गायन करवाया तथा निबंध और जीवनी लिखवाया व चित्र बनवाकर उनके बारे में जानकारी दी।


प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे हुए सम्मानित

## जनसंपादकीय

# राजनीतिक पार्टियों के प्रयोग और उनकी सफलता

गुजरात , हिमाचल प्रदेश और महानगर पालिका (एम.सी. डी. ) दिल्ली के संपन्न चुनावों के परिणाम से तीनों ही पार्टियों जो प्रमुख रूप से मैदान में थी को जनता जनार्दन ने जश्न मनाने का मौका दे दिया। इन चुनावों में सभी पार्टियों ने अपनी - अपनी जीत के लिए भरपूर प्रयास किये और परिणाम के पूर्व ही दावे भी किये कि जीत हमारी ही होगी। परिणामों में गुजरात में भाजपा ने सभी पुराने रिकार्ड ध्वस्त कर प्रचंड बहुमत के साथ विजयी हुई है। हिमाचल प्रदेश में मतदाताओं ने अपने रिवाज को कायम रखते हुवे सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा को मात्र 1 प्रतिशत वोट कम देकर कांग्रेस को सरकार बनाने का मौका दे दिया। एम.सी.डी. में मतदाताओं ने अपना मत भाजपा को अधिक दिए परन्तु आप के पार्षद ज्यादा चुनकर आने से अरविंद केजरीवाल की पार्टी को अपना मेयर चुनने को मौका दिया है। भाजपा और आप पार्षदों की संख्या में अंतर काम होने से अब मेयर किसका चुना जाता है देखना होगा।

इस चुनावों में सभी सक्रिय और बड़ी पार्टियों ने कई नए प्रयोग किये , जिसमें से कुछ सफल हुवे और कुछ असफल भी। भाजपा के प्रयोगों की चर्चा करें तो गुजरात में 27 सालों से काबिज भाजपा की सरकार ने डेढ़ साल पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों को हटाकर एक नए और अनूठा जोखिम भरा प्रयोग किया था। इस प्रयोग का विधानसभा चुनावों पर क्या असर होगा यह एक कौतूहल का विषय तो था ही। परंतु मुख्यमंत्री सहित भाजपा की प्रचंड जीत से यह साबित हुआ कि वह प्रयोग सफल रहा। इस प्रयोग से पार्टी के युवा और कर्मठ कार्यकर्ताओं को अपना राजनितिक भविष्य अवसर प्रदान करने वाला और सुरक्षित महसूस होने लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सर्वाधिक सभाएं एवं सबसे लम्बा और ऐतिहासिक रोड शो जिसमें अधिक से अधिक विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं से सीधा संपर्क हो सके कर एक अनूठा प्रयोग किया। जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। चुनाव की ठीक कुछ दिन पहले मोरबी के पुल टूटने से 135 लोगों की असामयिक मौत होना प्रदेश के लिए बहुत बड़ी घटना थी। इस घटना के पीछे प्रशासनिक अक्षमता और भ्रष्टाचार ही मुख्य कारण था, यह स्पष्ट दिखाई देता था। विपक्षी पार्टियों ने भी इसे पुरजोर ढंग से उठाकर पूरा फायदा उठाने की कोशिश की , परंतु भाजपा के सबका साथ , सबका विकास , सबका विश्वास के नारे की गूंज में मौत का रुदन दब सा गया। आदिवासी मतदाताओं को लुभाने की योजना के प्रयोग ने भी अपना काम किया और लगभग सभी आदिवासी क्षेत्रों की विधानसभा सीटों पर जीत हासिल कर ली। संगठन की दृष्टि से पन्ना प्रमुख बनाने का प्रयोग गुजरात से ही शुरू हुआ था। इस चुनाव में पन्ना समितियों का प्रयोग किया गया , जिससे कम मतदान का प्रतिशत कम होने के बावजूद पार्टी को आशातीत सफलता मिली। इसका श्रेय निश्चित ही गुजरात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी. आर. पाटील को जाता है। पाटील के पन्ना प्रमुख के इस प्रयोग को गुजरात में सफलता के बाद पूरे देश में लागू किया गया था। इसी प्रयोग के आधार पर भाजपा आज कई राज्यों में सत्तारूढ़ है। पाटिल की संगठन में इस नवोन्मेषी योजना की सफलता और उनकी संगठन क्षमता को देखते हुए कोई आश्चर्य नहीं कि पुरस्कार स्वरूप उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का उत्तराधिकारी चुन लिया जाय।

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ने भी इन चुनावों में कई प्रयोग किये परन्तु उनके सभी प्रयोग लगभग असफल रहे है । गुजरात में अपने ही पार्टी के प्रभावशाली नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के साथ संगठन को मजबूत करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। अहमद पटेल के निधन के बाद प्रदेश में कोई सर्वमान्य और संकट मोचक नेता खड़ा नहीं कर पाई। हार्दिक पटेल जैसा पाटीदार समाज के नेता को कांग्रेस में शामिल करवा कर प्रभारी अध्यक्ष बनाया और अपमानित किया , जिससे वे नाराज होकर भाजपा में चले गए। हार्दिक पटेल को अपना भविष्य भाजपा में सुरक्षित दिखा। भाजपा ने भी उन्हें इस बार चुनाव लड़वाकर पूरी ताकत से जिताया और विधायक बनवा दिया।

गाँधी परिवार ने गुजरात चुनाव से दूरियां बनाए रखी। राहुल गांधी केवल एक बार बेमन से मुँह दिखाई की रस्म अदा करने अपनी तथाकथित भारत जोड़ो यात्रा से ब्रेक देकर प्रचार करने चले गए। प्रचार में भी मतदाताओं से कांग्रेस को वोट देने की अपील करने के बजाय मोदी पर हमला कर चले गए। नए नवेले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस के नरेंद्र मोदी को गाली देकर वोट लेने वाले पुराने प्रयोग से कोई सबक नहीं सीखा। जिससे कांग्रेस को पहले ही बहुत नुकसान हो चुका है। नरेंद्र मोदी को रावण कहकर और नुकसान कर गए।

प्रियंका गांधी को हिमाचल प्रदेश तक सीमित रखकर, प्रचार की पूरी कमान उनके हाथ देकर एक सफल प्रयोग किया। कांग्रेस को वहाँ सफलता मिल गई और भाजपा से सत्ता छीन ली। भाई की अपेक्षा बहन मतदाताओं को ज्यादा प्रभावित कर सकती है , इस प्रयोग को और राज्यों में दोहराया जा सकता है। अब कांग्रेस के पास देश में तीन राज्यों में सत्ता होगी। कांग्रेस के सभी बड़े नेता और स्टार प्रचारक चुनावों में प्रचार के बजाय राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में सक्रिय रहें। कांग्रेस का यह प्रयोग उसे भरी पड़ा है । राहुल गांधी के बिना भी चुनाव लड़े जा सकते है और सफलता भी मिल सकती है , इससे क्या यह साबित होता है कि कांग्रेस में राहुल गांधी अप्रासंगिक हो गए है ? वे भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस के लिए नहीं , अपने व्यक्तिगत अनुभव के लिए कर रहे है। भाजपा का हिमाचल प्रदेश में , पुराने विधायको को टिकट नहीं देने का गुजरात वाला प्रयोग असफल रहा। हिमाचल प्रदेश में भाजपा के बागी उम्मीदवार ज्यादा मैदान में आ गए और पार्टी को नुकसान पहुंचाया।

विद्यार्थी जब मेरिट में आने के लिए तैयारी करता है और उसे प्रथम श्रेणी में सफलता मिलती है तो वह निराश होने के बजाय खुश होता है। वैसे ही आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के नेता गुजरात में 13 प्रतिशत वोट मिलने के बाद हो खुश रहे है। गुजरात में 13 प्रतिशत को वोट मिलने के बाद आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया है। इस सफलता से केजरीवाल इतने खुश नजर आ रहे है कि एम.सी.डी. की जीत इसके सामने उन्हें छोटी नजर आ रही है। उनका कांग्रेस की वोट कटवा पार्टी और अपने आप को राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष बनने का प्रयोग इन चुनावों में सफल रहा है। झूठ और झूठे वादों के साथ एक कट्टर ईमानदार नेता साबित करने का उनका प्रयोग बुरी तरह से असफल रहा है। आई.बी. की झूठी रिपोर्ट का हवाला देकर गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भारी बहुमत से सरकार बनाने का दावा कर अपने मुख्यमंत्री के नाम की भी घोषणा करने वाले अरविंद केजरीवाल बुरी तरह से बेनकाब हो गए है। कागज पर लिखकर सीटों की घोषणा करने वाले लगा तो तीर, नहीं तो तुक्का जैसा प्रयोग करके पूरी तरह से फेल साबित हुए है।

हैदराबाद से गुजरात में आकर 13 सीटों पर चुनाव लड़कर , जमानत तक गंवाने वाले, देश में हिजाब पहनने वाली महिला को प्रधानमंत्री बनाने का सपना देखने वाले मुस्लिमों के मसीहा आसेबुद्दिन ओवैसी मीडिया में जरुरत से ज्यादा कवरेज तो पा जाते है पर चुनावों में मुँह की खानी पड़ती है। जिनके वे मसीहा बने घूमते है , उन्ही लोगों ने उन्हें धूल चटा दी। उनके सपने बुरी तरह से टूटने के बाद यह उम्मीद करें की दूसरे राज्यों में ओवैसी अब ऐसा प्रयोग नहीं दोहराएंगे।



यशवंत गोरे

( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं। )

---

## रामपुर से समाजवादी पार्टी की हार ने आजम खां के पतन की तहरीर लिख दी

# रामपुर में कमल खिलने के तीन बड़े कारण

जनादेश



कंवल भारती

निस्संदेह रामपुर में पहली बार कमल खिला है। समाजवादी पार्टी (सपा) के उस गढ़ में, जहाँ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कभी सफलता नहीं मिली, विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार आकाश सक्सेना की मात्र 34 हजार वोटों से जीत, हालाँकि ज्यादा मायने नहीं रखती, पर एक बड़ी सफलता जरूर है। राजनीति के गलियारे में इस सफलता के बहुत से मायने निकाले जा रहे हैं। यहाँ तक कहा जा रहा है कि रामपुर में सपा अब खत्म हो गई और मुस्लिम राजनीति भी नेतृत्व-विहीन हो गई है। रामपुर पश्चिमी उत्तर प्रदेश का वह जिला है, जहाँ सर्वाधिक मुस्लिम आबादी है, जिसके परिणामस्वरूप 50 प्रतिशत से भी अधिक वहाँ मुस्लिम मतदाता हैं। सपा से पहले रामपुर कांग्रेस का गढ़ रहा है। अगर 1957 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार असलम खां की जीत को एक अपवाद मान लें, तो 1952 से 1977 तक यहाँ कांग्रेस की ही जीत हुई है। यह वह दौर था जब कांग्रेस का रथ ब्राह्मण, मुस्लिम, दलित और पिछड़ी जातियों के पहियों से चलता था। बनिया समुदाय तब भी कांग्रेस के साथ कम और उस समय की हिन्दूवादी पार्टी जनसंघ के साथ ज्यादा था। लेकिन रामपुर में कांग्रेस की राजनीति का एक सच यह भी है कि वह कोठी खास बाग (रामपुर नवाबी पैलेस) की चारदीवारी में कैद रहती थी, और चुनाव के ऐन वक्त ही बाहर आती थी। रामपुर की आम जनता में न राजनीति की कोई समझ थी और न चेतना थी। कोठी खास बाग के दरबार में हाजिरी लगाने वाले कुछ लोग, जिनमें ब्राह्मण और हिंदू-मुस्लिम जमींदार शामिल थे, जनता के बीच जाकर, खास तौर से दलित बस्तियों में जाकर खैरात बाँट देते थे, और उनके वोट पक्के हो जाते थे। वे न भी खैरात बांटते, तब भी जनता में कांग्रेस को वोट देने से इंकार करने का साहस नहीं था। इस तरह रामपुर से कांग्रेस के उम्मीदवार, जो स्वयं नवाब होते थे या उनके रिश्तेदार या चहेते, भारी बहुमत से जीतते रहते थे। फिजा बदली, 1980 के दशक में, जब रामपुर की राजनीति में आजम खां नाम के एक करिश्माई शख्स का उदय हुआ, जो न दरबारी था, न जमींदार घराने से था, न समृद्ध परिवार से था, और न अभिजात वर्ग से था। वह था एक साधारण परिवार का, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से वकालत पढ़कर आया, एक तेज-तर्रार नौजवान, जिसने आते ही कोठी खास बाग से पंगा ले लिया। उसने लेबर यूनियन बनाकर बीड़ी-मजदूरों, रिक्शा-चालकों और कपड़ा मिल के कामगारों को, उनके हकों के लिए, बिल्कुल वामपंथी अंदाज में, सड़कों पर उतार दिया। रामपुर की गली-गली में आजम-आजम की धूम मच गई। आजम खां रातोरात गरीब-मजलूमों के नेता बन गए और जो राजनीति कोठी खास बाग में कैद थी, वह चारदीवारी तोड़कर जनता के बीच आकर बैठ गई। फिर तो, हर नुक्कड़- चौराहे पर, हज्जाम की दुकानों पर और चाय के खोखों और चाकू-बाजार के पटरों पर, और बुद्धिजीवियों की महफिलों में आजम खां ही लोगों की जुबान पर रहते थे। निस्संदेह आजम खां ने रामपुर में राजनीति का मिजाज ही नहीं, रुख भी बदल दिया था। अब राजनीति का तानाबाना जनता के बीच बुना जाने लगा था, जिसका परिणाम यह हुआ कि 1977 में कांग्रेसी उम्मीदवार मंजूर अली खां की जीत के बाद, फिर नवाब खानदान का कोई वारिस नहीं जीता। राजनीति में आजम खां ने नवाब परिवार के आधिपत्य की ईंट से ईंट बजा दी थी। एक प्रकार से यह रामपुर की जनता के हित में ही था, क्योंकि जन-प्रतिनिधि बनकर भी नवाब हकीकत में अभिजात वर्ग का ही प्रतिनिधित्व करते थे। रामपुर नवाब के वर्तमान वारिस नवाब काजिम अली खां उर्फ नावेद मियां आजम खां की राजनीति के ऐसे शिकार हुए कि नावेद मियां को रामपुर सदर से कभी जीत हासिल नहीं हुई, और स्वर क्षेत्र से भी, जहाँ से वह एक बार विजयी हुए थे, आजम खां के बेटे अब्दुल्ला से हार गए। आजम की अवामी राजनीति का तीर, गालिब के शब्दों में, नावेद मियां के सीना-ए-बिस्मिल से (ऐसा) परफशां निकला कि वह आजम खां के दुश्मन नंबर एक हो गए।

आजम खां ने पहला विधानसभा चुनाव रामपुर सदर से 1980 में जनता पार्टी (एस) के टिकट पर लड़कर जीता था। 1985 में वह लोकदल के टिकट से लड़े और जीते, 1989 में वह जनता दल और 1991 में जनता पार्टी के टिकट पर जीते। 1993 में वह सपा में आए, और तब से 2022 तक कुल छः चुनावों में उन्होंने अपनी जीत हासिल की। लेकिन इसी वर्ष भड़काऊ भाषण के अपराध में उनको तीन साल की सजा होने के बाद उनकी विधायकी समाप्त हो गई, और उपचुनाव में पहली बार रामपुर सदर से सपा की हार और भाजपा की जीत हुई। कहा जा रहा है कि रामपुर से सपा की हार ने आजम खां के पतन की तहरीर लिख दी है।

यह हार कैसे हुई? इसके तीन बड़े कारण हैं, जिन पर चर्चा करना जरूरी है। पहला कारण है, जिला प्रशासन ने उन मुस्लिम इलाकों को पुलिस छावनी में बदल दिया, जहाँ सपा के वोटर थे। अखबारों में छपी खबरों के मुताबिक पुलिस ने कई इलाकों में मुसलमानों को घरों से ही नहीं निकलने दिया। कई जगहों पर पुलिस ने वोटरों के पहचान पत्र चेक किए, और यह जानकर कि वे मुसलमान हैं, उन्हें घरों को वापस भेज दिया। जबकि पहचान पत्र चेक करने का काम मतदान अधिकारियों का है। जिन लोगों ने पुलिस की इस कार्यवाही का विरोध किया, उन पर लाठी-चार्ज किया गया। मुस्लिम इलाकों में पुलिस की इस दहशत ने नागरिकों को बाहर नहीं निकलने दिया, जिससे बूथों पर सन्नाटा पसरा रहा। इन बूथों पर सबसे न्यूनतम मतदान हुआ, और अखबार की खबर के अनुसार 45 बूथ ऐसे रहे, जहाँ वोटों की संख्या सौ के अंक तक भी नहीं पहुँच सकी। सपा प्रत्याशी आसिम रजा का बयान है कि 252 बूथों पर पुलिस ने प्लानिंग करके लोगों को वोट नहीं डालने दिया। कई बूथों पर तो सिर्फ 25, 28, 34, और 40 वोट ही पड़े, जबकि इन बूथों पर लगभग 900 और 1000 के बीच वोटर थे। इसका क्या मतलब है? क्या यह बलपूर्वक मतदान को रोका जाना नहीं है? इस ज्यादती के खिलाफ सपा प्रत्याशी ने चुनाव आयोग को शिकायत भेजकर पुनः मतदान कराने की मांग की है। पर शायद ही चुनाव आयोग इसका संज्ञान ले।

दूसरा कारण, कांग्रेस के नवाब काजिम अली उर्फ नावेद मियां की बगावत है, जिन्होंने खुले आम भाजपा के उम्मीदवार का न सिर्फ समर्थन किया, बल्कि उसके पक्ष में प्रचार भी किया। यह बगावत यहाँ तक थी कि भाजपा के कई बड़े नेता और योगी सरकार के कई मंत्री भी, जो भाजपा-प्रत्याशी के प्रचार के लिए रामपुर आए, नावेद मियां से मिलने उनके आवास नूर महल जाते थे। इस बगावत के लिए, हालाँकि कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से छः साल के लिए निष्कासित कर दिया है, पर इसका कोई असर नावेद मियां पर नहीं पड़ना है, क्योंकि अभिजात वर्ग हमेशा सत्ता के साथ रहता है, और वह बिना किसी संकोच के, भाजपा में भी शामिल हो सकते हैं। सपा-प्रत्याशी को हराने में नावेद मियां की भूमिका एक बड़ा कारक है।

तीसरा कारण यह है कि प्रदेश में योगी सरकार के आने के बाद मुसलमानों में एक नई दहशत का वातावरण विकसित हुआ है। इस वातावरण में सुरक्षित रहने के लिए भाजपा की शरण ही आसान तरीका है। इस वजह से भी रामपुर में बहुत से मुसलमान भाजपा में शामिल होकर राष्ट्रवादी हो गए हैं। भाजपा का एक मुस्लिम विंग भी है, जो पसमांदा मुसलमानों को भाजपा से जोड़ने का काम करता है। हालाँकि इन राष्ट्रवादी मुसलमानों की बहुत बड़ी तादाद रामपुर में नहीं है, पर ऐसे लोग जितने भी हैं, उन्होंने उपचुनाव में सपा के खिलाफ भाजपा का ही समर्थन किया है। इनमें कुछ वे मुसलमान भी शामिल हैं, जिन पर आजम खां ने जुल्म किए थे, जिसकी प्रतिक्रिया में वे भाजपा में गए।

इसके अतिरिक्त, एक कारण वह वर्ग भी है, जो आजम खां के जुल्मों का शिकार हुआ है। इनमें मुसलमान और हिंदू दोनों शामिल हैं, पर अधिकतर मुसलमान ही हैं। इनमें अधिकांश पीड़ित लोग अभी भी आजम खां के खिलाफ अदालतों के चक्कर काट रहे हैं। स्वाभाविक है कि उन लोगों से सपा के पक्ष में मतदान करने की अपेक्षा नहीं की जा सकती।

लेकिन गौर तलब सवाल हार-जीत का नहीं है। चुनाव में जीत-हार कोई बहुत बड़ा मुद्दा नहीं है। दो उम्मीदवारों के संघर्ष में किसी एक को हारना ही होता है। यहाँ बड़ा मुद्दा आजम खां के पतन का है। एक ऐसा जन नेता, जो ट्रेड यूनियन के नेता की तरह उभरा हो, जिसने रामपुर के बीड़ी-मजदूरों, रिक्शा-चालकों और अन्य कामगारों के हक की लड़ाई लड़ी हो, और जो रामपुर की अवाम में लोकप्रिय हो, उसकी राजनीति का पतन क्यों हो गया? असल में एक कामयाब आदमी जब आसमान की बुलंदियों पर चला जाता है, तो वह जमीन के मसायल भूल जाता है, या उनकी ओर से आँखें मूँद लेता है। आजम खां ने यही किया। जिस नवाबी अभिजात्यता के खिलाफ बगावत के लिए वह जाने जाते थे, बाद में उन्होंने स्वयं भी उसी अभिजात्यता को ओढ़ लिया। जिन गरीबों के लिए वह कभी आवाज उठाया करते थे, उन्हीं गरीबों को वे सताने लगे थे। अधिक से अधिक जमीनों और संपत्तियों को हथियाने का पागलपन उन पर सवार हो गया था। इस पागलपन में उन्होंने मान-मर्यादा, कानून, सिद्धांत, इंसानियत सब भुला दी थी। इस हविस को पूरा करने में उन्होंने न यतीमखाना देखा, न मदरसा और न गरीबों के घर, सब पर बुलडोजर चलवा दिया था। तब रामपुर की पुलिस उनके इशारे से उठती थी और उन्हीं के इशारे से बैठती थी। वह कहते थे कि हुजूर के फैसले अल्लाह करता है, और नीचे के फैसले मैं करता हूँ। ह उत्तर प्रदेश की सपा सरकार के मुखिया भी रामपुर के मामले में कोई दखल नहीं देते थे। रामपुर के कई नेताओं और बुद्धिजीवियों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को आजम खां के गलत कार्यों के खिलाफ शिकायतें भेजीं, पर किसी शिकायत का कोई संज्ञान नहीं लिया गया। आजम खां रामपुर के अघोषित मुख्यमंत्री बने हुए थे। उनका विरोध करने की हिम्मत किसी में नहीं थी। ऐसा नहीं है कि किसी ने विरोध नहीं किया, पर जिसने भी विरोध किया, उनको झूठे मुकदमों में जेल भिजवा दिया गया, जिनमें उनके जुल्म का एक शिकार इन पंक्तियों का लेखक भी है। हालाँकि में संस्कृत की इस कहावत का कायल नहीं हूँ कि विनाश काल आता है, तो बुद्धि विपरीत हो जाती है। पर आजम खां ने अपने गलत कार्यों में अपने बेटे को ही नहीं, बल्कि अपनी पढ़ीलिखी प्रोफेसर बीवी को भी फंसा दिया। परिणामतः उनके कर्मों का खामियाजा उनके बेटे और उनकी बीवी ने भी जेल में रहकर भोगा।

जिस समय आजम खां जौहर यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए धन उघाने और जमीन हथियाने की मुहीम को अंजाम दे रहे थे, उसी समय उनके एक-एक कार्य का दस्तावेजीकरण भी भाजपा के आकाश सक्सेना द्वारा किया जा रहा था। नावेद मियां भी इसमें आकाश का सहयोग कर रहे थे। इन दोनों ने मिलकर जो पटकथा तैयार की, उसका आजम खां को दूर-दूर तक अंदाजा नहीं था। जब सारी पटकथा तैयार हो गई, तो आजम खां के दुर्भाग्य से उत्तर प्रदेश की सपा सरकार भी चली गई, और भाजपा सत्ता में आ गई। इधर योगी आदित्य नाथ मुख्यमंत्री बने, और उधर आकाश सक्सेना की लिखी पटकथा पर अभिमंचन का काम शुरू हुआ। एक-एक कर आजम खां के खिलाफ धड़ाधड़ नब्बे मुकदमे दायर हो गए, जिनमें कई मुकदमों में उनका बेटा और उनकी बीवी भी अभियुक्त हैं। रामपुर के जिस जिला अधिकारी के खिलाफ चुनावी सभा में आजम खां ने अपमानजनक भाषण दिया था, उसने भी पटकथा के अभिमंचन में सूत्रधार का काम किया। परिणामतः आजम खां को अपने बेटे और बीवी सहित आत्मसमर्पण करना पड़ा। लगभग ढाई साल जेल में रहने के बाद उन्हें जमानत मिली। और अभी जिस पहले केस में उन्हें तीन साल की सजा हुई है, और जिसकी अपील उनके द्वारा जिला जज एवं सत्र न्यायालय में की गई है, उसी ने रामपुर में उनके राजनीतिक रथ को रोक दिया है। हालाँकि, यह कहना बड़ा मुश्किल है कि आजम खां का सियासी पतन हो गया है। पर इस बात को समझना मुश्किल नहीं है कि उनकी बाकी जिंदगी अब नब्बे मुकदमों में पैरवी करते हुए ही बीतेगी, और जिन मामलों में सजा होगी, उनमें खिलाफ अपील करते हुए। लेकिन इस बात से मेरी सहमति बिल्कुल नहीं है कि आजम खां के सियासी पतन से मुस्लिम राजनीति का भी पतन हो गया है। मेरे विचार में मुस्लिम राजनीति जैसी कोई चीज न पहले कहीं थी और न भारतीय राजनीति में अब दिखाई दे रही है। असल में तो मुसलमानों ने अपनी राजनीति का विकास अभी किया ही नहीं है।

(लेखक दलित बुद्धिजीवी एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 09412871013.)

---

# भारत में बाल अधिकार समझौते के तीन दशक

प्रसंगवश



जावेद अनीस

यह भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार समझौते को अंगीकार करने का का 30वां वर्ष है.भारत सरकार द्वारा 11 दिसम्बर 1992 को इस बाल अधिकार समझौता पर हस्ताक्षर कर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी थी. गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा द्वारा 20 नवम्बर 1989 को बाल अधिकार समझौते को पारित किया गया था यह ऐसा पहला अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो सभी बच्चों के अधिकारों को समग्रता से पहचान प्रदान करता है. ये अधिवेशन चार मूल सिद्धांतों पर आधारित है जिसमें जीवन जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार और सहभागिता का अधिकार शामिल है.यूएनसीआरसी के कुल 54 अनुच्छेद हैं जिसमें के 1 से 42 तक के अनुच्छेद में बच्चों के अधिकार शामिल हैं.जबकि अनुच्छेद 43 से 54 में इन बाल अधिकारों को लागू करने की कार्यप्रणाली और विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों से सम्बंधित है.

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों पर अब तक होने वाली संधियों में सबसे ज्यादा देशों से स्वीकृति इसी समझौते को प्राप्त हुई है. इस समझौते पर विश्व के 193 राष्ट्रों की सरकारों ने हस्ताक्षर करते हुए अपने देश में सभी बच्चों को जाति, धर्म, रंग, लिंग, भाषा, संपति, योग्यता आदि के आधार पर बिना किसी भेदभाव के संरक्षण देने का वचन दे चुके हैं.

इस समझौते ने भारत सहित दुनिया भर के लोगों में बच्चों के प्रति नजरिये और विचारों को बुनियादी रूप से बदलने का काम किया है तथा बाल अधिकार-आधारित दृष्टिकोण आधारित ढांचों व कार्यपद्धति को स्थापित किया है.आज इस संधि का असर सभी मुल्कों के कानूनों और नीतियों पर साफ-तौर पर देखा जा सकता हैं.भारत में अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार समझौते के 30 साल का सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है. यूएनसीआरसी को स्वीकार करने के बाद हमारे देश में बच्चों के पक्ष में कई उल्लेखनीय पहल किये गये हैं, कई नए कानून, नीतियों और योजनायें बनायीं गयीं हैं.

इसी कड़ी में भारत सरकार द्वारा साल 2013 में दूसरे राष्ट्रीय बाल नीति की घोषणा की गयी जिसमें कहा गया है कि सरकार बाल अधिकार आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुये दीर्घकालिक, टिकाऊ और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से बच्चों के समग्र और सामंजस्यपूर्ण विकास के लिये प्रयास करेगी. राष्ट्रीय बाल नीति-2013 में चार प्रमुख प्राथमिक क्षेत्रों की पहचान की है: (1) जीवन रक्षा (2) स्वास्थ्य और पोषण (3) शिक्षा और विकास (4) संरक्षण और भागीदारी. इसके बाद भारत सरकार द्वारा 24 जनवरी 2017 (राष्ट्रीय बालिका दिवस) को बच्चों के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना, 2016 की घोषणा की गयी. यह राष्ट्रीय बाल नीति, 2013 में निहित सिद्धांतों पर आधारित है. कार्य योजना के चार प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं- अस्तित्व, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा और विकास, संरक्षण और भागीदारी. बच?चों के लिए रा?ट्रीय कार्य योजना 2016 इन चार प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के तहत प्रगति मापने के लिए उद्दे?य, उप-उद्दे?य, रणनीतियां, कार्यबिंदु और संकेतकों को परिभाषित करती है. कार्य योजना के रणनीति और कार्य बिंदुओं को मुख्?य रूप से विभि?न मंत्रालयों और विभागों के मौजूदा कार्यक्रम और योजनाओं से लिया गया है.इसमें सतत विकास लक्ष्?यों (एसडीजी) को भी ध्?यान में रखा गया है.

इसलिए हम देखते हैं कि भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार समझौते को अंगीकार किये जाने के बाद से देश में बच्चों से सम्बंधित कई सूचकांकों में पहले के मुकाबले सुधार देखने में आया है. मिसाल के तौर पर अगर शिक्षा की बात करें तो समझौते के बाद भारत में बच्चों तक शिक्षा की पहुंच में काफी सुधार हुआ है, 1980 के दौरान जहाँ 15 साल से अधिक उम्र वालों में से साक्षरता की दर 40.8 प्रतिशत थी वोआज बढ़कर 74.4 फीसदी हो चुकी है. आज प्राथमिक स्तर पर नामांकन दर सौ प्रतिशत होने के करीब है. इसी प्रकार से इस दौरान बाल मृत्युदर में भी काफी सकारात्मक सुधार देखने को मिला है. संयुक्त राष्ट्र की बाल मृत्यु दर में स्तर और रुझान रिपोर्ट 2020 के अनुसार 1990 से 2019 के बीच देश में बाल मृत्युदर में लगातार कमी हुई है, 1990 में जहाँ पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर (प्रति 1000 जीवित जन्म में) 126 थी, जो 2019 में घटकर केवल 34 रह गई. यानी 1990 से 2019 के बीच इस दर में 4.5% वार्षिक कमी दर्ज की गयी है.

लेकिन इन उपलब्धियों के बावजूद अभी भी कई चुनौतियां कायम हैं. देश में शिक्षा की गुणवत्ता लगातार कम हो रही है, साथ ही हमारी सावर्जनिक शिक्षा व्यवस्था लगातार ध्वस्त होती गयी है, शिक्षा पर सरकारों द्वारा खर्च भी कम हुआ है. 1994 में भारत के कुल जी.डी.पी. का 4.34 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च किया जाता था, जो आज घट कर 3.35 प्रतिशत रह गया है. इसी प्रकार से इस दौरान बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है जोकि बहुत चिंताजनक है. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक पिछले डेढ़ दशक के दौरान बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है और यह आंकड़ा 1.8 से बढ़कर 28.9 फीसदी तक जा पहुंचा गया है. इसी प्रकार से देश में 0-6 वर्ष आयु समूह के बाल लिंगानुपात में 1961 से लगातार गिरावट जारी है. वर्ष 2001 की जनगणना में जहां छह वर्ष तक की उम्र के बच्चों में प्रति एक हजार बालक पर बालिकाओं की संख्या 927 थी, वहीं 2011 की जनगणना में यह अनुपात कम हो कर 914 हो गयी है.

इधर करोना महामारी ने पूरी दुनिया में बाल अधिकारों पर व्यापक असर डाला है. बच्चे इस महामारी के सबसे बड़े पीड़ितों में से एक हैं खासकर गरीब और वंचित समुदायों के बच्चे. संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि कोरोना संक्रमण और इसके प्रभावों के चलते दुनिया भर में करीब 42 से 66 मिलियन बच्चे अत्यधिक गरीबी की दिशा में धकेले जा सकते हैं. महामारी के कारण करोड़ों बच्चों की औपचारिक शिक्षा व्यापक रूप बाधित हुई है, उनके पोषण पर असर पड़ा है और वे पहले से ज्यादा असुरक्षित हो गये हैं. कोरोना महामारी के कारण स्कूलों के बंद हो जाने से बच्चों की शिक्षा पर बहुत प्रभाव पड़ा है विश्व बैंक के अध्ययन के अनुसार, स्कूल बंद होने के कारण न केवल सीखने की हानि होगी, बल्कि इसके चलते ड्रापआउट के दर में बड़ी वृद्धि भी हो सकती है जिसका असर असर बाल श्रम के रूप में देखने को मिल रहा है. संसद में पेश की गयी राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के आंकड़ों के मुताबिक 2019-20 से 2020-21 के बीच बाल श्रमिकों की संख्या में 6.18% की वृद्धि हुई है.

कोविड 19 का बच्चों मानसिक स्वास्थ्य पर काफी गहरा प्रभाव देखने को मिला है. किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर कोविड-19 की महामारी के प्रभाव को समझने के लिए माइंड स्पेशलिस्ट्स द्वारा किये गये सर्वेक्षण के अनुसार कोविड का किशोरों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है और वे अपने आप को पहले के मुकाबले अधिक चिंतित, क्रोधित, निराश और उदास महसूस करने लगे हैं. रिपोर्ट के अनुसार आने वाले भविष्य में वे अपनी शिक्षा से सम्बंधित आशंकाओं को लेकर भी चिंतित हैं साथ ही वे आनलाईन शिक्षा को भी भौतिक कक्षाओं के मुकाबले पर्याप्त और प्रभावी नहीं मानते हैं.

इसी प्रकार से महामारी में लड़कियों की शिक्षा के प्रभावित होने के चलते उनका कम उम्र में शादी होने का खतरा बढ़ गया है. राष्ट्रीय हेल्पलाइन चाइल्डलाइन से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार साल 2020 में अप्रैल से लेकर अक्टूबर माह के बीच चाइल्डलाइन को बाल विवाह से सम्बंधित 18,324 डिस्ट्रेस कॉल्स किए गए थे.

इस प्रकार हम देखते हैं कि पिछले 30 वर्षों में बहुत कुछ बदल गया है लेकिन बाल अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार समझौता आज भी उतने ही मायने रखते हैं. इस दौरान कुछ नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं आज बच्चों को कुछ नये खतरों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें डिजिटल प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, बड़े पैमाने पर प्रवास व शहरीकरण और महामारी जैसे वैश्विक चुनौतियाँ शामिल हैं. लेकिन इस दौरान बच्चों को अपने अधिकारों को प्राप्त करने के नये अवसर और सकारात्मक माहौल मिले हैं.


भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ बाल संधि को स्वीकार किये जाने के 30 साल पूरे होने का यह मौका खास है इस दौरान हुई उपलब्धियों का जश्न जरूर मनाया जाना चाहिए लेकिन इसके साथ यह मौका देश बाल अधिकारों को लेकर नई संकल्पों और उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने का भी है ।

( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं )

---

## व्यंग्य

# चांद की शिकायती पाती !



प्रभात गोस्वामी

हमारे पड़ोसी चाँदमल अक्खड़', उर्फ चाँद ने सरकार को एक शिकायती पत्र लिखा . बकौल चाँद , ईश्वर ने मनुष्य को बड़ी शिद्दत व करीने से घड़ा था . धरती को मनुष्य के रूप में एक अनुपम कृति भेंट की थी . लेकिन बढ़ती विसंगतियों और कुसंगतियों के चक्कर में मनुष्य किसी आधुनिक चित्रकारी जैसा हो गया है , जिसे अब रचियता भी नहीं पहचान पा रहा है ! उसने संबंधों की डोर को पतंग के मांझे और गली में आपस में उलझे बिजली के तारों- सा उलझा दिया है .

वैसे तो मनुष्य चाँद को बेहद पसंद करता है . पर कई बार उसकी हरकतों से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है . कल की ही बात ले लीजिए . अपनी प्रेमिका को खुश करने के लिए डब्लू प्रेमी गा रहा था, चाँद चुराकर लाया हूँ ,चाँद चुरा कर लाया हूँ , चल बैठें चर्च के पीछे ! अब चाँद , सूरज ढलते ही धरती को रोशन करने की तैयारी कर रहा था . उधर, प्रेमी ने यह अफवाह फैलाना शुरू कर दिया कि चाँद को उसने चुरा लिया है . लेकिन पढ़ी-लिखी प्रेमिका ने इस मीठे झूठ पर यकीन न करते हुए चर्च के पीछे आने से साफ मना कर दिया . कहा ,प्रेम के मंदिर में बैठे प्रेमियों को किसी और जगह चोरी छिपे बैठने की कहाँ जरूरत होती है ?... फिर इतना भी सुंदर नहीं चाँद . इसमें भी दाग है . लो कल्लो बात. मोहब्बत हो तो चाँद अच्छा , नहीं तो दाग दिखने लगा . अब आप ही बताइए, प्यार का नशा उतरने का दोष भी चाँद के सर पर उंडेला जा रहा है .

अब बब्बन भिया की बात करते हैं . नकली चीजें खरीदते-खरीदते इनकी फितरत भी नकली हो गई है. नकली चीजें बनाने लगे . भाई ने चाँद का हमशक्ल भी बना डाला . फ़िल्मों में हमशक्ल होते हैं . जुड़वां भाई-बहन भी होते हैं. अब चाँद का भी डुप्लीकेट ! बब्बन गा रहे हैं , कैसी हसीन आज बहारों की रात है / एक चाँद आसमान पे है ,एक मेरे साथ है . अब उनकी नजरें पूरी तरह से असमान पर टंगे असली चाँद से हटकर डुप्लीकेट चाँद पर टिकी हुई हैं . इस पर कार्यवाही होनी चाहिए . उधर, मिट्ठू परदेसी जब भी ये गीत गाता है , मेरे सामने वाली खिड़की में ,एक चाँद का टुकड़ा रहता है, ये टुकड़ा, शब्द सुनकर ही मेरा दिल दहलने लगता है ! उसकी खिड़की से दिखाई देता फ्रिज मेरी चिंताओं में इजाफा कर देता है ! मेरा सरकार मिट्ठू पर नजर रखने की जरूरत है.

चाँद आगे लिखता है कि आदमी की नादानी देखिए, हमारे भाईलोग चाँद को देखकर ईद मुबारक कहते हैं . कुछ आशिक अपनी महबूबा को छत पर जाने से इसलिए रोकते हैं कि किसी रकीब की बुरी नजर न लग जाए ! अब अपने स्वार्थ के लिए ऐसे लोग चाँद की मेहनत पर यह कहते हुए पानी फेर देते हैं कि माह-ए-नौ देखने तुम छत पे न जाना हरगिज / शहर में ईद की तारीख बदल जाएगी ! अब ये आशिक लोग अपनी मर्जी से महबूबा को खुश करने के लिए त्योहार का दिन बदलने लगेंगे, तो फिर असमान में चमकते चाँद की कीमत ही नहीं रहेगी !

अचानक मेरी नींद खुल गई . पड़ोसी चाँदमल अक्खड़ सुबह से गा रहा था, सपना मेरा टूट गया और मुझे कुछ न मिला.

(लेखक व्यंग्यकार हैं)

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-

<raisubhash953@gmail.com>

# मातृभाषा के साथ किसी एक अन्य भाषा का ज्ञान जरूरी : मंडलायुक्त

**जयंती**

**सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का काम करती है भाषा : सीडीओ**

**जनसंदेश न्यूज**



आयुक्त का स्वागत करते डीआईओएस

**मीरजापुर।** जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में महाकवि सुब्रमण्य भारती के जयंती के अवसर पर भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। जनपद में मुख्य कार्यक्रम मंडलायुक्त, विन्ध्याचल मण्डल डा0 मुथुकुमार स्वामी बी तथा मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में नगर के आर्य कन्या पाठशाला में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों के स्वागत पुष्पगुच्छ अंगवस्त्रम व स्वागत गीत गाकर किया गया। सुन्दर मुन्दर जायसवाल नगरपालिका बालिका इ0का0 की छात्रा दीपिका द्वारा महाकवि सुब्रमण्य भारती के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला गया, आर्य कन्या पाठशाला इ0का0 की छात्रा शगुन वाडिया द्वारा भारत नाट्यम की प्रस्तुत दी गयी। छात्रों द्वारा गणराज्य के राज्यों के नाम की तख्तियों के माध्यम से भारत प्रदर्शनी प्रस्तुत किया जो अत्यन्त ही सराहनीय रहा। मंडलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल, डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने कहा कि आज महाकवि के सैकड़ों वर्ष स्वर्गवासी हुए हो गये और आज भारतीय भाषा उत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य यही दर्शाता है कि भारतीय संविधान में 22 भारतीय भाषाओं को अंगीकार किया गया है, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृ भाषा के साथ-साथ कम से कम एक अन्य भारतीय भाषा को सीखना चाहिए इसका अखिल भारतीय सेवाओं आदि के लिए लाभ है, क्योंकि सेवा क्षेत्र में दूरस्थ अन्य प्रदेश में तैनाती होने पर वहां की भाषा को सीखना और उस भाषा में काम करना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत में 22 भाषाओं में बोलियां लगभग 2200 बोलिया है, जो भारत की विविधता को दर्शाता है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भारतीय भाषाएं अलग-अलग होते हुए भी सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है यह भाषाएं अलग-अलग नहीं है, बल्कि हम सभी के लिए है। इसके साथ ही महाकवि सुब्रमण्य भारती जी के सामाजिक कार्यों पर भी प्रकाश डाला गया। महाकवि सुब्रमण्य भारती के विचारों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि महाकवि का विचार था कि हजिस दिन संसार में कोई व्यक्ति अन्न के अभाव में भूखा मरेगा उस दिन पूरे संसार का विनाश हो जायेगा। बिना भाषा के छात्र न तो गणित और न ही अन्य कोई विषय समझ पायेंगे, इसके लिए भाषा का ज्ञान अत्यन्त ही आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक, द्वारा सभी अतिथियों, कार्यक्रम में सहयोगी प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं छात्रों को धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मण्डलायुक्त द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# शादी की हल्दी लगने के पहले उठ गई कर्मी की अर्थी

## सड़क दुर्घटना में सिचाई कर्मी की मौत से कोहराम

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के बरकछा फ्लाई ओवर पर डिवाइडर से टकरा जाने से बाइक सवार सिंचाई विभाग के कर्मी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार चुनार थाना क्षेत्र के अनंतपुर, तेंदुआ कला गांव निवासी रामकेश प्रजापति पुत्र कैलाश नाथ प्रजापति उम्र 29 वर्ष शनिवार को लालगंज अपनी बहन के यहां किसी कार्यक्रम में गया था। वापस घर लौटते समय बरकछा के पास फ्लाई ओवर पर बने डिवाइडर से टकरा जाने से उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक सिंचाई विभाग में कार्यरत था।

उक्त घटना से परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं साथियों ने बताया कि मृतक की शादी के लिए रविवार को लड़की के परिजन देखने के लिए आने वाले थे। युवक घर आ रहा था कि रास्ते में मौत के मुंह में समां गया।

### घायल लावारिस मवेशी का कराया प्रधान संघ अध्यक्ष ने इलाज

**हलिया।** स्थानीय कस्बा में किसी अज्ञात वाहन ने लावारिस गाय को धक्का मार कर घायल कर दिया था। इसकी सूचना रविवार को ग्रामीणों ने प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ को दिया। मौके पर पहुचे प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने पशु पालन विभाग की टीम को सूचित दिया। सूचना पर पहुंचे पशुधन प्रसार अधिकारी ने घायल गाय का उपचार किया है।

# बदल गए कटरा और लालगंज थाना प्रभारी

**जनसंदेश न्यूज**

**फेर बदल**

**प्रेम शंकर तिवारी को कटरा**

**ज्ञानू प्रिया को मिला लालगंज थाना का प्रभार**




**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र ने पुलिस महकमा को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए शनिवार को स्थानांतरण की सूची जारी किया। जिसका प्रभाव कटरा और लालगंज थाना पर पड़ा हैं। पुलिस विभाग की जारी सूची में कटरा कोतवाली के निरीक्षक नवीन कुमार तिवारी को न्यायिक सम्मन सेल का प्रभारी बनाया गया है।

इस सेल के प्रभारी निरीक्षक प्रेमशंकर तिवारी को प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कटरा बनाया गया है। इसी प्रकार लालगंज थाना में तैनात निरीक्षक रामनरायन राम को जन शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जबकि महिला निरीक्षक ज्ञानू प्रिया को पुलिस लाइन जन शिकायत प्रकोष्ठ से प्रभारी निरीक्षक थाना लालगंज बनाया गया है। जिले में कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने के लिए एसपी मातहतों के साथ सायं काल रूट मार्च कर आम जनता और व्यापारी समुदाय से संवाद स्थापित करने में लगे है। इसके साथ ही विभागीय फीड बैक लेकर सुरक्षा और व्यवस्था कानून को चुस्त बनाये रखने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। ताकि अपराधियों में कानून का भय और सभ्रांत नागरिकों में कानून के प्रति सुरक्षा का विश्वास कायम रहे।

# सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**जनसंदेश न्यूज**

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के मुस्किरा गाँव के सामने विंध्यवासिनी कन्या इंटर कालेज के पास रविवार सुबह 10 बजे अनियंत्रित हुई बाइक सड़क किनारे खाईं में कूद गयी। जिसमें चालक समेत दोनो बाइक सवार घायल हो गये। चालक बिना हेलमेट के ही बाइक चला रहा था। थाना क्षेत्र के पटेहरा कला निवासी राज (22) पुत्र सुरेश गोंड रविवार को अपनी बाइक से अपने साथी अमर (24) को लेकर दीपनगर से लालगंज की तरफ जा रहा था। मुस्किरा गाँव के सामने विंध्यवासिनी कन्या इंटर कालेज के पास पहुंचा ही था कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गयी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुँचे संतनगर थाना प्रभारी कमल टावरी ने अपने वाहन से दोनों घायलों को इलाज हेतु दीपनगर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहाँ से राज की हालत को गंभीर देख परिजन अपने निजी साधन से वाराणसी के ट्रामा सेंटर ले गए।

# आशा कार्यकर्त्रियों का समय से किया जाय भुगतान

## कर्मचारी संगठन की ब्लाक इकाई का हुआ गठन

**जनसंदेश न्यूज**

**हलिया।** विकास खंड के गलरा ग्राम पंचायत भवन में रविवार को आशा, आशा संगिनी कर्मचारी संगठन उत्तर प्रदेश की मीरजापुर जिलाध्यक्ष रेखा सिंह की अध्यक्षता में आशा संगिनी व आशा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर ब्लॉक इकाई का गठन किया और प्रोत्साहन राशि आदि भुगतान आदि समस्याओं पर विचार विमर्श किया।



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को स्वागत करतीं स्टाप

आशा कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से ब्लाक अध्यक्ष पद पर सपना सिंह, संगठन मंत्री पद पर गीता सिंह कोषाध्यक्ष पद पर आरती मिश्रा का सर्वसम्मति से चयन किया। जिलाध्यक्ष रेखा सिंह ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए अपने कार्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की बात कही। बैठक में आशा कार्यकर्ताओं ने कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं तथा समय से प्रोत्साहन राशि आदि का भुगतान नही मिलने की समस्या बताई और कहा कि आयुष्मान कार्ड का भुगतान अभी तक नही हो सका है। जिला अध्यक्ष रेखा सिंह ने समस्याओं के समाधान हेतु प्रभारी चिकित्साधिकारी कामेश्वर तिवारी से वार्ता कर आशा कार्यकर्ताओं का भुगतान समय से किए जाने की मांग की। इस दौरान जिला महामंत्री हेमलता सिंह आशा संगिनी आरती मिश्रा, गीता सिंह, रंजना सिंह, गुलाबकली, अनारकली, आशा श्यामादेवी, निशा सिंह,मंजू श्रीवास्तव, रन्नो देवी, संध्या सिंह, अरूणा देवी, पूजा पांडेय कुसुम कली, ब्लॉक संरक्षक मनकामना मिश्र आदि मौजूद रहीं।

# खाद के अभाव में नहीं हो पा रही है किसानों की खेती

## सहकारी समिति पर खाद उपलब्ध कराये जाने की किसानों ने की मांग

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के सहकारी समिति पर खाद न मिलने की वजह से किसानों की गेहूं की बुवाई प्रभावित हो रही है। किसान बाजार में प्राइवेट दुकानदारों से खाद लेने को मजबूर हैं किसानों ने मांग की है कि सहकारी समिति पर खाद उपलब्ध कराया जाए। जिससे किसानों की गेहूं की बुवाई किया जा सके। क्षेत्र में इस समय गेहूं की बुवाई के लिए पीक समय चल रहा है ऐसे में किसान गेहूं की बुवाई के लिए खाद की जरूरत है। किन्तु सहकारी समिति पर खाद उपलब्ध नहीं है। सुबह होते ही किसानों का जमावड़ा सरकारी समिति पर हो जाता है और देर शाम किसान हताश होकर अपने घर चले जाते हैं। समिति के कर्मचारियों द्वारा कहा जाता है कि खाद आने वाली है किंतु आज तक समित पर खाद नहीं पहुंची जिससे किसान अपनी गेहूं की बुवाई करने के लिए बाजार में प्राइवेट दुकानदार के यहां से यूरिया डीएपी फास्फेट लेने को मजबूर हैं। क्षेत्र के मेढरा निवासी राकेश पांडे ने कहा कि विगत 1 हफ्ते से मेरा खेत बुवाई के लिए तैयार है किंतु खाद के अभाव में गेहूं की बुवाई नहीं की जा रही है। निनवार उत्तर निवासी सुभाष चंद पटेल ने कहा कि गेहूं की बुवाई खाद के अभाव में पिछड़ रही है कहां की सहकारी समिति पर खाद आने का इंतजार भारी पड़ रहा है अब मजबूर होकर बाजार के प्राइवेट दुकानों से खाद लेकर गेहूं की बुवाई किया जाएगा। बनवारी निवासी रामलाल ने कहा कि सहकारी समिति पर खाद की उपलब्धता न होने की वजह से बाजार के प्राइवेट दुकानों द्वारा मनमानी तरीके से अधिक मूल्य पर खाद वितरित किया जा रहा है। किसानों की मजबूरी है कि प्राइवेट दुकानों से अधिक मूल्य पर खाद लेने को मजबूर हैं। किसानों ने मांग की है कि सहकारी समिति लालगंज पर तत्काल यूरिया डीएपी फास्फेट की उपलब्धता कराई जाए, जिससे किसान अपनी गेहूं की बुवाई कर सकें।

### गांव का लाल बना सहायक चकबंदी अधिकारी

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के गंगहरा कला गांव निवासी किसान परिवार से कृष्ण कुमार द्विवेदी के पुत्र राजीव द्विवेदी सहायक चकबंदी अधिकारी बनकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सफलता मिलने पर लोग घर पहुंच कर बधाई दे रहे हैं। लालगंज विकासखंड अंतर्गत गंगहरा कला गांव निवासी राजीव कुमार द्विवेदी शुरू से ही पढ़ने में होनहार रहे। हाई स्कूल से लेकर ग्रेजुएशन तक की शिक्षा रावर्टसगंज से प्राप्त किया। इसके बाद दिल्ली में तैयारी कर रहे थे।

# धोखाधड़ी के अभियोग में दो शातिर आरोपी व आरोपिता गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान, मीरजापुर पर 12 मार्च 2022 को वादी घनश्याम पुत्र मुन्नीलाल निवासी पियूरी थाना लालगंज मीरजापुर द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध वादी को मृत दिखाकर कूट रचित दस्तावेज व शपथ प्रमाण पत्र तैयार कर वरासत कराने के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके आधार पर थाना मड़िहान पर धारा 419,420,467,468,471, 504, 506 भादवि बनाम रामबरन आदि 06 नफर पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त अभियोग का संज्ञान लेते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक मड़िहान को निर्देश दिया गया था। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को निरीक्षक अपराध रमेश प्रसाद मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबीर की सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से दो आरोपी व आरोपिता रामबरन पुत्र पुरू, मंजू पुत्र रामबरन निवासीगण पियूरी थाना सन्तनगर मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# लोकतंत्र की हत्या कर रही है प्रदेश सरकार : जयवीर सिंह

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** माता विंध्यवासिनी के धाम में पहुंचे समाजवादी पार्टी के एमएलसी जयवीर सिंह ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया। नवनिर्वाचित विधायक मदन भैया का काफिला मुज्जफर नगर के खतौली जाने से रोके जाने पर कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र बचा नहीं है।



सपा प्रवक्ता को पुस्तक भेंट करते लोग

सरकार का विश्वास लोकतंत्र पर नहीं है। मतदान के दिन रामपुर में घर-घर घुसकर लोगों को मारा गया। सरकार के इस कृत्य पर कहा कि खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे। कहा कि सपा में शिवपाल सिंह यादव के आने से समाजवादी पार्टी और मजबूत हुई है। प्रदेश की जनता और नेता सभी चिंतित थे। शिवपाल के आने से सपा को मजबूती मिली है। हम लोग मिलकर 2022 का चुनाव लड़ा था। मैनपुरी की जनता ने इस समर्थन को भरपूर आशीर्वाद दिया है। माता विंध्यवासिनी का दर्शन पूजा करने के बाद जय वीर सिंह ने कहा कि मां का आशीर्वाद तो हर पल चाहिए, हमको भी और दल को भी। प्रदेश की जनता 2022 में भी सपा की सरकार चाहती थी। लेकिन छल बल के कारण परिणाम नहीं आया। नई सरकार बनने से लोगों का उत्पीड़न बढ़ा है। सपा प्रवक्ता को तीर्थ पुरोहित विद्यानंद मिश्र एवं सत्यम चतुर्वेदी ने दर्शन पूजन कराया और माता विंध्यवासिनी की तस्वीर और विंध्य महात्म पुस्तक भेंट किया।

# गांव के मेले में लाखों भक्त आज करेंगे माता शीतला का दर्शन-पूजन

**जनसंदेश न्यूज**

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के गड़बड़ा शीतला धाम में लगने वाला तीन सोमवार को 15 दिवसीय मेले का गवयी मेले में लाखों भक्तों को पहुँचने का अनुमान लगाया जा रहा है। मेले में झूला, दुकानें सजी हुई है। गवयी मेला के बाद कोटार शिव धाम में सभी दुकान तेरस के मेले में चली जाएगी। जिसमें प्रयागराज, भदोही, वाराणसी, सोनभद्र, मध्य प्रदेश के सीधी, सिगरौली, रीवा, सतना आदि जगहों से भक्तो का आगमन होगा परन्तु मेले में पिछले मेले लोगों का दोना पत्तल की गंदगी का चारों तरफ अंबार लगा हुआ है ऐसे में दर्शनार्थियों को दर्शन पूजन के लिये उसी पर होकर गुजरना होगा। लेकिन अभी तक कोई साफ सफाई नहीं कराया गया है। स्थानीय निवासी रवीशंकर तिवारी, देवी माली, संतोष तिवारी, राधे चौरसिया, गायत्री पांडेय, दिनेश तिवारी आदि लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मेला की सफाई कराए जाने की मांग किया है।

# डॉक्टरों की लापरवाही से पीएचसी पर नहीं लगता जन आरोग्य मेला

**यह है हाल**

**शासन के आदेशों का अधिकारी नहीं कर रहे अनुपालन**

**परेशान मरीज अधिकारियों से बार-बार लगा रहे गुहार**

**जिले के आलाधिकारी नही ले रहे हैं संज्ञान**

**जनसंदेश न्यूज**



अस्पताल गेट पर डाक्टर का इंतजार करते ग्रामीण।

**राजगढ़।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खटखरिया पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन न होने से मरीजों को बगैर इलाज ही वापस लौटना पड़ा। जिससे आक्रोशित मरीज सरकार व जिले के उच्चाधिकारियों को कोसते दिखाई दिए। ग्रामीणों द्वारा बार बार मांग किये जाने के वावजूद भी जिला के उच्चाधिकारी संज्ञान नही ले रहे हैं।

आम जनता को उत्तम और नजदीकी मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए शासन की ओर से प्रत्येक रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक की उपस्थिति में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन करने का आदेश दिया गया है।परंतु जिले के उच्च अधिकारियों की मनमाना रवैया के आगे शासन का आदेश भी हवा हवाई साबित हो रहा है।

जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खटखरिया पर जन आरोग्य मेला का आयोजन नहीं किया जा रहा है।वही नजदीकी व उत्तम स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के बजाए मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने तुगलकी फरमान जारी कर खटखरीया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चिकित्सक का स्थानांतरण कर, औपचारिक रूप से पीएचसी खटखरिया को बंद कर दिया गया है।बेहद दबावों के बाद सप्ताह में केवल दो दिन खोलने का आदेश दिया गया है।

जिले की ध्वस्त स्वास्थ्य व्यवस्था से भाजपा सरकार के दावों की धज्जियां उड़ रही हैं वहीं स्वास्थ्य महकमा शासन की मंशा पर पानी फेरने में जुटा हुआ है।

जंगल पहाड़ से सटे नक्सल प्रभावित खटखरिया क्षेत्र के ग्रामीण नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज कराने से वंचित हो रहे हैं। ऐसे में आस पास के दर्जनों गांवों के लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को प्रत्येक दिन संचालित कराने तथा जन आरोग्य मेला का आयोजन कराने के लिए जिला अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित क्षेत्रीय विधायक रमाशंकर सिंह से कई बार मांग की है। परंतु कोई संज्ञान नहीं ले रहा हैं। जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोग सरकार व जिले के उच्च अधिकारियों को कोसते हुए नजर आ रहे हैं।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 188 मरीजों का किया गया उपचार

**हलिया।** क्षेत्र के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में रविवार को कुल 188 मरीजों का उपचार किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया है.नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में कुल 49 मरीजों का चिकित्सक के द्वारा उपचार कर दवा वितरित किया गया जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में कुल 74 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। वही नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 65 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बुखार, मलेरिया, खांसी, सुगर, बीपी सहित अन्य रोगों के मरीजों का उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.कामेश्वर तिवारी ने औक्षक निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सक डा.अभिषेक जायसवाल, बीसीपीएम अनिल कुमार, एलटी राकेश कुमार, बैजनाथ, दशरथ, अरविंद कुमार सिंह, फार्मासिस्ट संजय श्रीवास्तव, मनोज कुमार, मायावती सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।


## संक्षेप

### पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार



**मीरजापुर।** थाना को0देहात, जनपद मीरजापुर पर 01 दिसम्बर को वादी डा0ओम प्रकाश शाही पुत्र स्व0चन्द्रेश शाही निवासी बरकछा कला थाना को0देहात मीरजापुर द्वारा घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे आभूषण व नगदी चोरी करने तथा सुरक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे में तोड़फोड़ करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी। उक्त सूचना के आधार पर थाना को0देहात पर धारा 457,380,427 भादवि बनाम बइश्तवाह पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त चोरी की घटना का यथाशीघ्र अनावरण करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी व बरामदगी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0देहात को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उ0नि0 विजय राय चौकी प्रभारी बरकछा थाना को0देहात मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्र से उक्त अभियोग की विवेचना के दौरान प्रकाश में आये दो आरोपियों सुनील कुमार विश्वकर्मा पुत्र स्व0जीतलाल विश्वकर्मा, दीपू कुमार सरोज पुत्र बद्री प्रसाद सरोज निवासीगण बरकछा थाना को0देहात मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से जले हुए तार से निकला तांबा व एल्युमिनियम कुल वजन 04.100 किग्रा बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### दुकान से हजारों रुपये का सामान लेकर चोर हुए चम्पत



**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जेके स्टेट हाइवे स्थित हरिहरपुर गांव के सामने अज्ञात चोरों ने तीन दुकानों का ताला तोड़कर चोरी करनें का प्रयास किया, जिसमें एक दुकान से हजारों रुपए का सामना लेकर चोर चम्पत हो गए। रविवार की रात जनपद चंदौली स्थित बौरी गांव निवासी राजकुमार की दुकान से हजारों रुपए का समान लेकर अज्ञात चोर फरार हो गए। वहीं कमलेश विश्वकर्मा और सिंह विल्डिंग मैटेरियल के दुकानों का अज्ञात चोरों ने ताला चटकाकर चोरी का प्रयास किया, लेकिन आवागमन के चलतें चोरी करने में असफल रहे।

### दान पात्र से निकला 35750 रुपया



**मीरजापुर।** बदेवरानाथ मंदिर की दानपेटी से निकले 35750 रुपए आज ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश उपाध्याय व मंदिर के महंत महेंद्र गिरी तथा कमलेश उपाध्याय व अन्य की उपस्थिति में मंदिर पर लगे कुल 5 दान पेटियों को खोला गया मंदिर पर लगे सीसीटीवी की निगरानी में गणना की गई जिसमें 35750 निकला ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश उपाध्याय द्वारा बताया गया उक्त धनराशि से पुस मास में लगने वाले वृहद मेले के पूर्व मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा तथा मंदिर पर ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाया जाएगा व जन सामान्य व भक्तों के लिए जो भी आवश्यक सुविधा होगी उसकी व्यवस्था की जाएगी।

### सत्यनारायण अध्यक्ष, महामंत्री चुने गये अमित कुमार



**चील्ह।** विकासखंड कोन के ब्लॉक कार्यालय के सभागार में रविवार को सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव सकुशल संपन्न कराया गया। जानकारी के अनुसार सतनारायण यादव व बाबूलाल अध्यक्ष पद के दावेदार में जिसमें सतनारायण यादव को 102 मत मिले व बाबूलाल को 54 मत मिले 48 मतों से सतनारायण यादव को विजई घोषित किया गया। वही महामंत्री पद के लिए अमित कुमार निर्विरोध चुने गए। सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव ब्लॉक कार्यालय कोन के सभागार में गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ। सुबह से ही सफाई कर्मियों का जमावड़ा लगा रहा। निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र पांडे के मौजूदगी में चुनाव संपन्न कराया गया। नवनिर्वाचित प्रत्याशी को चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र पांडे व जिला अध्यक्ष प्रधान संघ चंद्रशेखर यादव चंदू द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख कोन शंभू नाथ यादव, जिला अध्यक्ष प्रधान संघ चंद्रशेखर यादव चंदू, रामबाबू यादव, सफाई कर्मी मनीष, गुलाब, बाल्मिक, अशोक मंजीत, बनारसीलाल, मुरारी, राकेश यादव, पप्पू, तेजू यादव आदि सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना पड़री, जनपद मीरजापुर पर 10 दिसम्बर को थाना पड़री क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नामजद आरोपी के स्वयं(वादिनी) के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना पड़री पर धारा 376 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक पड़री को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को प्र0नि0 पड़री माधव सिंह मय पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त की विवेचना में त्वरित कार्यवाही करते हुए नामजद आरोपी शिवपूजन पुत्र रामलखन निवासी टेढ़ा थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### फिर एक साथ रहने को राजी हुए 22 बिछड़े दम्पति

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 22 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुयी काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान महिला निरीक्षक सीमा सिंह, महिला उप-निरीक्षक शशि तिवारी, महिला आरक्षी प्रीति चौबे व सपना तथा सदस्यगण निर्मला सिंह, डा0कृष्णा सिंह, पार्वती पाण्डेय आदि उपस्थित रही।

### हर्षोल्लास से मनाया गया भारतीय भाषा उत्सव

**अदलहाट।** आदर्श इंटर कॉलेज में रविवार को महाकवि सुब्रह्मयम भारती का जन्म दिवस विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया जिसमें विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। बड़े ही उल्लास पूर्वक भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाते हुए विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध प्रतियोगिता वाद विवाद प्रतियोगिता जूनियर सीनियर छात्र-छात्राओं द्वारा चम्मच दौड़ में विजेता प्रथम शिवम तिवारी द्वितीय आकृति विश्वकर्मा तृतीय अभय कुमार, सुई धागा दौड़ में प्रथम गुड़िया बानो द्वितीय गंगा प्रसाद तृतीय आंचल पटेल जलेबी दौड़ प्रथम रुपाली विश्वकर्मा द्वितीय कुंदन कुमार प्रजापति तृतीय अंशु कुमार सुई धागा दौड़ कुर्सी दौड़ जलेबी दौड़ वालीवाल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रथम द्वितीय तृतीय विजेता छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शशि शेखर भट्ट जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के सुचारू संचालन में हरिशंकर त्रिपाठी सहायक अध्यापक, राहुल सिंह व्यायाम शिक्षक, लक्ष्मण सिंह सहायक अध्यापक संतोष कुमार यादव सहायक अध्यापक, एवं पवन कुमार पांडे जी सहायक अध्यापक, का विशेष योगदान रहा।

### विंध्याचल में तीर्थ पुरोहित शनि ने की अलाव की व्यवस्था

**मीरजापुर।** सूर्य अस्त होते ही दिसंबर माह में सर्द रातों में ठंडी हवा के झोंको से आम जनता सिहर जा रही हैं। विंध्य पर्वत पर विराजमान माता विंध्यवासिनी के धाम में अलाव की गर्माहट का जिम्मा नगर पालिका परिषद के बजाय एक तीर्थ पुरोहित शनि दत्त पाठक ने सम्हाल रखा है। विंध्याचल धाम में दर्जन भर से अधिक स्थानों पर अलाव जलने पर तीर्थ यात्रियों को सहुलियत मिल रही हैं। जिसके ताप से राहत मिलने पर लोगों ने प्रसन्नता जताया है। विंध्यवासिनी धाम में प्रदेश ही नहीं देश के विभिन्न प्रांतों से भक्तगण दर्शन पूजन करने आते हैं। दिसंबर में शीत लहरी के बाद भी अब तक कोई राहत कार्य आरम्भ न किए जाने पर आश्चर्य जताया। कहा कि दूर दराज से आने वाले भक्त गंगा नदी किनारे माता के धाम में बहने वाले ठंडी हवा से सिहर उठते हैं। दर्शनार्थियों की भीड़ के बावजूद उनके दिक्कतों अनदेखी पर केबी डिग्री कॉलेज के छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष शनि दत्त पाठक ने अलाव का जिम्मा सम्हाला। विंध्याचल धाम के दर्जन भर से अधिक स्थानों पर अलाव की लकड़ी गिराकर अलाव जलवाया गया।

## क्रिकेटर मयंक बने पिता, बेटे का नाम रखा अयांश

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे बैटर मयंक अग्रवाल पिता बन गए हैं। उन्होंने फैंस को यह जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने दुनिया के सामने बेटे के नाम का खुलासा किया। मंयक ने तस्वीर ट्विटर पर शेयर की जिसमें पत्नी और वहां अपने बेटे को हाथ में थामे नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा हम दिल कृतज्ञता से भरा हुआ है और हम आयांश को आपने सामने ला रहे हैं। प्रकाश की पहली किरण हमारा हिस्सा और ईश्वर का उपहार। मयंक के बेटे का जन्म 8 दिसंबर को हुआ और उन्होंने अब बेटे की पहली तस्वीर शेयर की है। मयंक ने अपनी बचपन की दोस्त आशिता सूद से जून 2018 में शादी की थी जो पेशे से वकील हैं। स्कूल के दिनों से दोनों दोस्त थे और धीरे-धीरे यह दोस्ती प्यार में बदल गई। आशिता के पिता प्रवीण सूद फिलहाल कर्नाटक के डीजीपी है।



# बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में भारत का रिकॉर्ड बेहतर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए जीत जरुरी

## सीरीज का पहला टेस्ट मैच 14 दिसंबर से चटगांव में जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में होगा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम वनडे सीरीज हार के बाद मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ अगामी 2 मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारियों में जुटी है। सीरीज का पहला टेस्ट मैच 14 दिसंबर से चटगांव में जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में होगा। रिकॉर्ड की बात करें तब भारतीय टीम टेस्ट क्रिकेट में अभी तक कोई भी मैच बांग्लादेश खिलाफ नहीं हारी है। हालांकि भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 की जीत बेहद जरूरी है। टीम इंडिया मेजबान टीम का टेस्ट सीरीज में सफाया कर अगले साल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रख सकती है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जून 2023 में खेला जाएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप समीकरण की बात करें तब भारतीय टीम मेजबान के खिलाफ एक भी टेस्ट में रिजल्ट ड्रॉ नहीं चाहेगी। दोनों टीमों के बीच अभी तक 11 टेस्ट मैच खेले गए हैं जिसमें से भारत ने 9 जीते हैं। दो टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं। बांग्लादेश के खाते में एक भी जीत नसीब नहीं हुई है। दोनों टीमें साल 2000 से एक-दूसरे के खिलाफ टेस्ट मैच खेल रही हैं।



बांग्लादेश की टीम भारत के खिलाफ अभी भी पहली जीत की तलाश कर रही है। हालांकि इस दौरान उसने कुछ टेस्ट ड्रॉ कराने में सफलता जरूर हासिल की है। बांग्लादेश के लिए अच्छी बात यह है कि वह इस समय अपने घर में खेल रही है। जहां उसने पहले दो टेस्ट मैच ड्रॉ कराए हैं। हाल में वनडे सीरीज में बांग्लादेश ने भारत को 2-1 से हराया था। वनडे सीरीज जीतने के बाद बांग्लादेश के हौसले बुलंद हैं। इसके बाद उसकी कोशिश भारत के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 की राह में रोड़ा बनने की होगी।

## हाय-तौबा के बावजूद...कोहली की खराब फॉर्म से बेफिक्र था परिवार : बड़े भाई विकास बोले- घर में कभी भी क्रिकेट पर बात नहीं होती थी



टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को 1214 दिन बाद वनडे शतक (113) जमाया। यह उनका 72वां इंटरनेशनल शतक है। कोहली ने 44 वनडे, 27 टेस्ट और एक टी-20 शतक जमाए हैं। 34 साल के पूर्व भारतीय कप्तान को यह कामयाबी करीब 3 साल की घोर निराशा के बाद मिली है, लेकिन क्या आपको पता है कि जहां क्रिकेट जगत में कोहली की खराब फॉर्म पर हाय-तौबा मची हुई थी, वहीं दूसरी ओर उनका परिवार उनकी फॉर्म से बेफिक्र था। यहां तक कि उनके घर में कभी भी क्रिकेट पर बात नहीं होती थी। यह बात विराट कोहली के बड़े भाई विकास कोहली ने कही। विकास ने शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ आए शतक के बाद विराट के उस दौर को साझा किया, जब विराट आउट ऑफ फॉर्म थे। कोहली की पारी पर विकास ने कहा- 'प्रोफेशनल क्रिकेटर है वो...प्रोफेशनल स्पोर्ट्स पर्सन। जिसमें ये सब चलता रहता है, क्रिटिसिज्म वगैरह...उसका फोकस गेम पर है। ऐज अ फैमिली हम एक नॉर्मल एटमॉस्फियर बनाकर रखते हैं और जो चीजें हमारे कंट्रोल में नहीं हैं, हम उस पर डिस्कशन नहीं करते हैं ताकि उसका फोकस अपने गेम और प्रायोरिटीज पर रहे।'

## पुर्तगाल की शर्मनाक हार पर टीम मैनेजर पर भड़की रोनाल्डो की पार्टनर जॉर्जिना



**दोहा।** फीफा वर्ल्ड कप 2022 से पुर्तगाल की हैरान करने वाली विदाई हो गई है क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मोरक्को ने पुर्तगाल को हराकर वर्ल्ड कप जीतने का सपना तोड़ दिया। स्टार प्लेयर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का यह आखिरी वर्ल्ड कप था उनका यह खिताब जीतने का ख्वाब अधूरा रह गया। हैरानी की बात ये रही कि आखिरी दो मैच में रोनाल्डो स्टार्टिंग-11 का हिस्सा नहीं थे।

वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद जब हर कोई गम और गुस्से में है तब रोनाल्डो की पार्टनर जॉर्जिना रोड्रिगेज ने अपना रोष जाहिर किया है। जॉर्जिना का गुस्सा पुर्तगाल टीम के मैनेजर पर निकलकर उन्हें जमकर खरी-खोटी सुनाई। जॉर्जिना ने कहा कि आज आपके कोच और दोस्त ने गलत फैसला किया वहां दोस्त जिसपर आपने खूब भरोसा किया और सम्मान किया। आपके आने के बाद मैच किस तरह बदला था लेकिन तबतक काफी देर हो चुकी थी।

जॉर्जिना ने लिखा कि दुनिया का सबसे बेहतरीन प्लेयर सबसे खतरनाक हथियार को इस तरह हल्के में नहीं लिया जाता है। आप उसके साथ खड़े नहीं हो सकते हैं जो आपको डिजर्व नहीं करता है। आज हम हारे नहीं हैं बल्कि सीखे हैं।

## 20 वर्ष के यश ढुल होंगे दिल्ली के रणजी कप्तान भारतीय अंडर-19 टीम को जिता चुके विश्व कप

### ईशांत शर्मा और आईपीएल स्टार नीतिश राणा भी टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** भारत को अंडर-19 का विश्व खिताब दिलाने वाले 20 वर्षीय यश ढुल दिल्ली के नए रणजी कप्तान होंगे। वहीं, 100 टेस्ट खेल चुके वरिष्ठ खिलाड़ी ईशांत शर्मा और आईपीएल स्टार नीतिश राणा भी टीम में शामिल हैं। पिछले वर्ष रणजी में पदार्पण करने वाले यश दिल्ली के कप्तान बनने वाले सबसे युवा खिलाड़ियों में से एक हैं। यश ने आठ मैचों में 74.54 के औसत से 820 रन बनाए, जिसमें चार शतक शामिल हैं।

टीम इस प्रकार है : यश ढुल (कप्तान), हिम्मत सिंह (उपकप्तान), ध्रुव शोरी, अनुज रावत (विकेटकीपर), वैभव रावल, ललित यादव, नीतिश राणा, आयुष बदोनी, ऋतिक शोकीन, शिवांक वशिष्ठ, विकास मिश्रा, जॉन्टी सिद्धू, ईशांत शर्मा, मयंक यादव, हर्षित राणा, सिमरजीत सिंह, लक्ष्य थरेजा (विकेटकीपर), प्रांशू विजयरन।



अंडर-19 विश्व कप के बाद से यश ढुल का फॉर्म शानदार रहा है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में वह टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। उन्होंने आठ मैचों में 72.60 की औसत और 131.52 के स्ट्राइक रेट से 363 रन बनाए थे। वहीं, विजय हजारे ट्रॉफी में सात मैचों में 38.20 की औसत से 191 रन बनाए थे। इसमें एक अर्धशतक शामिल है।

## ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर जेस जोनासेन चोटिल भारत दौरे से बाहर

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर जेस जोनासेन को पांच मैचों की सीरीज के पहले टी20 मैच में दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद शेष भारत दौरे से बाहर होना पड़ा है। स्पिनर स्वदेश क्वींसलैंड लौट आई है। ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में लेग स्पिनर अमांडा-जेड वेलिंगटन को शामिल किया जाएगा जिनके भारत आने की उम्मीद है और तीसरे टी20 से पहले मंगलवार को टूरिंग पार्टी से जुड़ेंगी।

जोनासेन ने डीवाई पाटिल स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की नौ विकेट की जीत के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए अपनी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव का सामना किया। ऑस्ट्रेलिया टीम के फिजियोथेरेपिस्ट केट बेरवर्थ ने कहा उसका मूल्यांकन किया है और यह स्पष्ट है कि इस श्रृंखला के दौरान वापसी के लिए आवश्यक समय सीमा बहुत कम है। उन्होंने कहा जेस



श्रृंखला के शेष मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगी और अपने रिहैबिलिटेशन को जारी रखने के लिए ब्रिसबेन लौटेंगी। जोनासेन को पाकिस्तान के खिलाफ घर में जनवरी में होने वाली वनडे और टी20 सीरीज या फरवरी में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले टी20 विश्व कप से बाहर होने की उम्मीद नहीं है। दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी टूर्नामेंट से पहले अपने विकल्पों का आकलन करने के उद्देश्य से जोनासेन के प्रतिस्थापन के रूप में वेलिंगटन को मूल टीम में जगह नहीं मिली।

## अनुष्का-विराट की शादी को पूरे हुए 5 साल : कपल ने दिलचस्प अंदाज में एक-दूसरे को किया विश, फोटो देख फैंस ने लुटाया प्यार

**मुंबई।** अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की शादी को पांच साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर कपल ने बेहद अनोखे अंदाज से एक-दूसरे को विश एनिवर्सरी विश की है। जहां विराट ने अपनी लाइफ पार्टनर के साथ रोमांटिक फोटो साझा की, तो वहीं अनुष्का मीम्स और फोटोज के साथ विराट को यूनिक अंदाज में विश किया है। कपल की एनिवर्सरी की फोटोज बेहद सुर्खियों में हैं।

अनुष्का शर्मा ने शेयर की खास तस्वीरें अनुष्का ने एक साथ कुल 7 तस्वीरें पोस्ट की, हर फोटो के साथ उन्होंने एक-एक कैप्शन भी मेंशन किया। अनुष्का ने इस खास पोस्ट में लिखा- हमारे प्यार को सेलिब्रेट करने और प्यारी तस्वीरों को पोस्ट करने का इससे बेहतर दिन भला क्या हो सकता है? माय लव फोटो 1- मुझे पता है कि आपने हमेशा मेरे पीछे खड़े हो। फोटो हमेशा हमारे दिलों में एक-दूसरे के लिए प्यार रहना, हम दोनों एक दूसरे के लिए लकी हैं। आप मेरे लंबे और दर्दनाक लेबर पेन के एक दिन बाद हॉस्पिटल में आराम करते हुए। तस्वीर हम चीजों में अच्छा स्वाद रखते हुए। तस्वीर 5- कोई रैंडम साथी की फोट। तस्वीर आप अपने अतरंगी एक्सप्रेशन्स से मेरी ज्यादातर फोटोज को अन पोस्टेबल बनाते हुए। हमारी शादी की साल गिरह मुबारक हो। मेरे प्यार- आज, कल और हमेशा। अनुष्का के इस पोस्ट पर विराट ने रिएक्ट करते हुए लिखा- निश्चित ही आपके पास मेरी सबसे बेहतरीन तस्वीरें हैं। अनुष्का द्वारा शेयर की गई इन फोटोज पर फैंस जमकर रिएक्टर कर रहे हैं। सभी कपल को उनकी शादी की 5वीं एनिवर्सरी पर उन्हें बधाइयां दे रहे हैं।



विराट ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी और अनुष्का की बेहद रोमांटिक तस्वीर शेयर की है, जिसमें दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे हुए नजर आ रहे हैं। विराट ने पोस्ट में लिखा- ह्यअनंत काल की यात्रा के 5 साल। मैं तुम्हे पाकर बहुत लकी महसूस करता हूं, तुम्हें पूरे दिल से प्यार करता हूं।

अनुष्का और विराट ने 11 दिसंबर 2017 को शादी के बंधन में बंधे थे। अनुष्का ने 11 जनवरी 2021 के दिन एक बेटी को जन्म दिया, जिसका नाम वामिका है।

अनुष्का जहां चकदा एक्सप्रेस से फिल्मों में वापसी करने जा रही हैं, वहीं विराट क्रिकेट की दुनिया में बड़ा नाम हैं। दोनों सालों से एक-दूसरे की सक्सेस को एंजॉय करते आ रहे हैं।

## पंत का नया विज्ञापन विवादों में हंसल मेहता ने हटाने की मांग की

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत का नया विज्ञापन विवादों में घिरता जा रहा है। संगीत का मजाक बनाने वाले विज्ञापन पर लगातार आपत्ति दर्ज की जा रही हैं। इसी कड़ी में फिल्ममेकर हंसल मेहता ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने ट्विटर पर विज्ञापन को बेहूदा करार देते हुए विज्ञापन को हटाने की मांग की है। उन्होंने विज्ञापन को अपमानजनक कहा है।



ऑनलाइन गेमिंग के विज्ञापन में ऋषभ संगीतज्ञ बने दिख रहे हैं और बेसुरा गा रहे हैं। इसी बीच वे गेंद लपकते दिख रहे हैं! विज्ञापन के सामने आने के बाद सभी विज्ञापन को भारतीय संगीत कला का अपमान बता रहे हैं। ऋषभ का अंदाज लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। हंसल मेहता ने विज्ञापन देखा तब उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने विज्ञापन के साथ एक मैसेज ट्विटर पर लिखा है। यह बेहूदा और अपमानजनक विज्ञापन है। अपना प्रमोशन करो लेकिन कला और कल्चर के नाम पर नहीं। मैं इस विज्ञापन को हटाने की मांग करता हूं।

## रॉबिन्सन ने कमाल की गेंद चारों खाने चित हुए बाबर आजम

**मुंबई।** पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच मुल्तान में हो रहे दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को जीत के लिए 355 रन का टारगेट मिला है। इसका पीछा कर पाकिस्तान ने अच्छी शुरूआत की थी। इमाम-उल-हक के चोटिल होने की वजह से मोहम्मद रिजवान ने अब्दुल्ला शफीक के साथ पारी की शुरूआत की। अब्दुल्ला और रिजवान ने तीसरे दिन लंच तक बिना विकेट खोए 15 ओवर में 64 रन बना दिए थे। लेकिन लंच के बाद जब पाकिस्तानी बल्लेबाजी फिर से शुरू हुई तब जेम्स एंडरसन और ऑली रॉबिन्सन बिल्कुल बदले हुए तेवर के साथ गेंदबाजी के लिए उतरे। लंच के बाद पहले ही ओवर में एंडरसन ने अपनी अंदर आती गेंद पर मोहम्मद रिजवान को क्लीन बोल्ड किया। एंडरसन के रिजवान को बोल्ड करने के दो ओवर बाद रॉबिन्सन ने कमाल की गेंद फेंककर पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम चारों खाने चित कर दिया। बाबर गेंद की लाइन को पढ़ने में चूक गए और उन्होंने रॉबिन्सन की इस गेंद को छोड़ने के लिए बल्ला हवा में उठा लिया। लेकिन गेंद बाहर जाने के बजाए तेजी से अंदर की तरफ आई और बाबर का ऑफ स्टम्प ले उड़ी। बाबर को कुछ देर तब समझ ही नहीं आया कि क्या हुआ। इसके बाद बाबर मायूस चेहरा लिए पवेलियन की तरफ लौट गए। बाबर महज 1 रन ही बना सके। पहली पारी में भी ठीक ऐसी ही गेंद पर रॉबिन्सन ने बाबर को क्लीन बोल्ड किया था। रॉबिन्सन ने मुल्तान टेस्ट के दूसरे दिन बिल्कुल इसी तरह की गेंद पर बाबर को बोल्ड कर उनके शतक के सपना चकनाचूर कर दिया था। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने रॉबिन्सन को दूसरे दिन का पहला ओवर दिया और रॉबिंन्सन ने अपने कप्तान को बिल्कुल भी निराश नहीं किया। रॉबिंसन की इनस्विंगर बाबर के पैड और बल्ले को मिस करती हुई मिडिल स्टंप से जा टकराई और उनका काम तमाम हो गया। बाबर 95 गेंद में 75 रन बनाकर आउट हुए।



## दिनेश कार्तिक ने शिखर धवन के कैरियर को लेकर कही बड़ी बात

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने राष्ट्रीय टीम में शिखर धवन के भविष्य पर बड़ी टिप्पणी की है। कार्तिक ने कहा कि श्रीलंका श्रृंखला से पहले किसी को टीम से बाहर होने की आवश्यकता होगी और उनका मानना है कि धवन एक हो सकते हैं। कार्तिक ने कहा श्रीलंका श्रृंखला के लिए (शिखर) धवन कहां खड़े हैं? यह देखना दिलचस्प होगा कि वे इशान किशन को कैसे छोड़ेंगे। शुभमन गिल बहुत अच्छा कर रहे हैं। अगर कप्तान रोहित शर्मा उपलब्ध हैं तब किसी को चूकना होगा। यह वह (धवन) हो सकते हैं। यह एक शानदार करियर का दुखद अंत हो सकता है। लेकिन नए चयनकताओं को कुछ सवालों के जवाब देने हैं। उन्होंने कहा दिलचस्प है कि अगर गिल टीम का हिस्सा होते तब शायद वह ओपनिंग करते क्योंकि वह कुछ समय से ऐसा कर रहे हैं। कार्तिक ने कहा किसी को बाहर आना और इस तथ्य के साथ ईमानदार होना बहुत अच्छा लगता है कि आप जानते हैं अगर मैं बल्लेबाजी करता तब मुझे 300 मिल सकते थे।



**केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से चर्चा करते भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय। चर्चा राजनीतिक नहीं क्योंकि खेल के लिए मैदान (खालसा स्टेडियम) पर हुई। दृष्टिबाधित क्रिकेट वर्ल्ड कप के भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय के लिए दोनों वरिष्ठ नेता मैदान पर पहुंचे थे। इसके बाद उन्होने मैच का आनंद भी लिया। इस मैच में भारत ने आस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया।**

# झूठा हलफनामा देने के केस में फंसे इमरान: ईसी को बेटी के बारे में नहीं दी जानकारी, इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया

## सरकारी खजाने के तोहफे बेचने के मामले में पहले ही मुश्किलों में घिरे इमरान खान एक और बड़ी मुसीबत में फंसे, पूर्व प्रेमिका सीटा व्हाइट से हुई बेटी टैरिन व्हाइट की जानकारी नहीं दी



**कराची।** सरकारी खजाने के तोहफे बेचने के मामले में पहले ही मुश्किलों में घिरे इमरान खान एक और बड़ी मुसीबत में फंसते नजर आ रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री पर आरोप है कि इलेक्शन कमीशन को दिए एफिडेविट में उन्होंने बेटी होने की बात छिपाई।
इमरान ने जेमिमा गोल्डस्मिथ से दो बेटों के होनों की बात तो हलफनामे में मानी, लेकिन पूर्व प्रेमिका सीटा व्हाइट से हुई बेटी टैरिन व्हाइट की जानकारी नहीं दी। अमेरिकी और ब्रिटिश कोर्ट्स में यह साबित हो चुका है कि टैरिन के पिता इमरान खान हैं। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए इमरान खान, केंद्र सरकार और इलेक्शन कमीशन को नोटिस करके इस बारे में जवाब मांगा है।
पाकिस्तान के ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट मोहम्मद साजिद ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट में इमरान के खिलाफ पिटीशन दायर की है। पिटीशन में साजिद ने कहा- इमरान ने इलेक्शन कमीशन को दिए एफिडेविट में दो बेटे होने की जानकारी दी, लेकिन बेटी होने की बात छिपा गए। अमेरिका और ब्रिटेन के कोर्ट्स ने साइंटिफिक एविडेंस के बाद यह माना है कि टैरिन व्हाइट के पिता वास्तव में इमरान खान ही हैं। टैरिन फिलहाल 28 साल की हो चुकी हैं और अमेरिका में रहती हैं। उनकी मां का नाम सीटा व्हाइट है। खान टैरिन के लिए लगातार पैसा भी भेजते हैं और इसके सबूत मौजूद हैं। साजिद की इस पिटीशन पर हाईकोर्ट ने इमरान, केंद्र सरकार और इलेक्शन कमीशन को नोटिस जारी कर पूछा है कि इस मामले की सच्चाई क्या है। अगर आरोप सही हैं तो क्यों न इमरान को चुनाव लड़ने के अयोग्य करार दिया जाए। अगली सुनवाई 25 जनवरी को होगी। खान या उनकी पार्टी ने इस बारे में अब तक इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया है। इमरान पर लगे आरोप पर देश के होम मिनिस्टर राना सनाउल्लाह ने भी रिएक्शन दिया। राना ने मीडिया से कहा- इसमें कोई दो राय नहीं कि टैरिन व्हाइट इमरान खान की ही बेटी हैं। हमारे पास भी इसके कई पुख्ता सबूत मौजूद हैं। कई साल तक खान ने टैरिन के पिता होने से इनकार किया, लेकिन इसके मेडिकल और साइंटिफिक एविडेंस मौजूद हैं और इमरान जितना झूठ बोलेंगे, उतना ही फंसते जाएंगे।
राना ने आगे कहा- अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के हाईकोर्ट खान को टैरिन का पिता बता चुका है। ब्रिटेन की अदालत ने भी यही फैसला दिया। खान की पहली पत्नी जैमिमा खुद टैरिन को सौतेली बेटी कहती हैं। हाईकोर्ट ने हमें जो नोटिस जारी किया है, उसका जवाब तफ्सील से दिया जाएगा और इसमें तमाम सबूतों का हवाला भी दिया जाएगा। खान का रवैया बेहद गैरजिम्मेदाराना है।

# अगस्त 2023 तक 75 वंदे भारत ट्रेन को ट्रैक पर उतारने का लक्ष्य : रेलवे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर से छठी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने नई वंदे भारत को महाराष्ट्र के नागपुर से रवाना किया। बात दें कि रेल मंत्रालय का अगले साल अगस्त तक 75 वंदे भारत ट्रेन को ट्रैक पर उतारने का लक्ष्य है। मंत्रालय के अनुसार 35 वंदे भारत रैक (इंजन के अलावा कोच को मिलाकर बनी पूरी ट्रेन) को इस वित्त वर्ष के लिए अनुमति मिली है। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 67 रैक्स को अनुमति मिली है। पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को 15 फरवरी 2019 को हरी झंडी दिखाई गई थी। यह ट्रेन नई दिल्ली से वाराणसी के बीच चली थी। इसके बाद पांचवीं ट्रेन पिछले ही महीने 11 तारीख को मैसूर से चेन्नई के लिए रवाना की गई।
रेलवे के अधिकारी ने बताया कि इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में अब तक 5 वंदे भारत ट्रेन बनाई जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इनके प्रोडक्शन को और तेजी से बढ़ाया जा रहा है।

# टू-पीस में दिखा जाह्नवी कपूर का बोल्ड अंदाज, फोटोज देख फिदा हुए फैंस



**नई दिल्ली।** जाह्नवी कपूर इन दिनों वेकेशन पर हैं। इस दौरान वह सोशल मीडिया पर टू-पीस में फोटो शेयर कर रही हैं। इंटरनेट पर जाह्नवी कपूर के इस अवतार को काफी पसंद किया जा रहा है। जाह्नवी कपूर ब्लू कलर के ब्रालेट और डेनिम स्कर्ट में बिंदास लग रही हैं। जाह्नवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपना बोल्ड अवतार शेयर किया है। ब्लू कलर के ब्रालेट और डेनिम स्कर्ट में जाह्नवी कपूर बोल्डनेस से लाखों फैंस को अपना दीवाना बना रही हैं। ब्लू कलर के ब्रालेट के साथ एक्ट्रेस ने गले में नेकलेस पहना हुआ है और हाथ में नारियल पकड़ा हुआ है। बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। जाह्नवी कपूर का इंस्टाग्राम उनकी फैशनेबल और स्टाइलिश फोटो से भरा हुआ हैं। जाह्नवी अक्सर इंस्टाग्राम पर अपना बोल्ड और स्टनिंग लुक शेयर कर लाखों फैंस को दीवाना बनाती हैं।

## खास खबर

### संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम से जुड़ी अभिनेत्री मानुषी महिला अधिकार के लिए काम करेगी

**मुंबई।** अभिनेत्री मानुषी छिल्लर को अक्सर महिलाओं के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण सामाजिक पहलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए जोड़ा गया है। उन्हें अब महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा पर उनके वैश्विक अभियान के लिए संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा लाया गया है। मानुषी ने कहा एक इसतरह के मुद्दे पर यूएनडीपी के साथ जुड़ना सम्मान और सौभाग्य की बात है जो हमारे समाज में काफी व्याप्त है। मैं हमेशा भारत में महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज उठाती हूं और लिंग आधारित हिंसा एक दुर्भाग्यपूर्ण वास्तविकता है जिसे जमीनी स्तर से खत्म करने की जरूरत है।

### भारत में कोरोना के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3913 हुई

**नई दिल्ली ।** भारत में एक दिन में कोरोना संक्रमण के 173 नए मामले सामने आने से देश में अब संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 44674822 हो गई जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 3913 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार केरल द्वारा संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की सूची में तीन और नाम जोड़े जाने और महाराष्ट्र में बीते चौबीस घंटे में मौत का एक और मामला सामने आने के बाद देश में मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 530658 हो गई है। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3913 रह गई है जो कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 134 की कमी दर्ज की गई है। वहीं मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.80 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार देश में अब तक कुल 44140251 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं जबकि कोरोना से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।

# 'असंवैधानिक' शिंदे सरकार स्टैंड नहीं ले पा रही

## बेलागवी सीमा विवाद पर भड़के आदित्य ठाकरे



**मुंबई।** महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद का मुद्दा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले को लेकर शिंदे और ठाकरे गुट के बीच लगातार जुबानी जंग जारी है। ठाकरे गुट के कई नेता शिंदे सरकार को घरने में लग गए हैं। इसी क्रम में आज आदित्य ठाकरे का भी बयान सामने आया है। आदित्य ठाकरे ने कहा है कि मामला सुप्रीम कोर्ट में है, इसे वहीं सुलझाना चाहिए, हिंसा नहीं होनी चाहिए। 'असंवैधानिक' तरीके से बनी शिंदे सरकार स्टैंड नहीं ले पा रही है। महाराष्ट्र और कर्नाटक दोनों भाजपा शासित राज्य हैं, केंद्र को हस्तक्षेप करना चाहिए। इसके अलावा ठाकरे ने मुंबई में बढ़ते प्रदूषण का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि शिंदे सरकार इस मामले पर भी खामोश है। जनसरोकार से जुड़े मसले पर उचित कदम उठाने की जरूरत है लेकिन शिंदे सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है।

***जानें क्या है दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद***

बेलगावी सीमा विवाद या बेलगांव सीमा विवाद कर्नाटक और महाराष्ट्र के भारतीय राज्यों के बीच एक विवाद है। वर्तमान में बेलगावी कर्नाटक का एक जिला है, लेकिन ब्रिटिश भारत में, वर्तमान गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ क्षेत्रों के साथ, बॉम्बे प्रेसीडेंसी का हिस्सा था। 1881 की जनगणना में बेलागवी जिले में 864,014 निवासियों की आबादी दर्ज की गई थी। उनमें से 556,397 (64.39 प्रतिशत) कन्नड़ भाषी थे और 225,008 (26.04 प्रतिशत) मराठी बोलते थे। 1947 में भारत की स्वतंत्रता के साथ, पूर्व बॉम्बे प्रेसीडेंसी का बेलागवी जिला बॉम्बे राज्य का हिस्सा बन गया। 1956 में, राज्य पुनर्गठन अधिनियम ने बेलगावी जिले को नवगठित मैसूर राज्य ( अब कर्नाटक) में शामिल कर लिया। इसने बेलागवी को अपने बहुसंख्यक मराठी भाषियों के साथ कन्नड़-बहुसंख्यक कर्नाटक के भीतर रखा।

# केसीआर की बेटी से पूछताछ करने उनके आवास पहुंची सीबीआई

**हैदराबाद।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का एक दल ह्यदिल्ली आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में पूछताछ के लिए रविवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान परिषद सदस्य के कविता के आवास पर पहुंचा। सीबीआई ने पिछले सप्ताह कविता को सूचित किया था कि जांच एजेंसी का एक दल पूछताछ के लिए 11 दिसंबर को शहर में उनके आवास पर आएगा। सीबीआई ने मामले के संबंध में बयान दर्ज करने के लिए कविता को नोटिस भेजा था। कविता ने कहा था कि वह केवल 13 दिसंबर को छोड़कर 11 से 15 दिसंबर तक अधिकारियों से मुलाकात कर पाएगी। सीआरपीसी की धारा-160 के तहत जांच अधिकारी किसी मामले में गवाह के तौर पर किसी भी व्यक्ति को समन भेज सकता है। घोटाले में कथित रिश्वत को लेकर दिल्ली की एक अदालत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल की गई रिमांड रिपोर्ट में कविता का नाम सामने आने के बाद उन्होंने कहा था कि वह किसी भी जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। सीबीआई ने 25 नवंबर को मामले में सात आरोपियों के खिलाफ अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया था।

# गुजरात में दलबदल का खेल शुरू: आप के एक और 3 निर्दलीय एमएलए भाजपा को समर्थन देंगे

## चुनाव से पहले छोड़ी थी पार्टी

**अहमदाबाद।** गुजरात में भाजपा की रिकॉर्ड जीत के बाद राज्य में अब दलबदल का खेल शुरू हो गया है। आम आदमी पार्टी के एक और तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। हालांकि, उन्होंने पार्टी में शामिल होने से इनकार किया है। चार में से तीन पहले भाजपा में ही थे। आप विधायक भूपत भयाणी पहली बार जूनागढ़ जिले के विसावदर सीट से जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। वे पहले भाजपा में भी रह चुके हैं। चुनाव से कुछ महीने पहले ही आप में शामिल हुए थे। हालांकि मीडिया से बातचीत में भूपत ने भाजपा में शामिल होने से इनकार किया है। भूपत ने कहा कि मैं पार्टी से गद्दारी नहीं करूंगा। इधर, तीन निर्दलीय विधायकों में से बायड़ से धवल झाला, धानेरा से मावजी देसाई और वाघोड़िया से धर्मेंद्र वाघेला शामिल हैं। झाला और मावजी देसाई भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद चुनाव से ऐन वक्त पहले




निर्दलीय चुनाव लड़े और जीत भी गए। अब उन्होंने भी भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया है। गुजरात विधानसभा में 156 सीटों की रिकॉर्ड जीत के बाद सोमवार को सीएम भूपेंद्र पटेल शपथ लेंगे। इस भव्य समारोह में खुद पीएम नरेंद्र मोदी शामिल होने वाले हैं। पीएम के अलावा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई राज्यों के भाजपा सीएम भी मौजूद रहेंगें। पीएम मोदी ने अपनी कई चुनावी रैलियों में कहा था कि इस बार भाजपा के लिए ऐसा मतदान करें कि नरेंद्र के सारे रिकॉर्ड भूपेंद्र तोड़ दें। पीएम की इसी गुहार पर गुजरात की जनता ने भी मुहर लगाई और भाजपा को प्रचंड जीत से नवाजा।

***भाजपा 156, कांग्रेस 17, आप ने जीतीं 5 सीटें***

गुजरात की 182 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने रिकॉर्ड 156 सीटें जीती हैं। उसे 2017 के मुकाबले 58 सीटों का फायदा हुआ है। वहीं, कांग्रेस को सबसे ज्यादा 60 सीटों का नुकसान हुआ है। पार्टी ने पिछली बार 77 सीटें जीती थीं। इस बार उसे 17 सीटें ही मिली हैं। आम आदमी पार्टी ने 5 सीटें जीती हैं। निर्दलीय को तीन और सपा को एक सीट पर जीत मिली है।

***बीजेपी के दबंग नेता रहे हैं भूपत***

विसावदर विधानसभा चुनाव जीतकर आप के विधायक बने भूपत भयानी की छवि एक दबंग नेता की रही है। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़कर वे आप में शामिल हो गए थे। इस सीट से भाजपा ने कांग्रेस छोड़कर आए हर्षद रिबाडिया को टिकट दिया था।
वहीं, कांग्रेस से करशन वडोदरिया मैदान में थे। भूपत का सीधा मुकाबला हर्षद रिबाडिया से था, जिसमें भूपत ने 6 हजार 904 वोटों से उन्हें हराया। भूपत को 65 हजार 675 वोट और हर्षद को 58 हजार 771 वोट मिले हैं।

# यूपी कांग्रेस जन–जन तक पहुंचने के लिए 2200 किमी की यात्रा निकालेगी

## कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने दी जानकारी



**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उत्तर प्रदेश में करीब 2200 किमी की पदयात्रा का लक्ष्य है। बाराबंकी में 11 दिसंबर से शुरू होने वाली प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा 12 दिसंबर को लखनऊ, 13 दिसंबर को श्रावस्ती, 14 दिसंबर को बलरामपुर, 15 दिसंबर को गोंडा, 16 दिसंबर को बहराइच, 17 दिसंबर को रायबरेली, 18 दिसंबर को उन्नाव, 19 दिसंबर को लखीमपुर खीरी, 20 दिसंबर को सीतापुर से होते हुए 21 दिसंबर को हरदोई में समाप्त होगी। हर जोन की यात्रा में 500 व्यक्ति लगातार चलते रहेंगे और जिस भी जिले से यात्रा गुजरेगी, वहां से नए यात्री जुड़ेंगे। पश्चिम जोन की यात्रा नसीमुद्दीन सिद्दीकी के नेतृत्व में गौतमबुद्धनगर से शुरू हो चुकी है, जिसका रामपुर में समापन होगा। ब्रज जोन की यात्रा बरेली से शुरू हो चुकी है, जिसका मथुरा में समापन होगा। कानपुर-बुंदेलखंड जोन की यात्रा की शुरूआत कानपुर नगर से शुरू हो चुकी है, जिसका समापन चित्रकूट में होगा। पूर्वांचल जोन की यात्रा कुशीनगर से शुरू हो चुकी है और संत कबीर नगर में इसका समापन होगा। वहीं प्रयाग जोन की यात्रा प्रयागराज से शुरू होगी जिसका समापन वाराणसी में होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सचिन रावत और शिव पांडेय मौजूद रहे।

# फारूक अब्दुल्ला के रिश्तेदार, पूर्व एमएलए–एमपी समेत 20 नेताओं की सुरक्षा छिनी, कई का सुरक्षा घेरा छोटा हुआ

## सुरक्षा वापस लिए जाने वाले व्यक्तियों की सूची में नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के नेता शामिल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बीस राजनेताओं की सुरक्षा वापस ले ली गई है। यह आदेश दस दिसम्बर को जारी हुआ है। कुछ नेताओं के सुरक्षा घेरे में कटौती हुई है। राजनेताओं को मिल रहे सुरक्षा कर्मियों के अलावा इनकी एस्कोर्ट सुविधा भी वापस ली गई है। इनमें अधिकांश नेता पूर्व विधायक हैं, जबकि एक पूर्व सांसद है। इनके अलावा पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला के दामाद एवं निदेशक, जेएंडके सॉफ़्टवेयर टेक्नॉलाजी पार्क ऑफ इंडिया, मोहम्मद असीम खान की सुरक्षा हटाई गई है। कई नेताओं की सुरक्षा के एक दो सेक्शन कम किए गए हैं। सुरक्षा वापस लिए जाने वाले व्यक्तियों की सूची में नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के नेता शामिल हैं।

***इन नेताओं की सुरक्षा वापस, या कम हुआ घेरा***



बता दें कि इन नेताओं के पास लम्बे समय से जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और एसएसबी की सुरक्षा रही है। जिन नेताओं की सुरक्षा वापस हुई है, उनमें पीर अफाक अहमद, पूर्व एमएलए नेशनल कॉन्फ्रेंस, अली मोहम्मद डार पूर्व एमएलसी नेशनल कॉन्फ्रेंस, गुलाम नबी भट्ट पूर्व एमएलए नेशनल कॉन्फ्रेंस, मीर सैफुल्लाह पूर्व एमएलए नेशनल कॉन्फ्रेंस, चौ. मोहम्मद रमजान पूर्व एमएलए नेशनल कांफ्रेंस, जीएस ओबराय कोषाध्यक्ष नेशनल कॉन्फ्रेंस, मुबारक गुल पूर्व एमएलए नेशनल कॉन्फ्रेंस, अली मोहम्मद सागर पूर्व एमएलए नेशनल कॉन्फ्रेंस, कैसर अहमद लोन पूर्व एमएलसी नेशनल कॉन्फ्रेंस, तनवीर सादिक निजी सचिव उमर अब्दुल्ला पूर्व सीएम, मुश्ताक अहमद शाह पूर्व एमएलए पीडीपी, मुजफ्फर हुसैन बेग पूर्व सांसद पीडीपी, सरताज अहमद मदानी पूर्व एमएलए पीडीपी, नाज़िर अहमद खान डीडीसी चेयरपर्सन, बडगाम पीडीपी, पीरजादा गुलाम अहमद शाह पूर्व एमएलए नेशनल कांफ्रेंस, मंजूर अहमद वाणी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट नेशनल कॉन्फ्रेंस, गुलाम नबी शाहीन पूर्व एमएलसी नेशनल कॉन्फ्रेंस, शेख अहमद सलूरा नेता पीडीपी, मोहम्मद आसीम खान निदेशक जेएंडके सॉफ़्टवेयर टेक्नॉलाजी पार्क ऑफ इंडिया और आसिया नकाश, पूर्व एमएलए पीडीपी शामिल हैं।

# गुजरात : भूपेंद्र आज दूसरी बार लेंगे सीएम पद की शपथ

## पीएम मोदी और अमित शाह भी रहेंगे मौजूद



**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद अब राज्य में नई सरकार के गठन की जोरदार तैयारियां चल रही हैं। शुक्रवार को विधायक दल की बैठक में नेता चुने जाने के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और गुजरात भाजपा प्रमुख सीआर पाटील ने दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक की थी। पहले खबर थी कि 12 दिसंबर को केवल भूपेन्द्र पटेल मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे लेकिन अब जानकारी है कि उनके साथ 20 से ज्यादा मंत्री शपथ ले सकते हैं। माना जा रहा है कि पीएम मोदी और अमित शाह के साथ करीब 6 घंटे हुई बैठक में मंत्रिमंडल पर मुहर लग चुकी है और कल यानी 12 दिसंबर को 20 से अधिक मंत्री शपथ ले सकेत हैं इनमें से कई नवनिर्वाचित विधायकों को देर रात ही फोन भी कर दिया गया है और कई को फोन किए जा रहे हैं। दूसरी ओर गुजरात भाजपा प्रमुख सीआर पाटील के निवास पर सुबह से निवनिर्वाचित विधायक पहुंच रहे हैं वहीं भूपेन्द्र पटेल ने उनकी सरकार के सभी मंत्रियों को अपने निवास बुलाया है। नई सरकार के शपथ ग्रहण से पहले पुराने मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री मुलाकात करेंगे और पिछले डेढ़ वर्ष के सरकार के कामकाज की सराहना करेंगे साथ ही सहयोग के लिए सभी मंत्रियों के प्रति आभार व्यक्त करेंगे। पुराने मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भोजन भी करेंगे इस मौके पर भाजपा के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे दूसरी ओर शपथ ग्रहण समारोह में अन्य राज्यों से आनेवाले मेहमानों को ध्यान में रखते हुए खास व्यवस्था की जा रही है।

# रूस के ड्रोन अटैक से ठप पड़ी यूक्रेन में पावर ग्रिड अंधेरे में डूबे ओडेसा के 15 लाख लोग

## यूक्रेन के कई शहरों में तबाही के बाद अब रूस ने कामिकेज ड्रोन से अटैक किया



**कीव।** रूस और यूक्रेन की के बीच 24 फरवरी से जंग जारी है। यूक्रेन के कई शहरों में तबाही के बाद अब रूस ने कामिकेज ड्रोन से अटैक किया है। यह हमला दक्षिणी यूक्रेनी शहर ओडेसा में किया गया है। जानकारी के मुताबिक इस अटैक के बाद 15 लाख से ज्यादा लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।
यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस के हमले के बाद ओडेसा के पावर ग्रिड संचालकों से बात की गई है उन्होंने बताया कि ग्रिड की मरम्मत में संभवतः तीन महीने लगेंगे। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि ईरानी ड्रोन कामिकेज से किए गए अटैक के बाद ओडेसा और क्षेत्र के अन्य शहरों और गांवों में अंधेरा है। लिहाजा ओडेसा क्षेत्र में डेढ़ लाख से अधिक लोग अंधेरे में हैं।
राष्ट्रपति प्रशासन के उप प्रमुख किरिलो टिमोशेंको ने कहा कि ओडेशा बिजली संकट का सामना कर रहा है। इसे देखते हुए सिर्फ अस्पतालों और प्रसूति वार्डों के साथ ही अनिवार्य सुविधाओं के लिए ही बिजली दी जा रही है। लेकिन यह कहना गलत नहीं होगा कि यहां हालात बेहद मुश्किल बने हुए हैं। क्षेत्र के गवर्नर मैक्सिम मरचेंको ने कहा कि रूस ने रात भर कामिकेज ड्रोन से शहर पर हमला किया था। इसके बाद ऊर्जा प्राधिकरण के संचालक हड़ताल पर चले गए थे। इस वजह से क्षेत्र के लगभग सभी जिलों में अंधेरा है। हालांकि हमने रूस को जवाब देते हुए दो ड्रोन को मार गिराया गया।
यूक्रेन ने कहा कि ओडेसा सहित देश के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित यूक्रेनी पावर ग्रिड पर रूसी हमलों के बाद वर्तमान में हालात सबसे गंभीर हैं। रूस ने सोमवार को यूक्रेन की प्रमुख इमारतों पर दर्जनों क्रूज मिसाइलें दागीं लगातार हो रहे अटैक के चलते पहले से ही जर्जर हालत में चल रह पावर ग्रिड अब पूरी तरह से बैठ गया है।

# कांग्रेस को सबक लेने की जरूरत साइलेंट चुनाव प्रचार जैसी कोई चीज नहीं होती : चिंदबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि कांग्रेस ही वह ध्रुव बनने की सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है जिसके इर्द-गिर्द 2024 के आम चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विरोधी मोर्चा गठित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को गुजरात में मिली हार से सबक लेने की जरूरत है। चिदंबरम ने कहा अगर हरियाणा और पंजाब को छोड़ दिया जाए तो दिल्ली के बाहर आम आदमी आदमी (आप) को कोई खास लोकप्रियता हासिल नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस को गुजरात में मिली हार से सबक लेना चाहिए।
उन्होंने कहा कड़े मुकाबले वाले चुनावों में साइलेंट चुनाव प्रचार जैसी कोई चीज नहीं होती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आप ने गुजरात में उसी तरह खेल बिगाड़ा जैसा उसने गोवा और उत्तराखंड में किया था।




बंथरा में रविवार दोपहर लखनऊ जा रही एक रोडवेज बस में अचानक आग लग गई। बस में आग लगने से हड़कंप मच गया। चालक कुछ समझ पाता इसके पहले ही बस धू-धू कर जल उठी। स्थानीय लोगों ने बस का शीशा तोड़कर सभी सवारियों को बाहर सुरक्षित निकाल लिया। आनन फानन लोगों ने फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल गाड़ी के पहले ही लोगों ने आग पर काबू पा लिया।

# सुब्रमण्यम भारती की रचना के केंद्र में था राष्ट्रवाद : डॉ. राजेश सरकार

**भारतीय भाषा उत्सव दिवस**

**समाज, प्रांत और राष्ट्र से जोड़ती है भाषा : प्रो. निर्मला एस. मौर्य**

**भारतीय भाषा के उन्नयन में महाकवि सुब्रमण्यम भारती का योगदान विषय पर हुआ वेबिनार**

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में रविवार को भारतीय भाषा उत्सव दिवस के अवसर पर जनसंचार विभाग और भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय भाषा के उन्नयन में महाकवि सुब्रमण्यम भारती का योगदान विषयक एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। यह वेबिनार महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती समारोह पर आयोजित था।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. राजेश सरकार ने कहा कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती की शिक्षा उनकी इच्छा के विपरीत पिता के दबाव में हुई। इसके बावजूद उन्होंने भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार में विशेष भूमिका निभाई। उनकी कविताओं में राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई थी। वह एक कवि होने के साथ-साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी, समाज सुधारक, पत्रकार के साथ उत्तर भारत व दक्षिण भारत के मध्य एकता के सेतु के रूप में काम किया, इसलिए उन्हें महाकवि भारतियार के नाम से जाना जाता है। भारतीय भाषा के उन्नयन में उनका विशेष योगदान था। उन्होंने कविता और रचना के माध्यम से सभी भारतीय भाषाओं को छूने की कोशिश की। अध्यात्मिक और वैदिक ग्रंथों का तमिल में अनुवाद कर उन्होंने दक्षिण के लोगों तक राष्ट्रवाद और अध्यात्म को पहुंचाया। यही उनकी रचना के केंद्र में भी रहता था। वह नारी शिक्षा के पक्षधर थे। इस पर उन्होंने पांचाली शपथम में भी विस्तार से बताया है।



बतौर अध्यक्ष विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती दूरदृष्टि वाले थे। 100 वर्ष पहले ही उनके चिंतन में जो बात थी वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अब आई है। उनकी कविता और रचनाएं सामाजिक सरोकार राष्ट्रवाद और अध्यात्म से जुड़ी होती थी। उन्होंने कहा था कि राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आप की भाषा के साथ अगर हिंदी नहीं जुड़ी है तो आपका ज्ञान अधूरा है। उन्होंने कहा कि भाषा हमें समाज, प्रांत और राष्ट्र से जोड़ती है। इस अवसर पर प्रभारी भाषा केंद्र भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा की डॉक्टर सुसान वर्गीस ने भारतीय भाषा उत्सव दिवस के उद्देश्य एवं दृष्टिकोण पर समग्र रूप से प्रकाश डाला। इस वेबीनार में प्रदेश की अन्य विश्वविद्यालयों में स्थापित भाषा केंद्र के सभी समन्वयक भी प्रतिभाग कर रहे थे। वेबिनार में स्वागत, संचालन और विषय प्रवर्तन कार्यक्रम संयोजक एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र और आभार आयोजन सचिव डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर ढाका की डॉ. पूनम गुप्ता, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. मुराद अली, प्रो. राकेश यादव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ. पुनीत धवन, मंगला प्रसाद यादव, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. सुशील कुमार सिंह, डॉ. वनीता सिंह और विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# अतिक्रमण हटवाने पहुंचे अधिकारी पर दुर्व्यवहार का लगाया आरोप

**नाराजगी**

**मौके पर पहुंचे विधायक रमेश सिंह ने मामले को कराया शांत**

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** थाना क्षेत्र के पाराकमाल गांव में रविवार की सुबह नायब तहसीलदार अमित सिंह उच्च न्यायालय के आदेश पर एक जनहित याचिका का निस्तारण करने पहुंचे। आरोप है कि पुलिस बल के साथ पहुंचे नायब तहसीलदार ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए बुलडोजर से एक अतिक्रमण को ढा दिया। इस दौरान ग्रामीणों से गाली गलौच करने का वीडियो भी वायरल हो गया। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे विधायक रमेश सिंह ने अधिकारी और ग्रामीणों को समझा बुझाकर किसी तरह मामले को शांत कराया।



जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी युवक ने गांव में 132 की भूमि पर अतिक्रमण होने को लेकर दर्जनों लोगों पर उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दाखिल किया है। न्यायालय ने तहसील प्रशासन को अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया। सप्ताह भर से हो रही पैमाइश में कोई हल नहीं निकला तो रविवार को भारी फोर्स के साथ नायब तहसीलदार राजस्व टीम के साथ बुलडोजर लेकर गांव में पहुंच गए। एक निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करने पर इसका विरोध हुआ तो अधिकारी गाली गलौच करने लगे जिससे गांव का माहौल गरमा गया। सूचना पाकर पहुंचे विधायक रमेश सिंह ने किसी तरह मामले को शांत कराया। ग्रामीणों की मांग है कि गांव की सरहद से सरहद तक पैमाइश हो तब जाकर स्पष्ट होगा कि किस गाटे पर अतिक्रमण है। अधिकांश ग्रामीणों के चक का रकबा कम है उसको पहले पूरा किया जाए लेकिन तहसील प्रशासन मनमाने तरीके से नापजोख करके निस्तारित कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मनमाने तरीके से पैमाइश करके अवैध वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जबकि पैमाइश गांव की सरहद से सरहद तक होनी चाहिए।

# बहुसंख्यकों को अपने हक की लड़ाई खुद लड़नी होगी : पल्लवी

**मुंगराबादशाहपुर।** आत्म सम्मान से जीने के लिए अपने हक की लड़ाई खुद लड़नी होगी। सरकारें आपको कुछ नहीं देगी। इसके लिए कमेरा समाज को एकजुट होकर मजबूती के साथ आगे आना होगा। ये बातें डाक बंगले में सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल ने पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच कही।

उन्होंने कहाकि अपना दल स्वयं मजबूत पार्टी है। डॉ. सोनेलाल पटेल की विचारधारा को लगातार आगे बढ़ाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता तन-मन-धन से लगे हुए हैं। आगे कहा कि आगामी होने वाले निकाय चुनाव मे पार्टी मजबूती के साथ लड़ेगी। निकाय चुनाव 2024 लोकसभा चुनाव का सेमी फाइनल होगा। कार्यकर्ता अभी से ही कमर कस लें। कहा कि रोजगार, शिक्षा, रोड याद तभी होगा जब हम लोग संगठित होकर सत्ता में पहुंचेंगे।

अपना दल राष्ट्रीय मंच के महासचिव दिलीप पटेल, दूधनाथ पटेल, शालिकराम पटेल, शेष नारायण पटेल, उमेश पटेल व रामचंद्र पटेल ने अपना दल के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल पार्टी को अकेले चलकर लोगों की मदद से ऊंचाइयों तक पहुंचाने पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामचंद्र पटेल तथा संचालन प्रदेश सचिव उमेश पटेल ने किया।

इस अवसर पर शेष नारायण पटेल, शैलेंद्र साहू, शालिकराम पटेल, वीरेंद्र पटेल नीलू, प्रधान राजमणि पटेल, संजीत यादव, बृजेश पटेल आदि लोग मौजूद रहे।



# सरस्वती संघ का 22वां स्थापना दिवस संपन्न



**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के सरोज विद्या शंकर कन्या इंटर कॉलेज बालवरगंज के परिसर में सरस्वती संघ का 22वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें सरस्वती संघ के पदाधिकारियों द्वारा सीनियर, जूनियर बच्चों का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराया गया। विजेता बच्चों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस अधिकारी शालू सोनी द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र, सरस्वती प्रतिमा एवं संविधान बुक देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि शालू सोनी ने अपने संबोधन में बताया कि सरस्वती संघ की ही देन है कि हम जैसे क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में विभिन्न पदों पर रहकर सरकारी सेवा दे रहे हैं। उसी कड़ी में मैं भी सरस्वती सघ्र की छात्रा रहकर कठिन परिश्रम कर आज इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। उन्होंने अभिभावकों से कहाकि अपने बच्चे को मोटीवेट करें आप जो भी करना चाहते हैं एक लक्ष्य बनाकर कार्य करे, सफलता अवश्य मिलेगी। सरस्वती संघ के पदाधिकारी द्वारा आए हुए सभी गणमान्य लोगों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ताओं में आलोक सिंह, विनय कुमार त्रिपाठी प्राचार्य, संतोष द्विवेदी, माता फेर पटेल, डॉक्टर प्रमोद के सिंह, अमित गुप्ता, सुरेश कुमार सरोज खंड शिक्षा अधिकारी आदि रहे। कार्यक्रम के पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित विद्या शंकर तिवारी तथा संचालन शिवम सोनी ने किया।

# लोक कलाओं से संरक्षित होती है भारतीय संस्कृति

**बोले रमेश सिंह**

**विधायक ने की सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिये निधि से मंच बनवाने की घोषणा**

जनसंदेश न्यूज

**सुइथाकला।** विकासखंड स्थित अमारी गांव में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित अवधी लोक संगीत एवं कला का तीन दिवसीय महोत्सव सर्वांगीण विकास सेवा अकादमी के सौजन्य से प्रारंभ हुआ। महोत्सव में प्रथम दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण अंचल में अवधी लोक संगीत एवं कला के आयोजन एवं संरक्षण से हीं हमारी संस्कृति और प्राचीन परम्परायें संरक्षित हैं। आज के परिवेश में विलुप्त हो रहे कजरी, सोहर, बिरहा आदि लोकगीतों को संरक्षित करने की आवश्यकता है। महोत्सव में विशिष्ट अतिथि की प्रेरणा से विधायक ने अपने निधि सें मंच बनवाने का आश्वासन दिया।



महोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चन्द्र तिवारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि लोक रंग महोत्सव कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति का डंका बज रहा है। लोक महोत्सव के माध्यम से भारतीय संस्कृति को संरक्षित करने के साथ ही अपनी विरासत को आने वाली पीढ़ी को प्रदान कर रहे है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व संयुक्त निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लखनऊ ने कहा कि लोकगीत लोकजीवन का दर्पण है।

लोकगीतों में लोकमानस की सहज अभिव्यक्ति के साथ साथ हमारी सामाजिक परम्परायें भी जीवन्त हो उठती है। लोककलाओं के संरक्षण में सर्वांगीण विकास अकादमी संस्थान के अध्यक्ष पं. दयाशंकर पाण्डे तथा सचिव इंदु प्रकाश मिश्र का प्रयास सराहनीय है। महोत्सव में अम्बेडकर नगर से पधारे प्रतिमा यादव के सांस्कृतिक दल के लोक कलाकारों ने लोकगीत एवं नृत्य की अनुपम प्रस्तुति से उपस्थित जन समूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रतिमा यादव ने कइसे खेलइ जइबू सावन में कजरिया व मैं फिरू श्याम तेरे नाम की जोगन बनके की अपूर्व प्रस्तुति से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

प्रदेश की राजधानी से ही आये हुए जादूगर सुरेश ने संयुक्त रूप से अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए बंगाल का काला जादू दिखा कर उपस्थित लोगों को सम्मोहित कर लिया।

क्षेत्रीय कलाकारों में गायक कार्यक्रम के प्रभारी ब्रजेश पांडेय, लालता प्रसाद विश्वकर्मा, प्रिन्स, दिलीप, विजय, सौरभ पाण्डेय, गौरव पाण्डेय, अंकित आदि ने अपने -अपने लोक संगीत एवं कला के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष दया शंकर पाण्डेय तथा संचालन इन्द्र कुमार ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार सचिव इन्दु प्रकाश मिश्र ने व्यक्त किया। महोत्सव में अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिह्न द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उमाकांत पाण्डेय, इन्द्रमणि पाण्डेय, दिलीप श्रीवास्तव, रीजन सिंह, अज्जू तथा भारी संख्या में लोकसंगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

# निकाय चुनावः चुनावी सरगर्मी में पार्टियों को है चेहरों की तलाश

**हलचल**

**अध्यक्ष के लिए कई महारथी ठोंक रहे दावेदारी**

**पोस्टर्स पर समाजसेवियों की बौछार**

महर्षि सेठ

**जौनपुर।** लगातार चार बार से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद की कुर्सी पर टण्डन परिवार का वर्चस्व स्थापित है। पूर्व में तीन बार दिनेश टण्डन तो वही वर्तमान में उनकी धर्म पत्नी माया टंडन अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान हैं। आरक्षण में ये सीट एक बार फिर सामान्य हो गयी। हर कोई अपना मुकाबला टण्डन परिवार से मान रहा है। वहीं सत्ताधारी दल भाजपा से कई महारथी अपनी दावेदारी ठोंक रहे हैं और पार्टी भी अबकी इस सीट को अपने पाले में लेने के लिए पूरी तरह से रणनीति तैयार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। किस चेहरे को वो सामने लाये लगातार इस पर मंथन चल रहा है। फिलहाल कौन सत्ताधारी पार्टी का प्रत्याशी होगा ये तो वक्त ही बताएगा।





इसी क्रम में सपा भी इस सीट को लेकर पूरे तेवर में है और हो भी क्यों न? भाजपा की सरकार रहते हुए पिछली बार समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी रहीं पूनम मौर्य ने भाजपा की प्रत्याशी स्व. किरन श्रीवास्तव को शिकस्त दी थी। समाजवादी पार्टी से भी अनगिनत भावी प्रत्याशियों के बैनर-पोस्टर दीवारों, पोल आदि पर देखने को मिल रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष पद की लालसा रखने वालों ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में डेरा डाल रखा है और टिकट पाने के लिए पूरी एड़ी-चोटी लगा दी है। मजे की बात तो ये है कि कुछ को छोड़ दें तो कुछ नए चेहरे पोस्टर्स पर पहली बार दिखाई दे रहे हैं और जिनका समाजसेवा से कोई लेना देना नहीं है वो भी अपने नाम के आगे भावी प्रत्याशी के साथ समाजसेवी जैसे जिम्मेदार शब्द को जोड़ने में संकोच नहीं कर रहे हैं। कुल मिलाकर ये चुनाव बड़ा दिलचस्प होने वाला है।

**प्रशासन की लापरवाही या पूर्व चेयरमैन का दबदबा**



जौनपुर। पांच साल से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद की कुर्सी पर पूर्व चेयरमैन दिनेश टंडन की पत्नी माया टण्डन विराजमान हैं लेकिन सद्भावना पुल पर स्थित नगर पालिका परिषद के पोल के अनुसार आज तक अध्यक्ष पद पर दिनेश टण्डन ही स्थापित हैं। न तो वर्तमान चेयरमैन का नाम वहां अंकित हुआ और न ही सभासदों का। अब इसे पूर्व चेयरमैन दिनेश टण्डन का दबदबा कहें या प्रशासन की लापरवाही। गैर जनपद से आने जाने वाले लोग इस पोल को देखकर यही समझते हैं कि अब भी यहां के चेयरमैन दिनेश टण्डन ही हैं।


# चौदह फुट का अजगर देख ग्रामीण भयभीत

**गभिरन।** खुटहन थाना क्षेत्र के महमदपुर गुलरा गांव के गोमती नदी तट पर उगे घास फूस के बीच रविवार को एक चौदह फुट लंबे अजगर को देख ग्रामीण सहम गये। मौके पर लाठी डंडा लेकर पहुंचे ग्रामीणों को देख अजगर नदी में कूद गया। उक्त गांव के कुछ बच्चे नदी के किनारे बकरी चरा रहे थे। तभी उन्हें घास फूस व सरपत के झुरमुट से सरसराहट की आवाज के साथ हलचल दिखाई दी। जब पास जाकर देखा तो एक विशाल अजगर दिखा। उनके शोर मचाने पर तमाम ग्रामीण लाठी डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए। शोरगुल सुन अजगर नदी की धारा में कूद गया।



## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थिति में लगी आग, छप्पर, कार सहित बाइक खाक




**सुइथाकला।** बीती रात क्षेत्र के चेतरहां गांव में संदिग्ध हालात में छप्पर में आग लग गई जिसमें खड़ी कार और बाइक जलकर खाक हो गई। किसी तरह मौके पर जुटे लोगों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के चेतरहां निवासी रामसिंह के घर के सामने उनके रखे छप्पर में शनिवार की देर रात संदिग्ध हालत में आग लग गयी। आग लगने की जानकारी पर इलाकाई लोगों का जमावड़ा हो गया। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया पर उसमें खड़ी आल्टो कार और एक बाइक जलकर खाक हो गयी। हालाँकि मामले में पीड़ित द्वारा पुलिस को सूचना दे दी गई। बहरहाल पीड़ित को मामले मे लाखों का नुकसान हो गया। प्रभारी थानाध्यक्ष ने मामले में जाँच करवाने की बात बताई।

### सन्त फक्कड़ बाबा का निधन

**जफराबाद।** सिरकोनी ब्लॉक के राजेपुर रामेश्वरम धाम के मुख्य सन्त फक्कड़ बाबा का रविवार की सुबह निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर आसपास के हजारों लोग मौके पर पहुंच गए। वर्ष 1986 से राजेन्द्र सिंह उर्फ फक्कड़ बाबा रामेश्वरम नाथ मंदिर पर भगवान रामेश्वरम का पूजन अर्चन तथा देखरेख कर रहे थे। उन्होंने मंदिर के प्रांगण में अपना आश्रम बना लिया था। उनके दौर में मंदिर की व्यवस्था काफी सुदृढ हुई। मंदिर में अनवरत रामचरित मानस का पाठ बिना रुके कई वर्षों से चल रहा है। फक्कड़ बाबा आसपास के लोगों में काफी लोकप्रिय रहे। सूत्रों के अनुसार मंदिर के पास ही उनको समाधी दी जाएगी।

### मदरसे के बच्चों को स्वेटर व टोपी वितरित



**मड़ियाहूं।** स्थानीय नगर के मुहल्ला मिश्राना स्थित हाजी जाहिद अली शाह सोसायटी के मदरसे के बच्चे बच्चियों को गरम स्वेटर, हीटर, टोपी महाराष्ट्र के उघोगपति फतेह मोहम्मद शाह द्वारा मौलाना तौफीक की अध्यक्षता में वितरण किया गया। इस औसर पर मेराज, ईशा फारुकी, हाजी अनीस कुरैशी, कारी शराफत, वकार अहमद, हाजी नसीम अहमद, डा. असगर अंसारी सहित नगर के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

### घर छोड़कर भागी युवती को लाया गया वापस

**जफराबाद।** क्षेत्र के एक गांव की 22 वर्षीय युवती परिवार से नाराज होकर घर छोड़कर भाग निकली। घर वालों ने उसको जफराबाद स्टेशन से पकड़ा और काफी समझाने के बाद वह वापस घर लौटी। बताया जाता है कि उक्त गांव की युवती बीफार्मा की पढ़ाई कर रही है। उसका पिछले एक वर्ष से किसी युवक से प्रेम सम्बन्ध चल रहा था। युवती के परिवार के लोग इस जानकारी के मिलने के बाद उसे कालेज जाने से रोक दिया और उसकी शादी करने के लिए कहने लगे। युवती ने दूसरी जगह शादी करने से इंकार कर दिया। परिवार के लोग लगातार दबाव बनाने लगे। युवती रविवार की सुबह घर से भाग गयी। घर वाले उसको ढूंढते हुए स्टेशन पहुंचे और किसी प्रकार से समझा-बुझाकर घर ले आये।

### स्पीड ब्रेकर से टकराया बाइक सवार, दो घायल

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के बमैला गांव निवासी जगदीश शनिवार की देर शाम अपनी बाइक पर गांव के ही दीपचंद को बैठाकर किसी कार्य से जौनपुर शहर की तरफ जा रहा था। बाइक सवार जगदीश जौनपुर-आजमगढ़ हाइवे पर थाना क्षेत्र के कुकूहां मोड़ पर पंहुचा ही था तभी सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर से असावधानीवश टकरा गया। टक्कर की आवाज सुन स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और डायल 112 की पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें उपचार हेतु सीएचसी चोरसंड भेजवाया। बाइक से गिरने की वजह से बाइक सवार जगदीश 19 व दीपचंद 22 निवासी बमैला को सिर में व पैर में चोट आई है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में दो सौ जरूरतमंदों का हुआ उपचार



**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मुन्नन राम इंटर कॉलेज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब पौने दो सौ जरूरतमंदों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर का आयोजन इंटर कॉलेज के संयोजक अवनीश यादव के नेतृत्व में किया गया जिसमें बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद कुमार यादव व न्यूरोसाईकैटरिस्ट डा. एके यादव, डा. पुनीत सिंह ने आये हुए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनकी बीमारियों के हिसाब से उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। जो भी गंभीर मामले हैं उन्हें जांच के बाद अच्छे इलाज की सलाह भी दी गई। इस दौरान डॉ. अरविंद कुमार ने कहा कि मौसम जब परिवर्तन होता है तो मौसमी बीमारियों का इजाफा होता है, इसलिए इसमें थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। ठंड के दिनों में सावधानी की जरूरत है। गर्म कपड़े पहने और इम्यूनिटी बूस्टर के लिए गर्म पानी व काढ़े का सेवन करें। आए हुए लोगों को मौसमी बीमारियों से बचे रहने की सलाह दी गई। सर्दी जुकाम से बचने की जानकारी दी गई। शिविर का संचालन नंद हास्पिटल की ओर से किया गया। मौके पर डॉ. रामानंद यादव, जितेंद्र कुमार, अजय कुमार, श्याम बहादुर प्रजापति, नखड्डू, सुभाष चंद्र, अनिल कुमार, परशुराम, उमेश कुमार, जितेंद्र, शुभाशीष समेत काफी लोग मौजूद रहे।

### नपं अध्यक्ष प्रत्याशी के चयन के लिए की गयी सभा



**गौराबादशाहपुर।** पिलखीनी गांव में रविवार को एक सभा का आयोजन कर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए योग्य प्रत्याशी के चयन हेतु प्रबुद्ध जनों के बीच विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को समाजसेवी अरविंद सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार प्राप्त है परंतु यदि सब लोग आपसी सहमति से किसी योग्य प्रत्याशी का चयन करें जो कि पार्टी के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ें तो ऐसा प्रत्याशी अवश्य ही नगर पंचायत का विकास कर सकता है। सभा में आए लोगों को नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रबुद्ध जनों ने भी संबोधित किया तथा एक आम प्रत्याशी पर सहमति बनाने का प्रयास करने की बात भी कही। सभा में रामू कश्यप, वसीम अहमद, रमेश त्यागी, इनायतुल्लाह, सभापति गौड़, रामू सोनकर राजकुमार गौतम इत्यादि मौजूद रहे। अंत में सम्मेलन में आए लोगों के प्रति अरविंद ने आभार व्यक्त किया।

### प्रदेश स्तरीय वॉलीबॉल व बैडमिंटन खेल का चयन परीक्षण 13 दिसंबर को

**करंजाकला।** सिद्दीकपुर स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में 13 दिसंबर को प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक व बालिका वॉलीबॉल तथा बैडमिंटन प्रतियोगिता का चयन परीक्षण किया जाएगा। खेल निदेशालय उप्र, लखनऊ एवं उप्र वॉलीबाल संघ के संयुक्त समन्वय से क्रमशः प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 20 दिसंबर तक गोरखपुर में व प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका वालीबॉल का आयोजन 18 से 21 दिसंबर तक पीलीभीत में किया जा रहा है जिसके लिए इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में सब जूनियर बालक स्टेट वॉलीबाल प्रतियोगिता एवं सब जूनियर बालिका स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु जनपदीय चयन परीक्षण 13 दिसंबर को सुबह 11 बजे किया जायेगा। प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक व बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता 17 से 19 दिसंबर तक अयोध्या में आयोजित की जा रही है जिसके लिए जनपदीय चयन परीक्षण 13 दिसंबर को सुबह 11 बजे आयोजित किया जा रहा है। क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा ने बताया कि जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही मण्डल स्तरीय चयन परीक्षण में सम्मिलित हो पायेंगे। उक्त सभी खेलों का मंडलीय चयन परीक्षण 15 को सुबह 10 बजे से सिगरा स्टेडियम वाराणसी में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र तैयार कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं। पात्रता प्रमाण के साथ आधार कार्ड एवं जन्मतिथि प्रमाणित की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें एवं मूल प्रति अपने साथ लेकर अवश्य आयें या अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

# चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती ने अंग्रेजों के खिलाफ किया माहौल तैयार : धीरज सिंह


प्राथमिक विद्यालय फत्तूपुर में महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती मनाते शिक्षक व बच्चे


प्राथमिक विद्यालय मरियादपट्टी नगर में महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती मनाते शिक्षक और बच्चे

**जन्म दिवस**

### भारतीय भाषा दिवस पर परिषदीय विद्यालयों में हुआ विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन

**भदोही।** दक्षिण भारत के लोकप्रिय राष्ट्रभक्त कवि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती का जन्म दिवस रविवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर जिले के परिषदीय विद्यालयों में भी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके द्वारा भारत के विकास में किए गए अमूल्य योगदान की चर्चा की गई और छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। प्राथमिक विद्यालय फत्तूपुर भदोही में महाकवि सुब्रमण्यम भारती का जन्म जयंती भारतीय भाषा उत्सव के रूप मनाते हुए एसआरजी धीरज सिंह ने बताया कि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती तमिल भाषा के कवि थे और अपनी कविताओं के माध्यम से उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ माहौल तैयार करने महत्वपूर्ण योगदान दिया। साहित्य में जो स्थान उत्तर भारत में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त और रामधारी सिंह दिनकर का है वही स्थान दक्षिण भारत में राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत कविताएं लिखने और युवाओं में उर्जा का संचार करने वाले कवि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती का है।

प्राथमिक विद्यालय मरियादपट्टी के प्रधनाध्यापक ने तमिल भाषा के कवि के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुब्रमण्यम भारती की शिक्षा प्रयागराज और वाराणसी में भी हुई थी. जहां पर डॉ. एनी बेसेंट, भगिनी निवेदिता के संपर्क में आकर वे राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े तथा अंग्रेजों के खिलाफ जनमानस को तैयार करने के लिए उन्होंने अपनी मातृभाषा तमिल में राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत कविताएं लिखी। सन 1908 में अंग्रेजों ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किया, जिसके कारण वे पुडुचेरी चले गए। उनका जन्म सन 1882 में तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले के एटटायपुरम में हुआ था और मात्र 38 वर्ष की आयु में सन 1921 में दिवंगत हो गए।

# किडजी स्कूल के एनुअल फंक्शन में नन्हे मुन्नों ने मोह लिया मन

**भदोही।** नन्हे मुन्नों को एक आकर्षक भविष्य देने की पहली सीढ़ी बने हुए किडजी स्कूल भदोही का शनिवार को वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भदोही विधायक जाहिद बेग ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रव्जलित कर के किया। वार्षिकोत्सव में अपने नन्हे मुन्नों की प्रस्तुति देख अभिभावक और शिक्षक भावविभोर हुए बिना नहीं रह सके। मुख्य अतिथि विधायक जाहिद बेग ने स्कूल की कार्यशैली की तारीफ की। नन्हे मुन्नों की कलाकारी का भरपूर आनन्द लिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह नन्हे मुन्नों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत जैसे मुद्दों पर हमें एक राह दिखाने की कोशिश की है, उसको ध्यान में रखते हुए शिक्षक अभिभावक सभी इन पर अमल करें और दूसरों को भी करवाये। शानदार प्रस्तुति करने पर फहद मोईन अंसारी की पुत्री जाइरा फहद को विधायक जाहिद बेग ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर किड्जी स्कूल के डायरेक्टर नाहिद अंसारी, प्रिंसीपल प्रियंका, हाजी मोइन अंसारी, फहद मोइन सहित बच्चों के अभिभावक आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।


शानदार प्रस्तुति करने पर जायरा फहद को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते विधायक जाहिद बेग

## कार्पेट डिजाइनिंग कोर्स के लिए संपन्न हुई परीक्षा



**भदोही।** नगर के बाजार सलावत खां मोहल्ले में स्थित कला आश्रम मे कार्पेट डिजाईनिंग कोर्स के लिए रविवार को प्रतियोगिता परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमे पैतीस प्रतियोगियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था उसमे से बत्तीस प्रतियोगी परीक्षा मे शामिल हुए। संस्था मे साढ़े नौ बजे से परीक्षा प्रारम्भ हुई जिसमे तीन पेपर का लिखित और उसके बाद मौखिक परीक्षा हुआ। जिसका परिणाम कल सायंकाल तक घोषित किया जायेगा। उसमे से कुल 9 छात्रो का चयन किया जायेगा। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले संस्था के अध्यक्ष आशिफ बसर का फूलों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता मुशीर इकबाल, संस्था के उपाध्यक्ष सरफराज अहमद अंसारी, महासचिव शहाबुद्दीन अंसारी ने प्रतियोगिता मे शामिल छात्रों का हौंसला बढ़ाते हुए कला आश्रम के प्रयासो का सराहना किया। संस्था के प्रबंधक कलीम उल्लाह अंसारी ने कहा कि मंदी के दौर से गुजर रहे कालीन उद्योग को अच्छे डिजाईनर की जरूरत है। कला आश्रम का यही प्रयास है इस तरह से प्रतियोगिता आयोजित कर प्रतिभावान गरीब बच्चो को कम्पयूटर डिजाईनिंग के क्षेत्र मे दक्ष किया जाये। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने मे सर्वश्री अब्दुल नवील, शेरूल कलाम, अरविंद यादव, नौशाबा इलियास, आरिफा अंजुम, शायम अशफाक, अब्दुल राशिद, हाफिज सादिक, सुहैल अंसारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## महिलाओं के अधिकार के प्रति ऊंज महिला पुलिस ने किया जागरूक

**ज्ञानपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं सुरक्षा अपराध रोकने के लिए मिशन शक्ति के तहत उनके अधिकार के बारे में जागरूक गांव-गांव महिला पुलिस भेज कर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में ऊज थाना के महिला पुलिस यादव मुस्लिम बस्ती ऊज गांव में सुरक्षा अपराध रोकने के लिए चौपाल लगाकर उन्हें जागरूक किया। महिलाओं को अपराध रोकने के लिए 112, 1090, 181, 1076, 1930 टोल फ्री नंबर आपातकाल में इन नंबरों को फोन कर पुलिस की मदद ले सकती है। महिला बस्ती के महिलाओं नगीना बेगम, मोमिना, शाहिदा बेगम, शबाना, अनीशा आदि ने महिला पुलिसकर्मियों से गांव में बस्ती में कब्रिस्तान ना होने तथा रास्ते मार्ग में होने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस पर पुलिस कर्मियों ने कहा कि इस बस्ती की समस्या को हल निकालने के लिए जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक को अवगत कराएं तभी समस्या का हल हो सकता है।

# कार से चुराई गई 97 भेड़ें चित्रकूट से बरामद

**पांच गिरफ्तार**

### गोपीगंज पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम को मिली सफलता

### पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर एसपी ने किया खुलासा

### बरामद की गयी भेड़ों की अनुमानित कीमत पांच लाख



गिरफ्तार आरोपियों को मीडिया के सामने पेश करते एसपी डॉ. अनिल कुमार

**ज्ञानपुर।** कभी नेताओ की भैंस और बकरियां खोजने वाली यूपी पुलिस ने अब भदोही में गरीब पशुपालकों की चोरी हुई भेड़ बरामद करते हुए भेड़ चोर गिरोह के अंतराज्यीय पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 97 भेड़ों को चित्रकूट के जंगल से बरामद किया गया है। यह सफलता क्राइम ब्रांच और जिले के गोपीगंज पुलिस टीम को मिली है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मामलें का खुलासा किया।

बीते एक माह के अंदर जिले में कई गरीब पशुपालकों के काफी संख्या में हुई भेड़ चोरी ने पुलिस की नींद उड़ा रखी थी। एसपी के निर्देश पर भेड़ चोरी का मामला दर्ज कर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। बताया जाता है कि लग्जरी कार से चोर भेड़ो की चोरी करते थे। पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के पांच लोगों को गिरफ्तार करते हुए उनकी निशानदेही पर चित्रकूट के जंगलों से चोरी की 97 भेड़ बरामद कर लिया। आरोपियों के पास से एक तमंचा और एक टीयूवी वाहन बरामद किया गया है। यह गिरोह बरामद लग्जरी वाहन से भेड़ चोरी करता था। बीते माह जिले के ज्ञानपुर, गोपीगंज और औराई इलाके से भेड़ चोरी की गई थी। गिरफ्तार आरोपी खुर्शीद अंसारी जिला रीवा मध्य प्रदेश, मोहम्मद सोहराब गौसपुर थाना गोपीगंज, निगम अली निवासी कंधरा थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट हाल पता गड़रगवा जनेह रीवा मध्य प्रदेश, समीम कुरेशी थाना बारा जनपद प्रयागराज, जिन्नत खाँ पुत्र कल्लू खॉ निवासी हरदीकलां थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट के निवासी हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज सदानंद सिंह मय हमराह, स्वाट प्रभारी प्रदीप कुमार मय हमराह शामिल रहे।

# 2027 में अखिलेश के नेतृत्व में बनेगी सपा की सरकार

**बोले जावेद आब्दी**

### पत्रकार वार्ता में सपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सैय्यद जावेद आब्दी ने कहाकि मैनपुरी की जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि विपक्ष की एकता अगर रही तो 2024 में भाजपा की मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रहेगी। वह जिला पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

मौलाना आब्दी ने कहा कि आज जिस तरह से बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश ने पूरी ताकत के साथ भाजपा का सूपड़ा साफ करने का इरादा किया है उसे यह बात साबित हो रही है की 2024 में भाजपा की मोदी सरकार के अब कुछ ही दिन बाकी रह गये हैं। जावेद आब्दी ने कहा कि 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता है क्योंकि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आज पूरा विपक्ष आगे बढ़ रहा है।

अपने चाचा शिवपाल यादव की पार्टी का विलय सपा में करवा कर जो सम्मान दिया उससे भाजपा के पैरों तले जमीन खिसकती हुई भी नजर आ रही है। प्रदेश में जीएसटी के नाम पर अधिकारियों के द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने कहाकि आज पूरा प्रदेश त्राहिमाम कर रहा है और व्यापारियों के जख्मों पर मरहम लगाने के बजाय नमक लगाने का काम प्रदेश की भाजपा सरकार जीएसटी के छापे के द्वारा कर रही है। जावेद आब्दी ने कहाकि रामपुर उपचुनाव ने एक नया तरीका हम लोगों को बताया किस तरह से हम लोग अपने बूथ को मजबूत करें, और लाठी-डंडे के दम पर लोकतंत्र पर कब्जा करने वालों को कैसे जवाब दिया जाए, यह हम लोग आने वाले चुनाव में बताएंगे। इससे पूर्व जावेद आब्दी का पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप पूर्व विधायक अरशद खान, श्याम बहादुर पाल, हिसामुद्दीन शाह, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, पूनम मौर्या, श्रवण जायसवाल, रुक्सार अहमद, अनवारुल गुड्डू, शहंशाह आब्दी, अलमाश सिद्दीकी, अली मंजर डेजी, शाहनवाज सभासद, मजहर आसिफ आदि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष बने शारदा प्रसाद

**सुरियावां।** ब्लॉक के सेवाश्रम इंटर कॉलेज सुरियावां में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद भदोही (चेत नारायण गुट) के जनपदिय कार्य समिति का चुनाव अशोक श्रीवास्तव पर्यवेक्षक के देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के पद पर शारदा सिंह को चुना गया। उपाध्यक्ष के पद पर अहमदुल्लाह खान, ज्ञानचंद भारतीय,राजेश मौर्य, पंडित राम तवंकल, मंजेश सिंह पंडित, गुलाब धर मिश्र गोपीगंज, नीतम कुशवाहा, राधा त्रिपाठी, अखिलेश यादव, बृजेश सिंह, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र गुप्ता, मंत्री ऋषि सहाय पाठक, संगठन मंत्री हरिमोहन यादव, प्रचार प्रसार मंत्री गोस्वामी, संयुक्त मंत्री संजय यादव, चंदन मौर्य, मनोज सिंह, प्रेम शंकर, नीलम सिंह आय-व्यय निरीक्षक डॉक्टर सुनील सरोज व जिला कार्यसमिति व कार्यकारिणी में चुने गए। सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। प्रधानाचार्य डॉ. दिनेश प्रसाद गुप्त ने आए हुए सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर हुआ कार्यक्रम



**सुइथाकला।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की कड़ी में शासन के निर्देश पर रविवार को महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती की जयन्ती पर भारतीय भाषा उत्सव के तहत क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की कड़ी में क्षेत्र के शान्ति निकेतन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारी जहांगीर पट्टी में एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता करते हुए प्रधानाध्यापक महेश दूबे ने भाषा व राष्ट्र के उत्थान में महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती के योगदान को साझा किया। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों से महाकवि के आदर्शों को अपनाने पर बल दिया। कक्षा 8 की छात्रा ममता ने अपने राष्ट्रवादी काव्य पाठ के माध्यम से लोगों को भाव विभोर कर दिया। संचालन शिक्षक राजेश चौबे ने किया। इस दौरान राम सजीवन मौर्य समेत विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे। इसी कड़ी में रामनगर, भटौली, एकडला, बुमकहा परिषदीय विद्यालयों में भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# एसडीएम ने वापस लिया मतदाता सूची का प्रभार

**शाहगंज।** निकाय चुनाव निष्पक्ष निष्पादन हेतु विभिन्न दलों के प्रत्याशियों की ओर से मतदाता सूची में संशोधन के नाम पर गड़बड़ी के आरोपों पर उपजिलाधिकारी अंकित कुमार ने बड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम ने शिकायत का केंद्र रहे रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार श्रीवास्तव से मतदाता सूची का प्रभार वापस लेकर अशोक मिश्रा के सुपुर्द कर दिया। बीते गुरुवार को सपा नेता वीरेंद्र सिंह बंटी के नेतृत्व में सभासद और अध्यक्ष पद के दावेदारों ने एसडीएम अंकित कुमार से रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार श्रीवास्तव की शिकायत की थी। आरोप था कि उनके द्वारा मतदाता सूची में पालिका क्षेत्र के बाहरी लोगों के नामों को जोड़ने और मौजूदा मतदाताओं के नाम हटाने का काम किया जा रहा है। एसडीएम से जांच कराकर रजिस्ट्रार कानूनगो से मतदाता सूची का कार्य वापस लेकर किसी और को देने की अपील की थी। एसडीएम ने बताया कि कुछ प्रत्याशियों को रजिस्ट्रार कानूनगो को लेकर आपत्ति थी। इसलिए निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए अशोक मिश्रा को मतदाता सूची के संबंधित जिम्मेदारी दी गई है। अशोक मिश्रा पहले संग्रह अमीन थे और अब उन्हें रजिस्ट्रार कानूनगो का पद दिया गया है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

## मिठाई की दुकान में लगी आग, हड़कम्प

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गोपपुर तिराहे के पास गैस सिलेंडर में रिसाव के चलते आग लगने के कारण हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि गोपपुर मिजार्पुर चौराहे पर बउ मोदनवाल की मिठाई की दुकान स्थित है। जहां देर रात सिलेंडर लीकेज होने के कारण उसमें आग पकड़ लिया और देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया, जिससे पूरा दुकान आग की चपेट में आ गया। आग लगने से जहां हजारों रुपए मूल्य के सामान जलकर राख हो गए। दुकान में रखे अन्य सामान भी जलकर खाक हो गए। घटना की जानकारी होते ही आसपास के व्यापारी राहगीरों ने किसी तरीके से आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद फायर बिग्रेड के जवान भी मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया। अगलगी की घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि दुकानदार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है ऐसे में प्रशासन द्वारा मदद की मांग की गयी है।

# संगत पंगत ने आयोजित किया सम्मान समारोह

**जौनपुर।** संगत पंगत द्वारा कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित ऑडिटर शिवशंकर श्रीवास्तव एडवोकेट का रविवार को सम्मान समारोह तारापुर कॉलोनी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने किया तथा संचालन जिला महासचिव सुलभ श्रीवास्तव ने किया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कायस्थ कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष व संगत पंगत के संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव डीओ ने कहा कि समाज में जो जिस क्षेत्र में आगे बढ़ता है उसका सम्मान करने से पूरे समाज का सम्मान बढ़ता है। संरक्षक आरडी श्रीवास्तव ने कहाकि आज विभिन्न क्षेत्रों में कायस्थ समाज के लोग चुनाव जीतकर लोग आगे आ रहे है जो हर्ष की बात है। राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच के अध्यक्ष दयाशंकर निगम ने कहा कि संगत पंगत के लोग जो समाज के सुख-दुःख में शामिल होकर एक मिसाल कायम कर रहे है। दीवानी अधिवक्ता संघ के ऑडिटर अतुल ने कहा कि अधिवक्ता समाज ही समाजहित के लिए कार्य करता है। संरक्षक दयाल सरन ने कहा कि आज समय की मांग है सभी संगठनों को एक मंच पर आना होगा। जिलाध्यक्ष पंकज ने कहा कि संगत पंगत समाजहित के लिए कार्य कर रहा है व करता रहेगा। पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित ऑडिटर शिवशंकर को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व माल्यापर्ण कर जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह में मनोज श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट, अनिल श्रीवास्तव, अनीस, हरिशंकर श्रीवास्तव, महेंद्र गुप्ता, अरविंद सिंह एडवोकेट, राहुल सिन्हा, राकेश श्रीवास्तव, महिला जिलाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।



### सुधाकर जिलाध्यक्ष व प्रमोद जिला मंत्री निर्वाचित

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जनपदीय कार्यकारिणी का चुनाव नगर पालिका इंटर कालेज में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ जिसमें सुधाकर सिंह जिलाध्यक्ष तथा प्रमोद कुमार सिंह को जिलामंत्री निर्वाचित घोषित किया गया। निवर्तमान कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने सुधाकर सिंह को अध्यक्ष एवं प्रमोद कुमार सिंह को मंत्री पद पर पुनः निर्वाचन का प्रस्ताव किया जिसका उपस्थित शिक्षक प्रतिनिधियों ने समर्थन किया। परिणाम को घोषित करते हुए चुनाव अधिकारी वाराणसी मंडल मंत्री वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पचास से अधिक शाखा इकाई द्वारा व्यक्त राय के आधार पर जिला अध्यक्ष एवं जिलामंत्री को निर्वाचित घोषित किया गया है। मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंह तथा प्रांतीय मंत्री अजय प्रकाश सिंह ने नयी कार्यकारिणी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## संक्षेप

### नगर पंचायत कार्यालय के नाक के नीचे गंदगी का अंबार

**सुरियावां।** नगर के प्रसिद्ध रामलीला मैदान जो नगर पंचायत कार्यालय सुरियावा के ठीक सामने है और वहां जो है उस मैदान पर पूरी तरह से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कार्यालय के ठीक बगल में आयुर्वेदिक चिकित्सालय है उसके पीछे भी गन्दगी है। जहां नगर पंचायत सफाई अभियान चलाकर जगह-जगह कार्य किया है वही अपने नाक के सामने कि जो है गंदगी को छोड़ दिया है। रामलीला मैदान सफाई को लेकर व्यवस्था सही ना होने से रामलीला समिति के पदाधिकारी अवधेश कुमार उमर वैश्य, समाजसेवी जतन गुप्ता, विशाल, राकेश कुमार, रवि कुमार, सुरेंद्र कुमार, मोहनलाल आदि लोगों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नगर पंचायत के सामने स्थित रामलीला मैदान की सफाई कराने की मांग की है।

### जरूरतमंदों को किया गया कंबल वितरण

**ज्ञानपुर।** ठंड की दस्तक शुरू हो गयी है। गरीब, बेसहारा, जरूरतमंदों के लिए यह कठिन समय होता है। लेकिन कहते हैं न कि ईश्वर इस धरती पर किसी न किसी को निमित्त बनाकर जरूरतमंदों का ख्याल रखते हैं। बता दें कि गोपीगंज थाना क्षेत्र के खानापुर गाँव में निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव जोगेंद्र बिंद ने असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे करीब दो सौ महिलाओं बुजुर्गों को कंबल वितरण किया गया। जोगेंद्र बिंद ने बताया कि गरीब असहाय लोगों की सेवा करना चाहिए। इस मौके पर डॉ. जेएस बिंद, पवन पांडेय, अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि राज कुमार बिंद, जहपट बिंद सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### टोल प्लाजा पर संचालक ने सर्विस लेन के साथ बंद कराया कट प्वाइंट

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के लाला नगर स्थित टोल प्लाजा प्रबंधन द्वारा सर्विस लेन के साथ अगल बगल गांव की ओर से आने वाले कट प्वाइंट को बंद करा देने से लोकल वाहनों को भी अब फास्ट टैग की मार झेलना पड़ेगा। टोल प्रबंधन द्वारा की गई इस कार्रवाई से लोगों मे नाराजगी बढ़ रही है। टोल प्लाजा प्रबंधन द्वारा टोल बूथ पर लोकल वाहनों के साथ वी आई पी के लिए बना सर्विस लेन रविवार को अचानक बंद करा दिया गया जो विवाद का कारण बन गया है। सर्विस लेन बंद कर देने से लोकल वाहनों को फास्ट टैग वाले बूथ से जाना होगा, जिसके चलते उन पर अनावश्यक बोझ बढ़ जाएगा। जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा स्थानीय वाहन के लिए मासिक पास की व्यवस्था की गयी है। अब सर्विस लेन बंद करने से अनावश्यक विवाद का कारण बन जाएगा।

### गीतांजलि ने बच्चों में किया ऊनी वस्त्रों का वितरण



**जौनपुर।** जनपद की रचनात्मक एवं सामाजिक संस्था गीतांजलि जौनपुर अपने विगत सामाजिक कार्यों के 51 वर्षों की परंपरा की कड़ी में इस वर्ष भी ऊनी वस्त्रों का वितरण पूर्वांचल विश्वविद्यालय के निकट जासोपुर चकिया (वनवासी बस्ती) में गरीब बच्चों को गीतांजलि संस्था के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदान किया गया। इसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष ब्रह्मेश शुक्ला, महासचिव अमन सहगल, कोषाध्यक्ष पवन सोनी सांस्कृतिक सचिव अशोक मौर्य, पूर्व अध्यक्ष शशि श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सोनी, वरिष्ठ उपाध्याक्ष नीरज शाह, रूपनारायण माली, मनोज तिवारी, प्रमोद गुप्ता, विनोद पाठक, संतोष साहू, अमित सोनी, रमन सोनी, धर्म सेन सिंह, उद्धव शाह आदि संस्था के सभी सदस्यों का विशेष योगदान इस कार्यक्रम में रहा। संचालन पूर्व अध्यक्ष महेंद्र देव विक्रम ने किया।

### वालीबॉल में ऊंज ने सीतामढ़ी को पटखनी देकर बने प्रथम विजेता

**भदोही।** ऊंज क्षेत्र के गोपालापुर कलिजरागांव में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एक दर्जन टीमें ने अपना नामांकन कराया। वालीबाल खेल प्रारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार त्रिपाठी ने फीता काटकर कर खिलाडि?ों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल जरूरी है। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है। खेलों से हमें अनुशासन की शिक्षा सीख मिलती है। हर खेलों में वालीबाल खेल का अलग आनंद है। अच्छा प्रदर्शन कर गांव प्रदेश का नाम रोशन करें। खेल प्रारंभ कवलापुर व सेमराघ के बीच मुकाबला चला। जिसमें कवलापुर विजेता बना। इसी तरह बरईपुर बनाम सरपतहा के बीच मुकाबला हुआ। सरपतहा विजेता बना। ऊज बनाम सीतामढ़ी के बीच मुकाबला हुआ जिसमें ऊज विजेता बना। इस मौके विजेता टीम को आयोजक संजय कुमार मिश्रा व राम अवध मिश्रा प्रथम एव द्वितीय टीम को पुरस्कृत किया। वालीबाल संघ के जिलाध्यक्ष सृष्टि नारायण सिंह, सुभाष चंद्र यादव, अरुणा कुमार मिश्रा, महेंद्र तिवारी, माता स्वरूप शुक्ला, कोमल मिश्रा, अमित सिंह, छोटे लाल मिश्रा, शोभनाथ तिवारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### भाषा लोगों को जोड़ने का भी माध्यम : जिला विद्यालय निरीक्षक



**जौनपुर।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में जनक कुमारी इंटर कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती का जन्मदिन उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव रहे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि हमारे मुख में जो जिह्वा है वही हमारी भाषा का स्रोत है, भाषा लोगों को जोड़ने का भी माध्यम है। भाषा के विकास को हम सुदृढ़ एवं समृद्ध नहीं बना पा रहे हैं। कई ऐसे व्यक्ति हैं जो इस को सुदृढ़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं इन्हीं में से एक थे। सुब्रह्मण्यम भारती जिन्होंने अनेक भाषाओं पर अल्प समय में ज्ञान प्राप्त किया। सुब्रमण्यम भारती एक समाज सुधारक, चिंतक, स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले एवं महाकवि थे। इनके जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए। ऐसा माना जाता है कि उन्होंने उत्तर भारत और दक्षिण भारत को जोड़ने के लिए एक सेतु का कार्य किया, क्योंकि बाद में उनका कुछ समय वाराणसी व इलाहाबाद में व्यतीत किया। कार्यक्रम में जनपद के अनेक विद्यालय के छात्र-छात्राएं अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे। जन्मदिन पर जनक कुमारी इंटर कॉलेज, मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जौनपुर के छात्र छात्राओं एव अध्यापक अध्यापिकाओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। जैसा कार्यक्रम का नाम भारतीय भाषा उत्सव तो उपस्थित लोगों में अनेक लोगों ने अलग-अलग भाषाओं में भी अपने विचार व्यक्त किए। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की डॉक्टर सूचि श्रीवास्तव ने संस्कृत में, आदर्श वर्मा अंग्रेजी में, मोहम्मद हसन इंटर कालेज के अनवर अल्वी ने उर्दू में अपने विचार व्यक्त किए। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. जंग बहादुर सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया एवं सुब्रमण्यम भारती के जीवन चरित्र से उनके मार्ग पर चलने के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में जनक कुमारी इण्टर कॉलेज के अध्यापक जवाहर सरोज, विजेंद्र प्रसाद, संजय सिंह, मोहम्मद जकरिया, तेज बहादुर प्रजापति, आरती श्रीवास्तव, संयुक्तलता श्रीवास्तव, सुहासिनी मिश्रा व अनेक अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जनक कुमारी इंटर कॉलेज के अध्यापक विपनेश कुमार श्रीवास्तव ने किया।

### सौ छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा देने में पंकज ने बढ़ाया हाथ

**बदलापुर/सिंगरामऊ।** मुम्बई के उद्योगपति मरगुपुर निवासी पंकज सिंह बन्टी ने रविवार को सिंगरामऊ बाजार में स्थित मेजर अमर बहादुर सरस्वती सिंह गर्ल्स इंटर कालेज में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ एक कक्ष का शिलान्यास किया। इसके पूर्व के विद्यालय परिसर में पहुंचने पर माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। मेजर अमर बहादुर सरस्वती सिंह गर्ल्स इंटर कालेज के मैनेजिंग डायरेक्टर ज्ञानंजय सिंह अमित द्वारा विद्यालय की हाईस्कूल की सौ छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा देने के अभियान में पूर्णतया सहयोग करते हुए मरगुपुर निवासी व मुम्बई के उद्योगपति पंकज सिंह (बंटी) ने बालिकाओं के लिए डिजिटल रूम बनाने के लिए एक कक्ष का शिलान्यास किया। उन्होंने बालिकाओं को डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दान स्वरूप एक लाख रुपये विद्यालय के प्रबंधक डॉ. संजय सिंह को प्रदान किया। युवा नेता व उद्योगपति के इस कार्य की लोगों ने भरपूर प्रशंसा की। हाईस्कूल में सौ बालिकाओं को भी निःशुल्क शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए सिंगरामऊ स्टार्स व विद्यालय परिवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस आयोजन में सिंगरामऊ प्रधान विनय सिंह पिंटू, गिरी बरनवाल, संतोष, पिंटू जायसवाल, आशू सोनी, अरविंद दुबे सहित विद्यालय परिवार के अन्य लोग उपस्थित रहे।



# शिक्षा के साथ सामाजिक ज्ञान का दूसरा नाम गुरुनानक कॉलेज

**मंजीत सिंह नय्यर से खास मुलाकात**

**चेन्नई के गुरुनानक कॉलेज ने कोविड कॉल में पूरी तल्लीनता के साथ लगभग ढाई हजार लोगों को कॉलेज में स्थान देकर उनकी देखभाल की**

**पारदर्शिता का संदेश देते हुए इस कॉलेज ने प्रवेश प्रक्रिया में फॉर्म जमा करने से लेकर प्रवेश लेने तक के सिस्टम को ऑनलाइन किया**

**कॉलेज की कोर टीम में शामिल सभी एक्सपर्ट की बेहतरीन कार्यशैली से शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार इजाफा हो रहा**



अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

**वाराणसी।** चेन्नई स्थित गुरुनानक कॉलेज में शिक्षा के साथ छात्रों को सामाजिकता का ज्ञान भी उसी पद्धति के साथ दिया जाता है। जिससे की वह समाज को शिक्षा व सामाजिकता के साथ एक सूत्र में पीरो सकें। गुरुनानक कॉलेज के के महासचिव और संवाददाता मंजीत सिंह नैय्यर ने रविवार को जनसंदेश टाइम्स के साथ इस बात का साझा किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में कॉलेज में कुल सात हजार आठ सौ छात्र हैं जो सैकड़ों छात्र शिक्षा ग्रहण कर विभिन्न कंपनियों में कार्य करते हुए समृद्ध राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहें हैं।

जनसंदेश टाइम्स के खास मुलाकात कार्यक्रम में वार्ता करते हुए मंजीत सिंह ने बताया कि शिक्षा की नई दिशा के साथ समाज को गति देने के उद्देश्य से वर्ष 1971 में गुरु नानक कॉलेज की स्थापना की गई थी। कॉलेज स्थापना का मुख्य उद्देश्य का नेक मिशन सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि, जाति, पंथ या धर्म के बावजूद सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना था। उन्होंने भारतीय उच्च शिक्षा के भविष्य और गुरु नानक कॉलेज की भविष्य की योजनाओं के बारे में भी बताया, और कहा कि मेरा मानना है कि किसी भी कॉलेज में शिक्षा के साथ सामाजिकता का ज्ञान बेहद जरुरी है, जीवन में सिर्फ किताबी ज्ञान से कोई भी अपने जीवन को मार्ग दर्शित कर सकता है लेकिन सामाजिक ज्ञान से वह समाज को नई दिशा देने की पहल कर सकता है।

## छह सौ बच्चों को नि:शुल्क भोजन

मंजीत सिंह बताते हैं कि कॉलेज परिसर में एक गुरुद्वारा भी जहां अरदास सहित शबद कीर्तन की पूरी परम्परा निभायी जाती है। बताया कि इस स्थान पर लंगर के लिए कॉलेज का पूरा सहयोग है। कॉलेज की ओर से ही इस लंगर को चलाया जाता है जहां लगभग छह सौ बच्चों को रोजाना नि:शुल्क भोजन कराया जाता है।

## कोर टीम ने बढ़ाया कॉलेज का मान

मंजीत सिंह बताते हैं कि गुरुनानक कॉलेज को आज नई दिशा देने में उनही कोर टीम का विशेष सहयोग है। टीम के सदस्यों के कंधे पर जिसकी जिम्मेदारी है, उसे वह बाखूबी निभाते हैं। उनकी कोर टीम में डा.स्वाति पॉलिवाल हैं जो कालेज के डीन स्कूल आफ लैंग्वेज और आईक्यूएसी की समन्वयक हैं। डा.सावित्री है जो डीन ऑफ एकेडमिक हैं इसके साथ ही वाइस/प्रिन्सीपल की भी जिम्मेदारी डा.सावित्री भली भांति निभा रही हैं। डा.डॉली नोडल के रुप में कॉलेज की सभी जिम्मेदारियों को निभाती हैं डा डॉली कॉलेज में हिन्दी विभाग में प्रोफेसर हैं। हिन्दी भाषियों के लिए इनकी सहभागिता विशेष है। इसके साथ ही डा.मनोज कुमार पांडेय, डा.प्रेम का भी विशेष सहयोग है।



मंजीत सिंह के साथ गुरुनानक कालेज की कोर टीम के सदस्य

## कोविड में कॉलेज ने दिया सामाजिकता का संदेश

मंजीत सिंह बताते हैं कि कोविड का वह दौर जब लोगों ने हिम्मत हार कर अपनी सुरक्षा को ही धर्म और कर्तव्य समझ रहे थे तब गुरुनानक कॉलेज की टीम ने 45 दिनों तक कुल ढाई हजार लोगों की सेवा की वह भी पूरे तन और मन के साथ, बताया कि उस दौर में जहां जहां से लोग आये सभी को कॉलेज में आश्रय दिया गया। इतना ही नहीं खाना, नाश्ता, रहने के साधन सहित दैनिक दिनचर्या के सभी साधन कॉलेज की ओर से उपलब्ध कराया गया। इतना ही नहीं उस दौर में विभिन्न अस्पतालों में भर्ती लगभग तीन हजार लोगों को भी भोजन, नाश्ता उपलब्ध कराया गया। कॉलेज के पूरे माहौल को ऐसी दिशा दी गयी कि रुके हुए लोगों को एक घर सरीखा लगे। गुरुनानक कॉलेज के इस सार्थक कदम के लिए मुख्यमंत्री सहित केंद्रीय मंत्रियों ने सराहना की थी। वह बताते हैं कि वर्ष 2015 में चेन्नई में आये प्राकृतिक आपदा में भी उनकी टीम ने लोगों के मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया था।

## 72 तरह के स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम

मंजीत सिंह बताते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से चलाये जा रहे स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम को गुरुनानक कॉलेज में तीन वर्ष पूर्व से ही संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी छात्रों को उनके स्किल के विकास के अनुरुप शिक्षा दी जाती है। वर्तमान समय में देश के हर हिस्से में छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है।

# लीजिए, आ गई दुनिया की सबसे महंगी दवा



**हाल ही में अमेरिकी के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने हेमजेनिक्स नाम की दवा को देश में बिक्री की अनुमति दे दी है। यह एक जीन थेरेपी है जो 'हीमोफीलिया बी' बीमारी के इलाज के लिए दी जाती है। हीमोफीलिया बी बहुत अनजान लेकिन बहुत खतरनाक बीमारी है जो खून के जमने को मुश्किल बना देती है। इसे बनाने वाली कंपनी सीएसएल बेहरिंग ने अमेरिका में इसकी एक डोज की कीमत 35 लाख डॉलर (करीब 28.84 करोड़ रुपये) तय की है।**

करीब चालीस हजार लोगों में एक इंसान को 'हीमोफीलिया बी' बीमारी होती है। ये बीमारी पुरुषों में अधिक होती है क्योंकि अधिकांश महिलाओं में इसके लक्षण नहीं पाए जाते। हीमोफीलिया दो प्रकार का होता है ए और बी। ये जेनेटिक कोड में गड़बड़ी के चलते होता है। हीमोफिलिया एक जेनेटिक बीमारी है जिसके कारण खून ठीक से नहीं जमता। इसकी वजह से बीमार व्यक्ति के शरीर में खून जमने के लिए जरूरी प्रोटीन नहीं बन पाता, जो कि जानलेवा रक्तस्त्राव का कारण हो सकता है। इस प्रोटीन का नाम है फैक्टर 9 जो ब्लड प्लाज्मा में होता है। अब तक ऐसे मरीजों को कई हफ़्ते तक फैक्टर 9 के इंजेक्शन लेने पड़ते थे। नई थेरेपी में लैब में बने एक वायरस का इस्तेमाल किया जाता है जिसमें ऐसा जीन होता है जो फैक्टर 9 का निर्माण करता है। हीमोफीलिया के कम गंभीर, गंभीर और अति गंभीर 57 मरीजों पर किए गए दो अध्ययनों में पता चला है कि सिंगल डोज वाली हेमजेनिक्स दवा इस बीमारी से लड़ने में कारगर है। सीएसएल बेहरिंग के अनुसार, जिन लोगों का हेमजेनिक्स से इलाज किया गया, उनमें दो साल तक फैक्टर 9 में वृद्धि और घाव के प्रति सुरक्षा देखी गई है। हालांकि इसकी पुष्टि करने में दशकों लगेंगे कि यह इलाज स्थाई है। फिलहाल इन नतीजों को ठोस माना जा रहा है। एफडीए ने कहा है कि नई दवा हीमोफीलिया बी के मरीजों में फैक्टर 9 बढ़ाने में मदद करेगी, और रक्तस्त्राव के खतरे को कम करेगी। इसकी एक डोज की कीमत 35 लाख डॉलर ने इसे दवा की दुनिया में सबसे महंगा बना दिया है। इंस्टीट्यूट फॉर क्लीनिकल एंड इकोनॉमिक रिव्यू एक स्वतंत्र संस्था के रूप में दवाओं और अन्य मेडिकल उत्पादों की कीमत का आंकलन करती है। इसके मेडिकल डायरेक्टर डेविड रिंड के मुताबिक, बाजार में उपलब्ध अन्य सिंगल डोज वाली जीन थेरेपी दवाओं, जैसे जाइनटेग्लो (28 लाख डॉलर) और जोल्गेंज्मा (21 लाख डॉलर) के मुकाबले हेमजेनिक्स कहीं ज्यादा महंगी है। जाइनटेग्लो बीटा थैलेसीमिया के लिए जबकि जोल्गेंज्मा स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी के इलाज में दी जाती है। उनके मुताबिक, हेमजेनिक्स की कीमत हमारे हिसाब से 29.3 लाख डॉलर से 29.6 लाख डॉलर के बीच होनी चाहिए। रिंड के अनुसार, ये देखने में आता है कि जीन थेरेपी के लिए कंपनियां ऊंचे दाम लेती हैं, खासकर उन दवाओं के लिए जो असरदार हैं। लेकिन कुछ भी हो, क्या कारण है कि इस दवा का दाम इतना अधिक है? फोर्ब्स मैग्जीन के मुताबिक, साल 2020 में सीएसएल बेहरिंग ने इस थेरेपी के लाइसेंस और मार्केटिंग के लिए इसके शुरूआती डेवलपर यूनीक्योर को 45 करोड़ डॉलर दिए थे। कंपनी ने 2026 तक इस दवा की बिक्री से 1.2 अरब डॉलर कमाने का लक्ष्य रखा है। बॉयोटेक कंपनी ने अपने एक बयान में कहा है, ₹इस दवा की कीमत इसके क्लीनिकल, सामाजिक, आर्थिक और इनोवेटिव वैल्यू को देखते हुए रखी गई है। कंपनी का कहना है कि चूंकि यह सिंगल डोज थेरेपी है, इसकी कीमत बीमारी के इलाज में पहले से इस्तेमाल किए जा रहे इंजेक्शन से कम ही है। अनुमान है कि एक मरीज की पूरी ज़िंदगी में पुरानी पद्धति के इलाज पर दो करोड़ डॉलर का खर्च आता है। कंपनी का कहना है कि पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था पर इस बीमारी से पड़ने वाले आर्थिक बोझ को ये बहुत हद तक कम कर देगा। सीएसएल बेहरिंग ने अमेरिकी बाजार में अगले सात सालों तक इस दवा के वितरण का अधिकार सुरक्षित करा लिया है। असल में इतनी अधिक कीमत आम तौर पर सरकार और हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां वहन करेंगी। उत्तर अमेरिकी देश में फार्मास्युटिकल कंपनियों को दुर्लभ बीमारियों के इलाज खोजने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और इसके एवज में दामों पर कोई नियंत्रण नहीं रखा जाता। इस क्षेत्र में विशेषज्ञ संस्था साइंस अलर्ट के मुताबिक, इसका मतलब ये हुआ कि अमेरिका दुनिया के किसी अन्य देश के मुकाबले दवाओं पर दो से छह गुना अधिक खर्च करता है। हालांकि अन्य देशों में हेमजेनिक्स की कीमत नहीं तय की गई है लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि वहां इससे तो कम ही कीमत होगी। (बीबीसी से साभार)

**हेमजेनिक्स है नाम, कीमत है 29 करोड़ रुपए प्रति डोज**

**'हीमोफीलिया बी' जैसी लाइलाज बीमारी में रामबाण है**

# सात घंटे चली शूटिंग, अस्पताल के बाहर जमी भीड़

**मण्डलीय अस्पताल में सात घण्टे तक चला कैमरा, एक्शन व कट**

**फिल्म भोला की शूटिंग लोगों ने देखी, शिवाला में भी शूट हुई फिल्म**



**वाराणसी।** मण्डलीय अस्पताल में रविवार को फिल्म भोला में एक डॉक्टर बनी हीरोइन से अजय देवगन उर्फ भोला के प्यार होने और डॉक्टर से मिलने आने की सीन को दिखाने के लिए सात घण्टे तक कैमरा, एक्शन-कट के पश्चात पूरा हुआ। इस दौरान सुबह से ही अस्पताल के आसपास लोगों की भारी भीड़ लगी थी। बनारस में कई दिनों से अजय देवगन की फिल्म भोला की शूटिंग चल रही है। जिले के दशाश्वमेघ, गंगा उस पार जेटी, रामनगर समेत तमाम जगहों पर फिल्म का शूटिंग किया जा चुका हैं। रविवार को कबीरचौरा स्थित मण्डलीय अस्पताल फिल्म भोला की शूटिंग में हीरोइन अमला पाल एक ऑर्थो (हड्डी की डॉक्टर) की भूमिका में है। वह अस्पताल के बहिरंग विभाग के कमरा नंबर ग्यारह जो रियल में हड्डी के डॉक्टर का ही कक्ष है। उसमें बैठकर मरीज देख रही थी। उसके प्यार में दीवाना भोला यानी हीरो अजय देवगन उससे मिलने के लिए कमरे में जाते हैं। इसी सीन को दिखाने के लिए सुबह सवा छह बजे से 300 शूटिंग कर्मियों ने सात घण्टे तक कैमरा, एक्शन कट का सामना करते हुए फिल्माया गया। इस दृश्य को देखने के लिए लोगों का हुजूम अस्पताल के आस-पास घन्टों लगा रहा। कई बार भीड़ को नियंत्रित करने को पुलिस को लाठी भी भांजनी पड़ी। कबीरचौरा मंडलीय चिकित्सालय में शूटिंग के बाद फिल्म यूनिट गोदौलिया स्थित एक होटल पहुंची। यहां से सायंकाल शिवाला घाट पर फिल्म की शूटिंग की गई।



# मुझे सीएम योगीजी से मिलना है...

**काशी परिक्रमा**

राधेश्याम कमल

रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर सिगरा में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज कार्यक्रम में रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आने वाले थे। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर के सभागार के बाहर पुलिस वालों ने इलेक्ट्रानिक व प्रिंट मीडिया वालों को यह कह कर रोक दिया कि मीडिया नॉट एलाउड। अगला आदेश आने पर आप सभी की इंट्री दी जायेगी। लिहाजा मीडियाकर्मी गेट पर खड़े होकर इंतजार कर रहे थे। इस बीच वहां एक बालिका पहुंची और पुलिस कर्मियों की ओर मुखातिब होकर कहा-मुझे सीएम योगी से मिलना है। उसके सहज भाव को देख कर सभी पुलिस कर्मियों के साथ ही मीडिया कर्मियों को भी हंसी गई। पुलिसकर्मियों ने कहा कि बेटा वापस लौट जाओ योगी जी मिलना इतना आसान नहीं है। लेकिन बालिका भी अपनी जिद पर अड़ी रही। उसकी जिद को देख कर मीडियाकर्मियों ने पुलिसकर्मियों से रिक्वेस्ट किया कि कम से कम बालिका को तो अंदर जाने दीजिये। बालिका भी मीडिया कर्मियों से कहने लगी कि आप लोग मेरा सपोर्ट कीजिये। मुझे भी जर्नलिस्ट बनना है। काफी देर तक खड़े होने पर भी पुलिसकर्मियों ने उसे अंदर नहीं जाने दिया।

## लगता है सभी को बड़ी भूख लगी है...

रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर सिगरा में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी का रूख भोजन की थाली की ओर हो गया। भोजन के लिए महिलाओं व पुरुषों के अलावा युवतियों की लंबी कतारें लग गई। हर कोई प्लेट व चम्मच लेने की जुगत में था। कई लोग इसमें ऐसे भी थे जो बीच में ही लाइन में लग जा रहे थे। कोई कचौड़ी-जलेबी लेने के लिए जद्दोजहद कर रहा था तो कोई दाल-चावल, सब्जी, मलइयो व आइसक्रीम की जुगाड़ में था। बहरहाल इतनी भीड़भाड़ को देख कर किसी ने कमेंट किया- लगता है सभी को बड़ी भूख लगी है। भई, लंच का टाइम तो हो ही गया है।

## ये फिल्म की शूटिंग नहीं, नौटंकी है

गोदौलिया पर फिल्म एक्टर अजय देवगन की फिल्म भोला की शूटिंग चल रही थी। चारों तरफ पुलिसकर्मियों का बोलबाला रहा। किसी को उस रास्ते से जाने भी नहीं दिया जा रहा था। एक तरफ गंगा घाट जाने वाले स्नानार्थी बेचारे भी परेशान थे। वहीं दूसरी तरफ स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चे भी यह सोच कर परेशान थे कि आज वह समय से स्कूल नहीं पहुंच पायेंगे। लिहाजा डांट तो सुननी ही पड़ेगी। इस शूटिंग के दौरान एक महिला अपने छोटे बच्चे का हाथ पकड़ कर गोदौलिया चौराहे से पैदल ही ले जा रही थी। बच्चा भी पीठ पर बैग लटकाये थे। लड़का बोला-मम्मी इ सब क्या हो रहा है। इस पर उसकी मम्मी ने कहा कि बेटा ई फिल्म की शूटिंग नहीं नौटंकी चल रही है। तुम जल्दी-जल्दी पैर बढ़ाओ। स्कूल भी पहुंचना है।